लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

सोमवार 18 अगस्त, 2025 | पेज : 14 | मूल्य : ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष : 16, अंक : 301 | www.janexpresslive.com/epaper



डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के... 05

# 11000 करोड़ की सौगात

## पीएम बोले, पहले फाइलों में, अब जमीन पर होता है काम, द्वारका एक्सप्रेसवे, ईआर–2 का उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया किया। इन परियोजनाओं में दिल्ली खंड का द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड–2 (यूईआर–2) शामिल हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थित रहे। इस दौरान पीएम ने मुंडका में रोड शो किया, जिसमें उन्होंने लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान लोगों में भारी उत्साह नजर आया।



### दिल्ली विकास की क्रांति की साक्षी बनी : पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा, थोड़ी देर पहले दिल्ली को द्वारका एक्सप्रेस वे और अर्बन एक्सटेंशन रोड की कनेक्टिविटी मिली है। इससे दिल्ली के, गुरुग्राम के और पूरे एनसीआर के लोगों की सुविधा बढ़ेगी। दफ्तर आना–जाना, फैक्ट्री आना–जाना और आसान होगा, सभी का समय बचेगा। हमारे व्यापारी, कारोबारी और किसानों को विशेष लाभ होने वाला है। नए एक्सप्रेसवे का सभी को लाभ मिलेगा। पूरे एनसीआर के लोगों को फायदा होगा। दिल्ली विकास की क्रांति की साक्षी बनी। आज का भारत क्या सोच रहा है, उसके सपने और संकल्प क्या हैं? ये सबकुछ आज पूरी दुनिया अनुभव कर रही है।

### 'भारत का हर प्रदेश बराबरी का हिस्सेदार'

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, दिल्ली की मुख्यमंत्री होने के नाते मैं आपके(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) नेतृत्व में बिताए गए 5 महीने के गहरे प्रशासनिक अनुभव के आधार पर ये कह सकती हूं कि आप देश के वो दूरदर्शी नेता है जिनकी सोच में भारत का हर नागरिक शामिल है। जिनकी नीति में भारत का हर प्रदेश बराबरी का हिस्सेदार है। जिनके संकल्प में भारत का हर नागरिक अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है। आप वह शक्ति हैं जिसने राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखा।

### 'भारत के लिए ऐतिहासिक और यादगार दिन'

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा, आज का दिन हरियाणा के साथ–साथ पूरे उत्तर भारत के लिए ऐतिहासिक और यादगार दिन है। यह दिन हरियाणा और विशेषकर एनसीआर के विकास के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों द्वारा दिल्ली और हरियाणा में 11,000 करोड़ रुपए की लागत की 6 सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन हो रहा है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इन परियोजनाओं के लिए धन्यवाद करता हूं।

### दीवाली पर डबल बोनस मिलेगा : मोदी

पीएम ने कहा– हमारे लिए सुशासन का मतलब है। जिसका हम विस्तार कर रहे हैं। आने वाले समय में ये हम लगातार जारी रखने वाले हैं। इसी कड़ी में जीएसटी में नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म होने जा रहा है। दीवाली में डबल बोनस मिलने वाला है। हमने इसका पूरा प्रारूप राज्यों को भेज दिया है। मैं आशा करता हूं कि सभी राज्य सरकार का सहयोग करेंगे। जल्द से जल्द इस प्रक्रिया को पूरा करेंगे।

### जम्मू–कश्मीर के कठुआ में बादल फटने से तबाही, सात लोगों की मौत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** जम्मू–कश्मीर के कठुआ जिले में रविवार तड़के बादल फटने और भूस्खलन की दो अलग–अलग घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। जिले में रात भर हुई भारी बारिश के बीच राजबाग और जंगलोट के जोध घाटी गांव में यह आपदा आई। कठुआ के जिला विकास आयुक्त राजेश शर्मा वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ बचाव और राहत अभियान की निगरानी के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।










































एक्सप्रेस खबरें...

### विहिप बजरंग दल ने आयोजित किया अखंड भारत संकल्प दिवस कार्यक्रम



**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल शिवरामपुर प्रखंड के तत्वाधान में अखंड भारत संकल्प दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रांत समरसता टोली के सदस्य रामशरण तिवारी, प्रांत प्रचार-प्रसार प्रमुख टोली सदस्य अमित मिश्रा, विभाग संयोजक अजय यादव, जिलाध्यक्ष राजेंद्र त्रिवेदी, आरएसएस के नगर सह कार्यवाहक श्याम सिंह, जिला सह मंत्री सिद्धार्थ पाण्डेय, जिला कोषाध्यक्ष जमुना, जिला सह संयोजक शिवेंद्र प्रताप, जिला बालोपासना मूलचंद, नगर मंत्री धर्मेंद सिंह, प्रखंड से अमित श्रीवास्तव, प्रखंड मंत्री अवधेश, प्रखंड सह संयोजक प्रिंस पाण्डेय, प्रखंड मिलन प्रमुख सतेंद्र नामदेव, पूर्व सैनिक वंश गोपाल ओझा, सुधांशु अग्रहरि, धनराज पटेल, शिवकुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### केनरा बैंक द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को दी गई छात्रवृत्ति

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** केनरा विद्या ज्योति योजना के अंतर्गत केनरा बैंक शाखा चित्रकूट द्वारा शिक्षा के प्रसार और प्रतिभाओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से बजरंग इण्टर कॉलेज में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के चेक प्रदान किए गए। कार्यगक्रम में शाखा प्रबंधक स्कंध कुमार भारतीय ने कहा कि शिक्षा ही सच्ची पूंजी है, जो जीवन और समाज दोनों को प्रगति के पथ पर अग्रसर करती है। इस मौके पर अवनीश श्रीवास्तव, सलमान खान, विवेक चंद्र पाण्डेय, मेजर राजीव श्रीवास्तव, अजय ओझा, आशीष द्विवेदी, छत्रपति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह पटेल, विनोद पटेल (प्रबंधक), कमलेश पटेल (प्रधानाध्यापक) आदि मौजूद रहे।

### स्वतंत्रता दिवस पर विद्यार्थियों ने निकाली प्रभात फेरी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर शिक्षा समिति, अशोक शिक्षा समिति, प्रतिभा शिक्षा समिति, जी.डी.एन.डी. कॉन्वेंट स्कूल, त्रिवेणी पब्लिक स्कूल आदि में विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी निकाली। गोपाल दास निर्मला देवी इण्टर कॉलिज, अशोक पब्लिक स्कूल खोह सहित विभिन्न विद्यालयों ने धूमधाम से 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों के घोष दल, मार्शल आर्ट दल, आइडियल दल, बैलून दल, दमबुल दल सम्बन्धित परिधान में सुसज्जित होकर हर्षोल्लास के साथ प्रभात फेरी निकाली। जी.डी.एन.डी. विद्यालय में प्रबंधक व वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार गुप्ता ने ध्वजारोहण कर सामूहिक राष्ट्रगान किया। इस मौके पर संस्था की निदेशक मुस्कान गुप्ता, प्रधानाचार्य काशी प्रसाद शुक्ला, शिक्षक सरदार सिंह, संतोष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# कर्वी कोतवाली सहित जनपद के विभिन्न थानों में मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिले के समस्त थानों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कर्वी कोतवाली में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर मंदिर सहित पूरे परिसर में आकर्षक सजावट की गई तथा भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर कर्वी कोतवाली प्रभारी उपेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, पूर्व जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी सहित सम्बन्धित जनप्रतिनिधि, पुलिस अधिकारी, कर्मचारी व आमजन मौजूद रहे।

थाना पहाड़ी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शनिवार रात धूमधाम से श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। परिसर स्थित हरेश्वर महादेव मंदिर सहित पूरे थाने को रंग-बिरंगी झालरों, फूलों और विद्युत झालरों से सजाया गया। साथ ही भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी तैयार की गई। इस



दौरान पुलिसकर्मी, आमजन और बच्चे सभी भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन दिखे। पूरा थाना परिसर राधे-राधे और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंजता रहा। इस दौरान थाना प्रभारी अनुपमा तिवारी ने कहा कि जन्माष्टमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह हमें बुराई पर अच्छाई की जीत, अधर्म पर धर्म की स्थापना और सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद और भंडारे की व्यवस्था की गई। इस मौके पर ग्राम प्रधान तथा शासकीय अधिवक्ता सुशील सिंह, सब इंस्पेक्टर जंगबहादुर सिंह, राजेश यादव, सुरेश सिंह, अरमान आलम, श्यामदेव सिंह सहित सम्बनिधत अधिकारी व आमजन मौजूद रहे।

मऊ थानें में जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित कार्य में थाना प्रभारी दुर्विजय सिंह और क्राइम इंस्पेक्टर अंजनी कुमार सिंह ने पूजा-अर्चना की। पंडित छोटू कुमार द्विवेदी और इंद्रेश त्रिपाठी ने पूजा विधि संपन्न कराई। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में सोहर गीत और भजन-कीर्तन का गायन किया गया। साथ ही छोटे बच्चों को कृष्ण की वेशभूषा में सजाया गया। कार्यक्रम में भक्तों के लिए प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई। इस मौके पर मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, उप जिलाधिकारी सौरव यादव, तहसीलदार राम सुधार, नायब तहसीलदार हिमांशु द्विवेदी, चेयरमैन अमित द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य विनीत द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

इसी प्रकार भरतकूप थाना परिसर में भी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी मनोज चैधरी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इसी प्रकार अन्य थानों में भी थानाध्यक्षों की उपस्थिति में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया।

### पुलिस लाइन में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस लाइन में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान आकर्षक सजावट कर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रिजर्व पुलिस लाइन में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में पुलिस लाइन में आवासित पुलिस परिवार के बच्चों ने राधा-कृष्ण की पोशाक पहनकर प्रतिभाग किया गया। साथ ही भक्ति संगीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता एवं डांस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को वामा सारथी अध्यक्ष सीमा सिंह द्वारा पुरुस्कृत किया गया। पुलिस लाइन परिसर स्थित मंदिर में विधि-विधान से हवन पूजन कर भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अरविन्द वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक रामाशीष यादव, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह, मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी, सदर विधायक अनिल प्रधान, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक जय करन सिंह आदि मौजूद रहे।

# वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, मोर के अवशेषों के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । उरई**



माधौगढ़ क्षेत्र के जाजेपुरा गांव से वन विभाग की टीम ने एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। जिसमें टीम ने मोर के अवशेषों सहित एक आरोपी को रंगे हाथ दबोच लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई वन क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में ग्रामीणों की सूचना पर की गई। पकड़े गए आरोपी की पहचान रविन्द्र पुत्र श्यामलाल निवासी मोहल्ला पाड़े तालाब ग्राम बहुआ, थाना लालवली, जिला फतेहपुर के रूप में हुई है। मौके से वन विभाग की टीम ने एक मृत मोर, उसके दो पंजे, पंख, मांस और एक अपाचे मोटरसाइकिल (नम्बर यूपी 71 बीजे 7295) बरामद की है।

आरोपी के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 50 व 51 के अंतर्गत मुकदमा दर्जकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस सफल छापेमारी में वन दरोगा अमित, वन दरोगा काशी प्रसाद, वन रक्षक धानीराम, वन रक्षक विक्रम कुमार और वन रक्षक शिवम वेद की अहम भूमिका रही। रेंजर रंजीत सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय पक्षी मोर के अवशेषों का पोस्टमार्टम कराने के बाद राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया है। वहीं रामपुरा थाना में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।

# अज्ञात बदमाशों ने स्कार्पियो को जलाने का किया प्रयास, जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस । कालपी**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी के बाहर खड़ी स्कार्पियो गाड़ी में अज्ञात बदमाशो ने मध्य रात्रि को पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। इस दौरान गाड़ी का एक हिस्सा जल गया। घटना की सूचना मिलने पर रात में ही पुलिस तथा अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। गनीमत यह रही कि गाड़ी में ज्यादा नुकसान नही हुआ। पीड़ित गाड़ी मालिक नगर के मुहल्ला इंद्रानगर निवासी राजू पाठक ने बताया कि प्रतिदिन की तरह वह अपनी स्कार्पियो गाड़ी को सरकारी अस्पताल के बाहर खड़ी करके चले गए। देर रात करीब 2 बजे अज्ञात बदमाशों ने गाड़ी में पेट्रोल डालकर आग लगा दी।अस्पताल में ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों ने जोरदार



धमाका सुना। कर्मचारी तथा आसपास के लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। गाड़ी के आगे का एक हिस्सा जल गया। रात में ही फायर ब्रिगेड तथा पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। बताया जा रहा कि पहले से ही योजना बनाई गई होगी, क्योंकि बदमाशों ने घटनास्थल के समीप में स्थित पैथोलॉजी तथा मकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों के केबिल को काट दिया व कुछ की दिशा बदल दी। जिससे वह कैमरें में कैद न हो जाये। सुबह जब उन्होंने घटना का पता चला चला तो इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। वही पुलिस उक्त मामले की जांच करने में जुट गई है। सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की कारगुजारी उजागर हो सकती है।

### संत निरंकारी मिशन के सदस्यों ने सत्संग भवन परिसर में लगाए पौधे

**चित्रकूट।** संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे वननेस वन परियोजना अभियान के तहत रविवार को संत निरंकारी मिशन के सेवादल सदस्यों एवं अनुयायियों ने जिला मुख्यालय स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन परिसर में पौधरोपण किया। संत निरंकारी मिशन के अनुयायी शिवभवन एवं सचालक लोटन प्रसाद ने बताया कि सतगुरु माता सुदीक्षा एवं निरंकारी राजपिता रमित के निर्देशन में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा वननेस वन परियोजना के पांचवें चरण का आयोजन देशभर के 600 से अधिक जगहों पर उत्साह के साथ किया जा रहा है। जिसके तहत संत निरंकारी मिशन के सवादल सदस्यों द्वारा रविवार को जिला मुख्यालय स्थित सत्संग भवन परिसर में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर मीडिया सहायक सचिन श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्य व अनुयायी मौजूद रहे।

# एसपी ने अपराध समीक्षा बैठक कर, दिए दिशा-निर्देश

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जिले की कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान एसपी ने लंबित विवेचना की समीक्षा करते हुए समयबद्ध जांच करने के निर्देश दिए।

उन्होंने वांछित और फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने का आदेश दिया। साथ ही सभी थानाध्यक्षों को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित गस्त और बीट प्रणाली को मजबूत करने का आदेश दिया। एसपी ने स्पष्ट किया की छोटी से छोटी घटनाओं को भी गंभीरता से लिया जाए। अपराध रोकने के लिए गुंडा एक्ट और गैंगस्टर एक्ट पर प्रभावी उपयोग करने के भी निर्देश



दिए। महिला सुरक्षा, साइबर अपराध नियंत्रण और नशा मुक्ति अभियान को और सक्रिय करने की बात भी कही। पुलिस और अभियोजन अधिकारियों को आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को जनता की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने की नसीहत दी। इस दौरान बैठक में सभी सर्किल क्षेत्राधिकारियों के साथ थानाध्यक्षों सहित चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

# मासूम बच्चों की जान बचाने वाले कोतवाली इंस्पेक्टर ने जान पर खेलकर कायम की थी बहादुरी की मिसाल

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

सदर कोतवाली इंस्पेक्टर राकेश कुमार की बहादुरी और हौसले के लिये उन्हें पुलिस कप्तान दिक्षा शर्मा के हाथों राष्ट्रपति बहादुरी एवार्ड से नवाजा गया है। जबकि ये अवार्ड उन्हें खुद पुलिस कप्तान दिक्षा शर्मा के हाथों से दिया गया है। दरअसल 30 जनवरी 2020 में फतेहगढ़ के मुहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के करथिया गाँव में उस वख्त हड़कंप मच गया था,जब कत्ल के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा खतरनाक मुजरिम सुभाष बाथम जो जमानत पर छूटकर अपने घर के एक प्रोग्राम में शामिल होने आया था, तभी उसने अचानक 23 नन्हें बच्चों को बंधक बना लिया था, और उनकी रिहाई के एवज में 23 करोड़ रुपये की बेजा मांग कर डाली थी, जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता था। वही इस सनसनी खेज वारदात से जहाँ फतेहगढ़ जिला सन्नाटे में आ गया था, बल्कि पूरे प्रदेश में हड़कंप मच गया था, मामला चूंकि 23 नन्हें



बच्चों की जान के जोखिम का था, इसलिये पुलिस और प्रशासन की पहली तरजीह बच्चों की सही सलामत वापसी की थी। लेकिन खूंखार बदमाश ने हर बच्चे से एक करोड़ रुपये फिरौती और अपने खिलाफ दर्ज सभी आपराधिक मामलों को वापस लेने की प्रशासन से बेजा मांग कर डाली थी। जबकि खूंखार बदमाश ने गाँव वालों के साथ ही नन्हें बच्चों के घर वालों में दहशत फैलाने के खतरनाक इरादे से ताबड़तोड़ गोलीबारी को अंजाम दे डाला था। वहीं उस वक्त मोहम्मदाबाद थाने के मौजूदा इंचार्ज राकेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बच्चों को छुड़ाने के लिए बदमाश को समझाने की भरपूर कोशिश की।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 42 मरीजों का उपचार कर स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । कालपी**

प्रदेश शासन की योजना के तहत रविवार को कालपी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 42 मरीजों का उपचार करके नागरिकों को बदलते मौसम में बचाव करने परामर्श दिया गया।

नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा में चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सोनू गौतम की अध्यक्षता में आयोजित मेले में मरीजों के उपचार के अलावा परिवार कल्याण कार्यक्रमों तथा स्वास्थ्य के बारे में जानकारियां देते हुये जागरूक किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित जन आरोग्य मेले में चिकित्सकीय टीम ने मरीजों का उपचार करने तथा बदलते मौसम के दौरान फैलने वाली बीमारियों तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए सुझाव दिए गये। स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि वर्तमान समय में खुजली, त्वचा रोग,



उल्टी, दस्त एवं पेट रोगियों की संख्या बड़ रहे है। इसलिए सभी लोग सतर्कता बरते। शुद्ध पानी का प्रयोग करें तथा किसी भी प्रकार की बीमारी के लक्षण उत्पन्न होने पर डॉक्टरों की सलाह पर दवाइयों का प्रयोग करें। मेले में 22 पुरुष व 20 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण करके इलाज किया गया है। राजू पाल, नीरज पाल, हिमांशु दीक्षित, पवन कुमार, मीरा वर्मा आदि स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे। मेले में कंडोम, टेबलेट तथा अन्य परिवार नियोजन संबंधी सामग्री का वितरण किया गया।

### मुल्क की तरक्की के लिये हम सभी को पूरी ईमानदारी के साथ

# अपनी जिम्मेदारियों को निभाना होगा

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

जश्ने यौमे आजादी पूरे जोश और खरोश के साथ मनाया गया। आजादी के मौके पर जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने कलक्ट्रेट कैम्पस मे तिरंगे को फैराकर मौजूद लोगों के दिलों में आजादी का एहसास दिलाते हुये हमें इसकी ताकत से रुबरु कराया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी हमें यूँ ही खैरात में नहीं मिली है, बल्कि आजादी के दिवानों ने अंग्रेजी हुकूमत के जुल्म और ज्यादती के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुये अपने सीनों में गोलियां खाईं, और हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर चढ़कर अपनी जान कुर्बान करदी थी।

तब कहीं जाकर आज हम आजादी के माहौल में सांस ले पा रहे हैं, और चैन की नींद ले रहे हैं।

जबकि हमारा लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा और कामयाब लोकतंत्र है। अलग- अलग मजहबों और वेशभूषा के बावजूद हम सब एक हैं। हम अपने संवैधानिक मूल्यों को



अपना कर विकसित भारत के सपने को साकार करने की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। वहीं आज हमारा मुल्क दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बन कर उभरा है। इस मौके पर जिलाधिकारी ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं सहित जिले की तरक्की के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि पिछले 11 महीनों में जिले ने सीएम डैशबोर्ड के साथ ही आईजीआरएस में फर्स्ट रैंक हासिल की है, और लगातार टॉप 10 में जगह बनाकर रखी है। बाढ़ के प्रकोप में भी हम सबने मिलकर बेहद अच्छा काम किया है। हमारी टीम की कामयाबी, हमारे जिम्मेदार होने के निशानी को पेश करता है।

# पुलिस लाइन एवं समस्त थानों में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

पुलिस लाइन बांदा सहित समस्त थानों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। पुलिस लाइन में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बाल कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य,गायन आदि का प्रस्तुतीकरण किया गया। भजन संध्या में भजन गायकों द्वारा भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए।बाल कलाकारो की प्रस्तुति ने उपस्थित सभी लोगों के मन को मोह लिया सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिला जज बांदा, सदर विधायक, पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी और पुलिस परिवारिजन व आमजन उपस्थित



रहे।सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस. तथा पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टक, क्षेत्राधिकारी बबेरु सौरभ सिंह, क्षेत्राधिकारी अतर्रा प्रवीण कुमार, पुलिस उपाधीक्षक अखिलेश राजन, सीएफओ मतलूब हुसैन, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक पीयूष पाण्डेय आदि के साथ मन्दिर में पूजा अर्चना की गई। श्रीकृष्ण के जन्म के साथ ही मन्दिर प्रांगण **नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की** के जयकारों से गूंज उठा। आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों तथा उनके परिवारिजनों के साथ आमजन उपस्थित रहे।

# सदर विधायक ने निकाली उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी तिरंगा यात्रा

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

- दूर दूर से आऐ भाजपा के कार्यकर्ता व सदर विधायक के प्रशंसक।
- पुलिस की तत्परता से कहीं नहीं लगा जाम, आठ हजार बाइकों से निकाली तिरंगा यात्रा

बांदा सदर विधानसभा के अन्तर्गत प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार विधायक बांदा सदर प्रकाश द्विवेदी एवं क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू व भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के नेतृत्व में एक विशाल तिरंगा बइक यात्रा का आयोजन किया गया।

यात्रा के दौरान लगभग 8 हजार मोटर साइकिलों में कार्यकर्ताओं ने तिरंगा झण्डा लगाकर प्रतिभाग किया। यह यात्रा बिसण्डा नगर से प्रारम्भ होकर पुनाहुर, सिकलोढ़ी, दुरई, नाई, शमकरी, छिबॉव, खुरहण्ड स्टेशन, शिवहद, गिरवॉ मेडिकल कालेज, अतर्रा चुंगी, गणेश चौक, जिला परिषद चौराहा, मर्दन नाका, छोटी बाजार, बलखण्डी नाका, महेश्वरी देवी मन्दिर, चौक बाजार, गूलर नाका, बाबूलाल चैराहा, लोधी महारानी आवन्ती बाई चौक (कालू कुआं), बिलजीखेड़ा, महराणा प्रताप चौक, अशोक लाट, संकट मोचन, जेल रोड, स्वराज कालोनी, जरैली कोठी होते हुये भाजपा जिला कार्यालय बांदा में जा कर सामाप्त हुयी।

विशाल तिरंगा यात्रा के आयोजन के दौरान जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, नगर पालिका अध्यक्षा बांदा मालती गुप्ता बासू, पूर्व सांसद आर0 के0 सिंह पटेल, ब्लाब प्रमुख बडोखर खुर्द स्वर्ण सिंह सोनू, मण्डल अध्यक्ष बांदा नगर उत्तरी राजेश गुप्ता,मण्डल अध्यक्ष बांदा नगर



दक्षिणी राजेश गुप्ता रज्जन, मण्डल अध्यक्ष महुआ प्रेमस्वरूप द्विवेदी, मण्डल अध्यक्ष बिसण्डा विनय कुशवाहा, पुष्कर द्विवेदी, राहुल सिंह गुड्डू, विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, शैलेन्द्र सिंह शैलू, मनफूनल पटेल, अजय प्रताप, अभय प्रताप, पंकज रैकवार, जगराम सिंह चौहान, अशोक त्रिपाठी जीतू, अखिलेश श्रीवास्तव सहित जिला एवं मण्डल के पदाधिकारी, व्यापारी, शिक्षक, अधिवक्ता, चिकित्सकगण सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता बन्धु उपस्थित रहे। व्यापार मण्डल एवं बाजार के व्यापारियों द्वारा बाजार में जगह-जगह मंच लगाकर मल्यार्पण व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया एवं पेयजल का वितरण किया स्वागत के दौरान व्यापारी नेता कमलेश गुप्ता, राजकुमार राज, अमित सेठ भोलू, अशोक गुप्ता, चारूचन्द्र खरे, मनीष श्रीवास्तव, मनोज जैन, रामराज गुप्ता, अंकित बासू, आशीष गुप्ता सहित व्यापारीगण उपस्थित रहे।

Green Field Academy Group of Schools
LOVE - FAITH - SACRIFICE
Hargaon | Sitapur | Lakhimpur | Mahewaganj

HAPPY 79th INDEPENDENCE DAY

This Independence Day, let's celebrate our unity, cherish our diversity, and build a future worth fighting for.

CBSE CLUSTER - IV VOLLEYBALL TOURNAMENT GIRLS
Compete, Learn, and Have Fun!
21-23 August 2025
MAHEWAGANJ BRANCH

15TH AUGUST

Mr. Alok Mishra



समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस 15th AUGUST की
हार्दिक शुभकामनायें
ABALONE PUBLIC SCHOOL


## सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

मौलाना अब्दुल हमीद नूरी, साइंटिफिक स्कॉलर एवं बिज़नेसमैन, पूरे भारतवासियों से एक भावपूर्ण अपील करता हूँ कि 15 अगस्त 2025 का दिन हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से पीलीभीत वासियों से मेरा अनुरोध है कि इस दिन अपने-अपने घरों, कार्यालयों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर भारतीय तिरंगा ध्वज फहराएँ और उसे बुलंदी पर लहराएँ।

हमारी यह आज़ादी हमें 1947 में अनेक बलिदानों के बाद मिली, जब हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई—सब मिलकर अंग्रेजों को देश से खदेड़ने में सफल हुए। इस आज़ादी को अक्षुण्ण बनाए रखना हम सबका कर्तव्य है।आइए, इस स्वतंत्रता दिवस पर हम सब घर-घर तिरंगा फहराकर उन शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दें, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें यह आज़ादी दिलाई। साथ ही, हम आपसी प्रेम, भाईचारा, कौमी एकता और गंगा-जमुनी तहज़ीब को हमेशा कायम रखें।

अपीलकर्ता
मौलाना अब्दुल हमीद नूरी
साइंटिफिक स्कॉलर एवं बिज़नेसमैन
न्यूरिया हुसैनपुर, जनपद पीलीभीत


विजयी विश्व तिरंगा प्यारा... झंडा ऊंचा रहे हमारा!
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
वीरेंद्र शुक्ला
समाजसेवक
165 उन्नाव, विधानसभा



स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनायें।
जिला सहकारी बैंक लि0, लखीमपुर-खीरी
DISTRICT CO-OPERATIVE BANK LTD.
प्रदेश का अग्रणी सहकारी बैंक
(वर्ष 1923 से जनपद सेवा में तत्पर)
जिला सहकारी बैंक लि0, लखीमपुर-खीरी अपनी नवीनतम बैंकिंग तकनीकीयुक्त, सुसज्जित एवं पूर्णतया कम्प्यूट्रीकृत 62 शाखाओं के माध्यम से कृषकों को मात्र 3% की ब्याज दर पर ऋण प्रदान कर जनपद के कृषि विकास में सहयोग प्रदान कर रहा है। तथा अपने ग्राहको को जमाओं पर आकर्षक ब्याज एवं विभिन्न ऋण योजनाओं के माध्यम से ऋण सुविधायें प्रदान करने हेतु सतत् रूप से तत्पर है। वर्तमान में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं यथा-प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना आदि की सुविधा सहित बैंक शाखाओं द्वारा ATM, RTGS/NEFT. IMPS, m-Pass Book, UPI व लॉकर की सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं।
सुधांशु चौधरी — सचिव/ मुख्य कार्यपालक अधिकारी
विनीत मनार पटेल — सभापति



नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर
स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की शुभकामनाओं के साथ निम्न अपील करती है :-
अपील
- नगर पंचायत के टैक्स का भुगतान वक्त पर करके सहयोग करें।
- जन्म मृत्यु का रजिस्ट्रेशन वक्त पर करायें।
- गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग कूड़ेदान में ही डालें।
- प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल भूल कर न करें, एक पेड़ जरूर लगायें।

बलराम गुप्ता — अधिशासी अधिकारी, उपजिलाधिकारी
आशारानी कबीर — अध्यक्ष



स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश शुक्ला
लेखपाल-लखीमपुर, खीरी



स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
शिव मुन्नी देवी गया सिंह रंजना सिंह गायत्री महाविद्यालय
रकेहती खीरी
द्वारिका प्रसाद गायत्री इंटर कालेज — पलिया रोड निघासन खीरी
एस एम डी गायत्री पब्लिक स्कूल — लालपुर रोड निघासन खीरी
विनोद सिंह — प्रबंधक
यज्ञ भूषण सिंह — व्यवस्थापक
अंकुर पाण्डेय — प्रधानाचार्य



लखीमपुर अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लि.
आइये अपने खाते को UPI से लिंक करें!
समस्त नगरवासियों को
स्वाधीनता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ!
हर घर तिरंगा
बैंक अंतरिम प्रबंध कमेटी



नगर पंचायत निघासन लखीमपुर खीरी
पत्रांक-मेमो/न0प0नि0/2025-26 — बधाई सन्देश — दिनांक-14/08/2025
स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनायें।
इस अवसर पर हम नगरवासियों से निम्न अपेक्षाएं करते है।

01. जल अमूल्य है इसकी बचत करें और बिना उपयोग नलों की टोंटिया खुली न छोडे।
02. सड़कों पर मवेशियों को न बांधे इससे सडकें खराब होती है।
03. कूड़ा सड़क पर न डालें उसको कूड़ेदान में डालकर नगर को साफ सुथरा रखने में सहयोग प्रदान करें।
04. नगर को स्वच्छ रखने के लिए डोर-टू डोर कूडा कलेक्शन में सहयोग दे। कूड़े को नगर पंचायत सफाई कर्मी को ही दे कूड़े को किसी भी दशा में नाली/नाले सड़क अथवा खुले स्थान में न फेकें और न ही जलायें, कूडा खुले में फेंकने से सड़क गन्दी होती है। ऐसा करना दण्डनीय अपराध है।
05. अपने पालतू पशुओं को आवारा न छोडे इससे नगरवासियों को परेशानी होती है।
06. पेड़-पौधों को नष्ट न करें, पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ पौधे जरूर लगायें।
07. समस्त प्रकार के पालीथीन बैंग तथा थर्माकोल से निर्मित समस्त उत्पादों का प्रयोग न करें। यह शासन द्वारा पूर्णत: प्रतिबन्धित है तथा इसका उत्पादन प्रयोग परिवहन तथा भण्डारण करना संज्ञेय अपराध है, पकड़े जाने पर जुर्माना/सजा अथवा दोनों तरह से दण्डित किया जा सकता है।
08. पालीथीन का प्रयोग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पूर्णतया प्रतिबंधित है, कृपया इसका उपयोग न करें और न ही दुकानदारों से बिकी करें, निरीक्षण में पाये जाने पर जुर्माना एवं सजा भी निर्धारित हैं।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पंचायत निघासन, लखीमपुर-खीरी
समस्त सभासदगण
अध्यक्ष, नगर पंचायत निघासन, लखीमपुर-खीरी



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पवन द्विवेदी — सचिव
नवीन राठौर — सचिव
विकास खण्ड निघासन खीरी



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला पंचायत इंटर कालेज
निघासन खीरी
पंकज गुप्ता — प्रधानाचार्य
मनोज कुमार — लिपिक



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उपदेश वर्मा — सचिव
स्वाती लोधी — सचिव
विकास खण्ड निघासन खीरी



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विनय मौर्य — सचिव
वीरपाल — सचिव
विकास खण्ड निघासन खीरी



स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
गुरु नानक इण्टर कॉलेज
लखीमपुर खीरी
सेवक सिंह अजमानी — प्रबंधक
जसविंदर सिंह — प्रिंसिपल
सरवन सिंह — अमृतापुर अध्यक्ष



स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
हसमत अली
प्रबंधक सानिया पब्लिक स्कूल
ग्राम सभा ओदरहना महेवागंज लखीमपुर खीरी



स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
शुशील गुप्ता
प्रधान
ग्राम सभा बसहा माफी
ब्लाक फूलबेहड, लखीमपुर, खीरी



स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी पर हार्दिक शुभकामनाएं
सफीक अहमद — प्रधान, सुथना बरसोला
धर्मेंद्र गुप्ता — प्रधान - खैरहनी, विकास खंड निघासन खीरी।



स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
कुंवर राजराजेश्वर सिंह
भाजपा वरिष्ठ नेता प्रदेश सयोजक
झंडी राज निघासन लखीमपुर खीरी



स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
मयंक मिश्रा
अधीक्षक
सीएचसी मोहम्मदी खीरी



स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
सौरभ सिंह
सचिव
विकास खण्ड मोहम्मदी खीरी



स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी पर हार्दिक शुभकामनाएं
डॉक्टर राजेंद्र कुमार — सीएचसी प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन
डॉक्टर प्रमोद रावत — एडिशनल सीएमओ



स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
सुश्री सुनहरा
जिला संवाददाता
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक जन एक्सप्रेस समाचार पत्र
लखीमपुर खीरी मो0.नं0.7678821315



स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
जावेद अली
एडवोकेट
प्रधान, ग्राम पंचायत बालूडीह
ब्लाक फूलबेहड लखीमपुर खीरी



स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
अब्दुल हसीब उर्फ पुत्तन
प्रधान ग्राम पंचायत बड़ागांव
ब्लाक नकहा जिला लखीमपुर खीरी।



15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के पावन पर्व पर
नगर पालिका परिषद, मोहम्मदी-खीरी
अपने नगरवासियों का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए अपेक्षा करती है कि

1. कूड़े को निर्धारित स्थल पर ही डालें, नाला/नालियों/खुले स्थान पर / सड़कों पर कूड़ा न डालें।
2. सूखे एवं गीले कूड़े को अलग-अलग करके नगर पालिका कर्मचारी को दें/ वाहन में डालें।
3. सार्वजनिक सड़कों/ स्थलों / नालों/नालियों पर अतिक्रमण / प्रक्षेपण न करें।
4. बकाया करों का भुगतान समय से करें।
5. मानचित्र की स्वीकृति कराने के उपरान्त भवन का निर्माण करायें।
6. जल बहुमूल्य है, इसका दुरूपयोग न करें, टोटी को खुला न छोड़ें।
7. बृक्षारोपण कर वातावरण को शुद्ध बनायें रखने में सहयोग करें।
8. जन्म-मृत्यु का पंजीयन समय से अवश्य करायें।
9. संक्रामक रोगों के बचाव हेतु छतों / गमलों / कूलर आदि में पानी जमा न होने दें, नियमित सफाई रखें।
10. सी0एम0 युवा योजना का लाभ उठाएं।

यह नगर आपका है, इसको स्वच्छ रखने में पूरा सहयोग दें

जे0पी0 मौर्य — अधिशासी अधिकारी
समस्त सभासद एवं कर्मचारी गण
संदीप मेहरोत्रा 'कन्हैया' — अध्यक्ष



स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
शमशुल हसन
सभासद
मोहल्ला हिदायत नगर वार्ड 24
नगर पालिका लखीमपुर खीरी।



स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
अजमानी इण्टर नेशनल स्कूल
एल.आर.पी.रोड, लखीमपुर खीरी
जसमीत सिंह उर्फ बिक्की भैया — प्रबंधक
प्रिंस सलूजा — प्रिंसिपल



स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
अजमानी पब्लिक स्कूल
सीतापुर रोड लखीमपुर खीरी
हरबंस सिंह — प्रबंधक

# यूरिया संकट गहराया, किसान लाइन लगाकर लौट रहे खाली हाथ

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



धान की फसल के महत्वपूर्ण समय पर यूरिया खाद की किल्लत ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जिले में सहकारी समितियों और निजी विक्रेताओं के यहां यूरिया उपलब्ध न होने से किसान गहरे संकट में हैं। किसान सुबह-सुबह ही खाद लेने के लिए समितियों और दुकानों के बाहर लंबी कतारों में खड़े हो जाते हैं। घंटों इंतजार के बाद भी उन्हें यूरिया नहीं मिल पा रहा है। नतीजतन उन्हें मायूस होकर खाली हाथ घर लौटना पड़ता है। किसानों का कहना है कि अगर समय रहते खाद नहीं मिली तो धान की फसल बर्बाद हो सकती है। स्थानीय किसान राम करन पाल ने बताया कि बीते कई दिनों से वे प्रतिदिन समितियों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन खाद न मिलने से खेती प्रभावित हो रही है। वहीं किसानों ने कहा कि सरकार खाद उपलब्ध कराने के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीन पर स्थिति बिल्कुल उलट है। किसानों के अनुसार धान की फसल में इस समय टॉप ड्रेसिंग के लिए यूरिया डालना आवश्यक है। यूरिया न मिलने से पौधों की बढ़वार रुक रही है और उत्पादन प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है।यूरिया संकट से जुड़ी समस्या को लेकर किसानों ने जिला प्रशासन और सरकार से तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही खाद उपलब्ध नहीं कराई गई तो न सिर्फ उनकी मेहनत पर पानी फिर जाएगा, बल्कि आर्थिक संकट भी गहराएगा। किसानों की बढ़ती नाराज़गी को देखते हुए प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं।किसान संगठनों का कहना है कि समय पर खाद वितरण न होना सरकार की योजनाओं पर सवाल खड़े करता है। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार हर सीजन पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने का दावा करती है, लेकिन अमेठी में यूरिया की कमी ने इन दावों की पोल खोल दी है। अब किसानों की निगाहें प्रशासन और शासन पर टिकी हैं कि आखिर कब उनकी फसल को बचाने के लिए खाद उपलब्ध कराया जाएगा।

# राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने जल जीवन मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण, अधिकारियों को लगाई फटकार

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने रविवार को ग्राम पंचायत रमई का दौरा किया। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए गए कार्यों का निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद जल निगम एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने नाली, खड़ंजा, इंटरलॉकिंग और पेयजल से जुड़ी समस्याओं को मंत्री के सामने रखा।

इस पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई।और कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत रमई में पेयजल की समस्या का तत्काल समाधान किया जाए। और अधूरे पड़े नाली, खड़ंजा व इंटरलॉकिंग कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। राज्य मंत्री ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं जनता तक सही रूप से पहुंचें,यह अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि कार्यों की गुणवत्ता या गति में लापरवाही पाई गई तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्राम पंचायत रमई के निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने विधायक के सामने अपनी समस्याएं रखीं और आशा जताई कि मंत्री के निर्देश के बाद उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा।



# जन्माष्टमी की धूम, बाल रूप में दिखे गोपाल

**जन एक्सप्रेस । बाजार शुक्ल अमेठी**



माता देवकी व वासुदेव की आंखों के तारे भगवान श्री कृष्ण ने जन्म ले लिया है। दुल्हन की तरह सजे घर व मंदिरों में कान्हा का जन्मोत्सव मनाने के लिए श्रृद्धालु पूरी तैयारी में देखे जा रहे थे।जैसे ही घड़ी की सुईयों ने रात के 12 बजने की ध्वनि की गांव हो या कस्बा नंदलाला के जयकारों से गूंज उठा। लड्डू गोपाल के जन्म का जश्न मनाया जाने लगा लोग खुशी से झूम उठे नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की भगवान श्री कृष्ण के जयकारे गुण उठे भजन कीर्तन का सिलसिला चलता रहा भक्ति कार्यक्रमों के कलाकारों द्वारा श्रद्धालुओं को भगवान श्री कृष्णा और राधा से जुड़े कथाएं सुनाई जा रही थी। बाबा नंद एवं मैया यशोदा के लार प्यार का बखान किया जा रहा था श्रद्धालु इसका आनंद उठाते देखे जा रहे थे। कस्बा सहित क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया रात्रि में भगवान कृष्ण का अभिषेक कर महा आरती की गई। पालन में झुलाया गया भक्तों द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया।

### आकर्षण का केंद्र रहा थाना परिसर

थाना परिसर में स्थित मंदिर को आकर्षक विद्युत झालरों से सजाया गया। संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन कर जन्मोत्सव के दौरान आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भक्तों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। आए हुए लोगों ने थाने की सजावट की जमकर सराहना की। घर से दूर होने के बावजूद थाने में तैनात सभी पुलिस कर्मियों ने बड़े ही उत्साह के साथ त्यौहार मनाया। थानाध्यक्ष अवनेश कुमार ने सपत्नीक पूरे विधिविधान के साथ पूजन-अर्चन कर भगवान को भोग लगाया।रात्रि 12 बजे जैसे ही लड्डू गोपाल के जन्म का समय हुआ सभी कृष्ण भक्त खुशी से झूम उठे। इस दौरान पूरा थाना परिसर हाथी घोड़ा पालकी,जय कन्हैया लाल की के उद्घोष से गुंजायमान हो गया। पुलिसकर्मियों ने पूजा-पाठ कर प्रसाद का वितरण किया।

# जन्माष्टमी के अवसर पर गोवंश आश्रय स्थल पहुंचकर सीडीओ ने किया गोपूजन, पहनाई माला एवं पूजा अर्चना की

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा विकास खंड गौरीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत सराय भागमानी में संचालित गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने श्रद्धा भाव से गोपूजन कर संरक्षित गोवंशों को पुष्पमाला पहनाई,खाद्यान्न खिलाया एवं पूजा-अर्चना की।इस मौके पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी गोपाल कृष्ण शुक्ल, संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी, पंचायत सचिव एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत अपने अधीनस्थ कर्मियों सहित उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि गोवंशों के खाद्यान्न की उपलब्धता में किसी प्रकार की समस्या न हो तथा आश्रय स्थल पर प्रतिदिन साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी गोवंशों का समय-समय पर टीकाकरण एवं ईयर टैगिंग की जाए। और उनकी गणना पूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से अभिलेखों में दर्ज हो। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र में हरे चारे की बुवाई की गई है।इसलिए गोवंशों को नियमित रूप से हरा चारा और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए एवं उनके स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था निरंतर बनी रहे। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र में संचालित पोल्ट्री फार्म का भी निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण बर्ड फ्लू की रोकथाम की दृष्टि से किया गया। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में अब तक बर्ड फ्लू का कोई मामला सामने नहीं आया है। उन्होंने यह भी बताया कि रोकथाम के लिए समिति का गठन किया जा चुका है। और इसकी नियमित समीक्षा की जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि बर्ड फ्लू की रोकथाम हेतु आवश्यक व्यवस्थाएँ पूर्ण रूप से सुनिश्चित की जाएं ताकि जनपद में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उल्लेखनीय है कि जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर जनपद के सभी गोवंश आश्रय स्थलों पर भी श्रद्धा और उल्लास के साथ पर्व का आयोजन किया गया।सभी केंद्रों पर संरक्षित गोवंशों का पूजन कर उन्हें विशेष आहार प्रदान किया गया और स्थानीय स्तर पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में पर्व का आयोजन संपन्न हुआ। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जन्माष्टमी जैसा धार्मिक पर्व गोसंरक्षण के महत्व को और भी अधिक प्रासंगिक बना देता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की धार्मिक आस्था और सरकार की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक गोवंश आश्रय स्थल पर बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।



# ट्रेलर की टक्कर से ई-रिक्शा सवार की मौत, ग्रामीणों ने पीछा कर पकड़ा चालक

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के रायबरेली रोड पर सरेसर गांव के पास रविवार सुबह करीब 11 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी।हादसे में गड़ेहरी गांव निवासी पवन कुमार 35वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रेलर की टक्कर लगते ही पवन कुमार सड़क पर गिर पड़े।

इसी बीच ट्रेलर उनके ऊपर से गुजर गया, जिससे उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक ने भागने की कोशिश की और रास्ते में एक और ई-रिक्शा को टक्कर मार दी।घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने साहस दिखाते हुए ट्रेलर का पीछा किया। लगभग तीन किलोमीटर तक दौड़ाने के बाद ग्रामीणों ने चालक को वाहन समेत पकड़ लिया और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को हिरासत में ले लिया। ट्रेलर को भी कब्जे में लेकर कोतवाली ले जाया गया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

हादसे से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है।ग्रामीणों का कहना है कि भारी वाहनों की तेज रफ्तार के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं।

बावजूद इसके प्रशासन इस पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहा है।एक ई-रिक्शा चालक ने घटना का विवरण देते हुए बताया कि ट्रेलर इतनी तेज रफ्तार में था कि पहले उसने एक ई-रिक्शा को टक्कर मारी और फिर सवार व्यक्ति पवन कुमार उसकी चपेट में आ गए। उन्होंने कहा कि यदि चालक समय रहते वाहन रोक लेता तो शायद एक निर्दोष की जान बच सकती थी।पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।चालक से पूछताछ की जा रही है और आगे की कार्रवाई विधिक रूप से की जाएगी।

## परिवार संग रामनगरी पहुंचीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल परिवार संग रामनगरी पहुंचीं। यहां उन्होंने रामलला के दर्शन करके पूजा-अर्चना की। इसके बाद उनका काफिला वापस लखनऊ लौट जाएगा। रामनगरी अयोध्या में शनिवार तो राज्यपाल आनंदीबेन पटेल परिवार के साथ पहुंचीं। राज्यपाल का हेलीकॉप्टर रामकथा पार्क स्थित हेलीपैड पर उतरा। वहां से काफिला सीधे राम जन्मभूमि परिसर की ओर रवाना हुआ। मंदिर परिसर पहुंचकर राज्यपाल ने परिवार संग भगवान श्रीरामलला का विधिवत दर्शन-पूजन किया। उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। कमिश्नर, आईजी, डीएम और एसएसपी सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

# नाव पलटने से नदी में डूबे दो दोस्त, किशोर की मौत व दूसरे की तलाश जारी

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अयोध्या जिले के मवई एक गांव में दो दोस्त नाव पलटने से नदी में डूब गए। एक की मौत हो गई व दूसरे की तलाश जारी है।

बाबा बाजार थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव में दो की कल्याणी नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतकों में 18 वर्षीय सुमित कुमार यादव और 14 वर्षीय घनश्याम यादव शामिल हैं। घनश्याम का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि सुमित की तलाश जारी है।

घटना उस समय हुई जब दोनों दोस्त पड़ोसी गांव अनार पट्टी में क्रिकेट मैच खेलकर लौट रहे थे। नदी किनारे स्थित मैदान से वापसी के दौरान वे एक खड़ी नाव पर बैठे। इसी दौरान द्वारिकापुर मल्लाहन पुरवा गांव के समीप नाव पलट गई और दोनों नदी में डूब गए।



सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने एनडीआरएफ टीम और गोताखोरों को तलाश कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। विधायक ने पीड़ित परिवारों से मिलकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्राम प्रधान हिमांशु निषाद, तेज तिवारी, किशोरी लाल भारती व निर्मल शर्मा सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। मौके पर रुदौली सीओ आशीष निगम, मवई थाना प्रभारी सुरेश कुमार पटेल और बाबा बाजार थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार आजाद सहित पुलिस बल मौजूद है। एनडीआरएफ की टीम गोताखोरों की मदद से दूसरे शव की तलाश में जुटी है। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

# हनुमान गढ़ी परिसर में छज्जा गिरने से तीन घायल, एक की मौत-दो गंभीर रूप से हुए घायल

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**




अयोध्या के हनुमान गढ़ी परिसर में छज्जा गिरने से तीन लोग घायल हो गए हैं। जिसमें से एक की मौत हो गई।

शनिवार की दोपहर थाना रामजन्मभूमि अयोध्या के हनुमानगढ़ी परिसर में एक आश्रम का छज्जा गिर जाने से एक व्यक्ति की मौत तथा दो व्यक्तियों के घायल हो गए हैं। मध्य प्रदेश के रीवा के निवासी भोला प्रसाद पुत्र अशर्फी उम्र करीब 50 वर्ष की दर्शन नगर मण्डलीय चिकित्सालय में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर अग्रिम विधिक कार्यवाही पुलिस विभाग द्वारा की जा रही है तथा घायल अंश पुत्र राजू निवासी कश्मीरी गेट थाना को0 नगर जनपद अयोध्या उम्र करीब 18 वर्ष व रामकरन पुत्र बद्री प्रसाद निवासी काली पहाड़ी थाना महोबा जनपद महोबा उम्र करीब 29 वर्ष का इलाज दर्शन नगर मण्डलीय चिकित्सालय में किया जा रहा है। डॉक्टर द्वारा बताया गया की अंश के सर में चोट आई है तथा रामकरन के पेट मे चोट लगी है।

## अंडरपास का विधायक ने किया शिलान्यास, सवा चार करोड़ की लागत से जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य

**रायबरेली।** कस्बा स्थित 44ए रेलवे क्रासिंग पर सवा चार करोड़ की लागत से 100 मीटर लंबे अंडर पास का शनिवार को ऊंचाहार विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री डा मनोज कुमार पांडेय ने रेल विभाग के के कर्मचारियों के साथ भूमि पूजन के बाद शिलान्यास किया। संबोधन के दौरान विधायक ने अपनी अंतिम सांस तक खून के एक एक कतरे से ऊंचाहार की धरती को सींचने का संकल्प लिया। कस्बे के रायबरेली प्रयागराज मार्ग स्थित मुख्य रेलवे क्रासिंग गेट संख्या 44ए पर फ्लाई ओवर बन जाने के बाद रेलवे विभाग ने क्रासिंग को स्थाई रूप से बंद कर दिया था। जिससे कस्बा दो भागों में विभाजित हो गया और विकास व व्यापार पूरी तरह प्रभावित हो गया। हजारों की संख्या में स्कूली बच्चों समेत कस्बा वासियों को आने जाने में परेशानी होने लगी। स्कूली बच्चे व लोग रेलवे लाइन को पैदल पार आने जाने लगे। समस्या को लेकर व्यापार मंडल ने कई बार अधिकारियों से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए गेट को खोले जाने की आवाज उठाई, लेकिन विभाग इस रेलवे गेट खोलने को राजी नहीं हुआ।

# राम मंदिर में मनाया गया जन्माष्टमी पर्व, आरती के बाद हुआ बधाई गायन

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अयोध्या स्थित राम मंदिर में जन्माष्टमी पर्व रविवार को मनाया जा रहा है। यहां रामलला के दरबार में आरती के बाद बधाई गायन होगा। मंदिर परिसर भजनों से गूंजेंगे।

यूपी के मथुरा सहित प्रदेशभर में भले ही जन्माष्टमी 16 अगस्त को मनाई गई हो, लेकिन अयोध्या स्थित रामलला के दरबार में जन्माष्टमी का पर्व 17 अगस्त को मनाया जाएगा। यह दुर्लभ अवसर होगा, जब राम और कृष्ण के अवतारों का संगम अयोध्या में होगा। राम जन्मभूमि मंदिर रविवार को अद्भुत संयोग का साक्षी बनेगा।

यहां श्रीकृष्ण जन्मोत्सव रोहिणी नक्षत्र में मनाया जाएगा, जो परंपरागत रूप से भगवान कृष्ण के प्रकट होने का शुभ क्षण माना जाता है। रामलला के दरबार में वंशीधर की गूंज सुनाई देगी। राम और कृष्ण दोनों अवतारों का यह संगम मंदिर परिसर में अद्भुत



आध्यात्मिक वातावरण रचेगा। भक्तजन मानते हैं कि यह दुर्लभ अवसर उनके जीवन को विशेष आशीर्वाद से भर देगा।

राम जन्मभूमि परिसर में धूमधाम से भगवान श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी मनाई जाएगी। आरती के बाद भगवान के सामने संगीत का कार्यक्रम रखा गया है। इसके साथ ही बधाई गायन और भजन की प्रस्तुति देर रात 12 बजे तक की जाएगी। इस दौरान विशिष्ट और वरिष्ठ संत महंतों को राम मंदिर परिसर में आमंत्रित किया गया है, जहां पर भगवान की आरती के बाद प्रसाद भी वितरित किया जाएगा।

भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धनिया की पंजीरी का विशेष भोग प्रसाद अगले दिन सुबह रामभक्तों में वितरित किया जाएगा। कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रामलला का भव्य दरबार सजा है।

विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय प्रवक्ता शरद शर्मा ने बताया कि शाम को आरती के बाद भगवान के समक्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भगवान के भजन और बधाई गीत प्रस्तुत किए जाएंगे। रात 12 बजे तक स्थानीय कलाकार भगवान रामलला के सामने अपनी प्रस्तुति देंगे।

इस दौरान विशेष अतिथियों को भी भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव में आमंत्रित किया गया है। कृष्ण जन्म के पश्चात प्रसाद का वितरण किया जाएगा, जो अगले दिन राम भक्तों में बांटा जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर खास प्रसाद के रूप में धनिया की पंजीरी भी बनवाई गई है, जो अगले दिन सुबह रामभक्तों में वितरित की जाएगी। रामलला के दरबार को फूलों से विशेष रूप से सजाया गया है। जन्म के समय दोनों मंदिरों रामलला और राजा राम के दरबार में विशेष आरती की जाएगी। यह पर्व श्रद्धालुओं और भक्तों के लिए अत्यंत उल्लासपूर्ण अवसर होगा।



**जन्माष्टमी पर बांके बिहारी का हुआ अद्भुत...**

जन्माष्टमी पर्व पर नगर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा और उल्लास का विशेष वातावरण देखने को मिला। घर-घर में श्रद्धालुओं ने झूले सजाए और मंदिरों में विशेष सजावट व झांकियां की गईं। हर ओर भक्ति संगीत और हरिनाम संकीर्तन की गूंज से वातावरण भक्तिमय... पढ़ें पेज 07 पर...

# लखनऊ में 'प्लॉटिंग' की आड़ में ठगी

- लखनऊ पैराडाइस प्रा. लि. सपनों के घर का झाँसा, एमएलएम का खेल
- पार्टनरशिप का झाँसा, एमएलएम का खेल, मेहनत की कमाई पर डाका

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**




राजधानी में प्लॉटिंग स्कीम और सपनों का घर दिखाकर एक कंपनी ने लोगों को झाँसे में लेना शुरू कर दिया है। नाम है लखनऊ पैराडाइस प्रा. लि. लेकिन हकीकत यह है कि यह कोई रियल एस्टेट बिज़नेस नहीं, बल्कि पिरामिड स्कीम और स्रूरू का जाल है। कंपनी दावा करती है कि सिर्फ़ आधार, फोटो और नामिनी देकर हर कोई पार्टनर बन सकता है और 22 प्रतिशत हिस्सेदारी पाएगा। लेकिन कानून कहता है प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में पार्टनरशिप सिर्फ़ शेयर और आरओसी रिकॉर्ड से तय होती है। यानी यहाँ सबकुछ फरेब है।

### कागज़ पर रजिस्ट्रेशन

कंपनी का रजिस्ट्रेशन 28 नवम्बर 2024 दिखाया गया है, जबकि स्कीमें महीनों पहले से चल रही थीं। सवाल उठता है जब कंपनी थी ही नहीं तो प्लॉट कहाँ से बेच रही थी?

### एमएलएम का जाल : कमीशन, बाइक, कार, विदेश यात्रा

प्लॉट की आड़ में स्कीम का असली खेल है लेवल और कमीशन, टीम रॉयल्टी, बाइक, कार, विदेश यात्रा के लालच यह सब चिटफंड और पिरामिड स्कीम का वही पुराना फार्मूला है, जिसमें नीचे वाले निवेशक बर्बाद होते हैं और ऊपर बैठे लोग ऐश करते हैं।

### जन एक्सप्रेस की पड़ताल

लखनऊ पैराडाइस प्रा. लि. महज़ एक ठगी का जाल है। अगर यह कंपनी सच में वैध है तो उसे सार्वजनिक करना होगा। सीआईएन नंबर और आरओसी रिकॉर्ड, रेरा रजिस्ट्रेशन, ज़मीन का खसरा-गाटा, प्रोजेक्ट की मंजूरी वरना यह सब महज़ सपनों की दलाली और पिरामिड ठगी का खेल है।

### जन एक्सप्रेस की सख़्त चेतावनी

राजधानी और आस-पास के लोग सावधान रहें! इस कंपनी में पैसा लगाने से पहले एमसीए और रेरा से वैधता ज़रूर जाँचें। नहीं तो आपका सपना किसी और की ठगी की कमाई बन जाएगा।

### भावनाओं का सौदा

शादी में मदद, अस्पताल खर्च, आकस्मिक मृत्यु मुआवज़ा—ये सब वादे महज़ झाँसा हैं। न कोई बीमा कंपनी जुड़ी है, न कोई वैधानिक एग्रीमेंट।

### प्लॉट स्कीम का सच

कंपनी 751 से 1599 रुपये प्रति स्क्वेयर फीट की दर बताती है। ईएमआई और कैश ऑफर भी सुनाती है। लेकिन असली सवाल, किस खसरा नंबर पर ज़मीन है? कौन-सा गाटा? कौन-सा नक्शा? कहाँ है रैरा की मंजूरी? जवाब— कहीं नहीं!

# राज्य सूचना आयुक्त ने किया ध्वजारोहण




**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

एपी सेन बालिका इंटर कॉलेज में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्हेंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। समारोह के बाद एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ।दिलीप अग्निहोत्री और प्रधानाचार्या उशोशी घोष ने स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्य सूचना आयुक्त ने दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा भाषण और गीत प्रस्तुत किए गए। शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

# डीपीएस अकैडमी इटौंजा में आजादी का अमृत महोत्सव के साथ 79 वें स्वतंत्रता दिवस मनाया गया




**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

15 अगस्त 2025 दिन शुक्रवार को विद्यालय डीपीएस अकैडमी इटौंजा मेला मैदान लखनऊ में ÷आजादी का अमृत महोत्सव के साथ 79 वें स्वतंत्रता दिवस को विद्यालय से इटौंजा बाजार होते हुए भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर विद्यालय प्रांगण में ÷भारत माता पूजन÷ एवं ध्वज तोलन का कार्यक्रम संपन्न कर देव ग्रुप आफ़ कॉलिजेज के डायरेक्टर एल एम पी सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीयता ही हमारी पहचान है।जन-जन के मन में राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव होना चाहिए।आज का दृश्य देखकर यही प्रतीत हो रहा हैं। विद्यालय में कृष्णा जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। नन्हें मुन्हें बच्चे राधा कृष्ण की भूमिका में काफी मनमोहक प्रतीत हो रहे थे विद्यालय की प्रबंधक शैल सिंह ने भगवान श्री कृष्ण व राधा रानी की पूजा अर्चना कर राधा कृष्ण के भूमिका में आए बच्चों को लाड प्यार किया।भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों का गुणगान अपने शब्दों में किया। वहीं विद्यालय की प्रिंसिपल मीता चक्रवर्ती ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज का दिन हमारे लिए ही बल्कि पूरे देश के लिए एक पर्व है। जिसमें देश रंगीला, ऑपरेशन सिंदूर , ऐसा देश है मेरा, गानों पर की गई प्रस्तुतियां अत्यंत मनमोहक रही। विद्यालय के छात्रों द्वारा स्वतंत्रता और आजादी पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसके माध्यम से बच्चों ने भक्ति की जो अलख जगाई उसकी प्रशंशा विद्यालय प्रांगण में मौजूद सभी लोगों ने बड़ी प्रसन्नता के साथ की। इस अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल मीता चक्रवर्ती प्रशासनिक अधिकारी गरिमा सिंह के साथ समस्त अध्यापक मौजूद रहे। इसी के साथ विद्यालय के समस्त शिक्षकगण मौजूद रहें।

# लखनऊ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में मनाया गया 79 स्वतंत्रता दिवस

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**




लखनऊ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में देश का 79 वा स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ झंडारोहण करके किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन आदर्श और पावनी ने किया। कक्षा 11 की छात्रा ऋषिका अवस्थी और कक्षा 6 की छात्रा जीवा रावत ने अपने ओजस्वी भाषण से आजादी के वीरों को याद किया। कक्षा 8 की छात्रा रुचि की कविता ने सबको भाव विभोर कर दिया। विभिन्न क्रांतिकारियों की वेशभूषा में छोटे-छोटे बच्चे आजादी के परवानों की याद दिला रहे थे । इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राजेश चौहान, निदेशिका सोनिका चौहान ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए श्रेष्ठ भारत की कामना की। प्रधानाचार्या मांडवी त्रिपाठी ने बच्चों से देश के भावी निर्माण हेतु तत्पर रहने का आह्वान किया एवं उप प्रधानाचार्या शगुन सिंह ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। अंत में मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

# सपा से पूजा पाल के निष्कासन के बाद आई यूपी में सियासी गर्मी

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

समाजवादी पार्टी से विधायक पूजा पाल के पार्टी से निष्कासित होने के बाद से यूपी की राजनीति गरमा गई है। बीजेपी के नेता और मंत्री पूजा पाल के समर्थन में खड़े दिख रहे हैं। समाजवादी पार्टी के नेता उनपर हमला बोल रहे हैं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव और उनकी पार्टी पर जोरदार हमला बोल दिया है। केशव प्रसाद मौर्य ने सपा मुखिया अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी को पिछड़ों का असली दुश्मन बताया है।उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी पिछड़ों के असली दुश्मन। चाहते हैं कि पिछड़ा वर्ग सैफई परिवार की गुलामी करे। उन्होंने आगे लिखा कि विधायक पूजा पाल, स्व. विधायक राजू पाल की विधवा सपा के अराजक राज का दर्द जानती हैं। केशव मौर्य ने सपा शासन को हत्या, लूट, दहशत का पर्याय बताया है। केशव ने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार जीरो टॉलरेंस, चुस्त-दुरुस्त कानून व्यवस्था का प्रतीक है। सपा विधायक पूजा पाल ने विधानसभा सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर तारीफ की थी जिसके बाद उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया।

# सब्जी के ठेले से टकराया तेज रफ्तार ई-ऑटो, मां की गोद से छिटककर सड़क पर गिरा मासूम, निकल गया दम

- अरविंद का आरोप है कि आरोपी टेंपो चालक नशे में गाड़ी चला रहा था

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर में रविवार दोपहर सवारी लेकर जा रहा तेज रफ्तार ई-ऑटो अनियंत्रित होकर एक सब्जी के ठेले से टकरा गया। हादसे में ऑटो में बैठी कोमल की गोद में बैठा चार साल का अभ्यांश सड़क पर सिर के बल गिर पड़ा। इससे उसकी मौत हो गई। हादसे में कोमल व दो अन्य लोग भी घायल हो गए। बिजनौर के कमलापुर में रहने वाले राजगीर अरविंद रावत के मुताबिक, पत्नी कोमल (23), बेटे अभ्यांश (4) को लेकर ई-ऑटो से बंथरा बाजार जा रही थी। ऑटो में उन्नाव जिले के सोहरामऊ निवासी गोले प्रसाद (45) और दरोगा खेड़ा के मुलायम यादव (30) भी सवार थे। पुलिस ने बताया कि कानपुर रोड पर कृष्णलोक कॉलोनी के पास अचानक तेज रफ्तार ई-ऑटो अनियंत्रित होकर एक सब्जी के ठेले से टकरा गया। हादसे में कोमल की गोद से अभ्यांश गिरकर घायल हो गया। वहीं कोमल, गोले और मुलायम को भी चोट लगी। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने अभ्यांश को मृत घोषित कर दिया। घायल कोमल को डॉक्टरों ने लोकबंधु अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं गोले व मुलायम को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। अरविंद का आरोप है कि आरोपी टेंपो चालक नशे में गाड़ी चला रहा था। अरविंद के परिवार में पत्नी व बेटे के अलावा एक बेटी काव्या है।

# डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के रिश्तेदारों पर हमला जमकर पीटा... गाड़ी में की तोड़फोड़, केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



यूपी के रायबरेली में शनिवार की रात जन्माष्टमी पर खरीदारी करने जा रहे चाचा-भतीजा पर आरोपियों ने हमला बोल दिया। उनकी पिटाई की और चार पहिया वाहन में तोड़फोड़ की। पीड़ित चाचा-भतीजा प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के रिश्तेदार हैं। मारपीट में दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। रविवार की शाम तहरीर मिलने पर पुलिस ने दो युवकों और एक किशोर के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया गया कि जगतपुर थाना क्षेत्र के पिछवारा गांव में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के समधी हरिशंकर मौर्य रहते हैं। समधी के साढ़ू अमित कुमार मौर्य जन्माष्टमी पर गांव आए थे। अमित, प्रतापगढ़ जिले के संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के पचीसा असोगी गांव के रहने वाले हैं। अमित ने बताया कि शनिवार रात करीब 10.30 बजे अपने भतीजे अनिकेत मौर्या के साथ जन्माष्टमी के लिए खरीदारी करने चार पहिया वाहन से सूची जा रहे थे। सिंहापुर मोड़ के पास उन पर हमला किया गया। गाड़ी के शीशे तोड़ दिए गए। विरोध पर आरोपियों ने मारपीट की।

### पुलिस के आने से पहले हमलावर फरार हो गए

घायलों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। लेकिन, पुलिस के आने से पहले हमलावर फरार हो गए। मामला डिप्टी सीएम के रिश्तेदारों से जुड़ा होने के कारण पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। जगतपुर थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के मनीरामपुर निवासी प्रफुल्ल सिंह, कुनाल सिंह और जगतपुर कोतवाली क्षेत्र के पूरे कछवाह निवासी किशोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। हमलावरों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# एलडीए की नैमिष नगर योजना का ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

- 18 गांवों की भूमि अधिग्रहण के खिलाफ किसानों की महापंचायत, कृषि भूमि देने से इनकार

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



लखनऊ विकास प्राधिकरण की नैमिष नगर आवासीय योजना का किसानों ने जोरदार विरोध किया है। बीकेटी तहसील क्षेत्र के सैरपुर में रविवार को सैकड़ों किसानों ने महापंचायत की। किसानों ने अपनी कृषि योग्य भूमि एलडीए को देने से साफ मना कर दिया है। बता दें कि योजना के तहत बीकेटी तहसील के 18 गांवों की 1084 हेक्टेयर भूमि चिह्नित की गई है। इन गांवों में भौली, लक्ष्मीपुर, पूरब गांव, पुरवा, सैरपुर, फरूखाबाद, कोड़री भौली, कमलाबाद, कमलापुर, पलहरी, गोपरामऊ, बारूमऊ, धतिंगरा, सैदापुर, पश्चिम गांव, धोबैला, उमरभारी और दुग्गौर शामिल हैं। वहीं महापंचायत का नेतृत्व कर रहे लल्लन कुमार ने किसानों की मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि सरकार या एलडीए बिना किसानों की सहमति के जमीन का अधिग्रहण न करे। उपजाऊ खेती की जमीन के बजाय बंजर सरकारी खाली पड़ी जमीनों का उपयोग किया जाए। किसानों ने पुस्तैनी जमीन को अधिग्रहण से बाहर रखने की मांग की है। वहीं नैमिष नगर योजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें तीन लाख लोगों को आवासीय सुविधा देने का लक्ष्य है। एलडीए ने इस योजना को धरातल पर उतारने का काम शुरू कर दिया है। बीकेटी तहसील के पुरवा गांव में योजना का पहला साइट आफिस बन रहा है। किसानों का कहना है कि कृषि उनकी मुख्य आय का स्रोत है। कृषि भूमि से ही उनकी पहचान है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस योजना को क्षेत्र की अन्य जगह स्थानांतरित करने की मांग की है।

# ओडिशा और आंध्र की तरफ शिफ्ट हुआ मानसून, पूरे प्रदेश में धूप और उमस का असर, जारी हुआ अलर्ट

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

यूपी में बीते दो दिनों से धूप और उमस का दौर जारी है। राजधानी लखनऊ और उसके आसपास के जिलों में सुबह से ही तेज और तीखी धूप का एहसास हो रहा है। धूप की वजह से उमसी भी बढ़ी है। मौसम विभाग के अनुसार धूप और उमस की यह स्थिति कमोबेश पूरे प्रदेश में है। आने वाले दो से तीन दिनों तक बारिश के आसार नहीं हैं। इससे दिन और रात दोनों के तापमान में बढ़ोत्तरी हुई है।

### कहीं भी भारी बारिश का अलर्ट नहीं

उत्तर प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट लिया है। मौसम विभाग का कहना है कि मानसून की सक्रियता में कमी आने से उत्तर प्रदेश में अगले तीन- चार दिनों तक कहीं कहीं छिटपुट बारिश को छोड़कर प्रभावी बारिश की संभावना कम है। बारिश में कमी से बढ़ी हुई गर्मी और उमस लोगों को परेशान करेगी। बादल छंटने और धूप होने से दिन और रात दोनों के तापमान में बढ़ोतरी होगी। हालांकि इस दौरान पश्चिमी यूपी के तराई हिस्सों में कहीं कहीं बादल छाने और बौछार पड़ने की संभावनाएं हैं।

### दक्षिण की ओर खिसका मानसून

मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक उत्तर प्रदेश में मानसून अपनी सामान्य स्थिति से दक्षिण की ओर खिसक गया है। बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दाब क्षेत्र दक्षिणी ओडिशा और उत्तरी आंध्र प्रदेश तट को पार कर चुका है। इन्हीं वजहों से उत्तर प्रदेश में अगले 3-4 दिनों तक मानसून की सक्रियता कम रहेगी।

### राजस्थान में भारी बारिश की संभावना

आईएमडी निम्न दबाव प्रणाली के कारण आने वाले दिनों में राजस्थान के कई हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना जताई है। उदयपुर और जोधपुर मंडल में अगले चार-पांच दिनों के दौरान मध्यम स्तर की वर्षा हो सकती है। इस दौरान तेज हवाएं भी चल सकती हैं। कोटा, अजमरे, जयपुर, भरतपुर और बीकानेर मंडलों में भी गरज के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है।

# डीजी ने जेल अफसरों और कर्मियों को प्रशंसा चिन्ह देकर किया सम्मानित



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस पर आलमबाग स्थित कारागार मुख्यालय पर डीजी जेल पीसी मीणा ने तिरंगा फहराने के बाद विभाग में सराहनीय कार्य करने वाले जेल अफसरों व कर्मियों को प्रशंसा चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह के दौरान डीजी जेल ने लखनऊ परिक्षेत्र के जेल डीआईजी डॉ. रामधनी को प्रशंसा पत्र दिया। साथ ही वरिष्ठ जेल अधीक्षक विजय विक्रम सिंह व जेल अधीक्षक मृत्युंजय कुमार पांडेय सहित अन्य जेल कर्मियों को प्रशंसा चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अपर महानिरीक्षक जेल धर्मेंद्र सिंह, जेल डीआईजी सुभाष चन्द्र शाक्य व प्रदीप गुप्ता मौजूद रहे। वहीं शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस पर जिला जेल में वरिष्ठ जेल अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल, आदर्श कारागार में अधीक्षक महाप्रकाश सिंह व नारीबंदी निकेतन में प्रभारी अधीक्षक ने तिरंगे को सलामी दी। इसके बाद जिला जेल पर तैनात डिप्टी जेलर डॉ. आरती पटेल, प्रधान सहायक राजकुमार पाल व बंदी रक्षक मारकंडेय सिंह को राजेंद्र जायसवाल ने व अधीक्षक महाप्रकाश सिंह ने मॉडल जेल के प्रभारी जेलर डीपी सिंह, डिप्टी जेलर सायमा जलीस, प्रधान बंदी रक्षक संतोष तिवारी, प्रशांत पाठक, बंदीरक्षक सोनू शर्मा व वरिष्ठ सहायक राकेश कुमार को प्रशंसा चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बंदियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। महिला बंदियों के बच्चों ने भी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी, जेलर सुनील दत्त मिश्रा, डिप्टी जेलर आशुतोष मिश्र, कुंवर वीरेंद्र विक्रम सिंह व अजय कुलवंत सहित सभी जेलकर्मी मौजूद रहे।

# पुलिस की गुंडाई,महिलाओं का गला घोंटकर जमीन पर पटका

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

कन्नौज से हैरान कर देने वाला वीडियो सामने आ रहा है। इसमें पुलिस और ग्रामीणों के बीच अच्छी खासी हाथापाई देखने को मिल रही है। घंटों चले बवाल में पुलिस और पत्रकारों समेत कई ग्रामीण घायल हो गए। बिजली के खंभे पर चढ़ा ब्रजेश नाम का एक बिजली कर्मचारी अचानक बिजली लाइन चालू होने पर करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। जिसके बाद उसके परिजनों ने युवक का शव पावर हाउस के सामने रखकर जबरदस्त हंगामा किया। ये बवाल इतना बढ़ गया कि इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प हो गई जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना ठठिया थाना क्षेत्र के पुनगरा गांव की बताई जा रही है। पुनगरा गांव निवासी बृजेश शुक्रवार को पुनगरा गांव में बिजली के खंभे पर बिजली लाइन ठीक कर रहा था। जिस दौरान शटडाउन लेने के बाद अचानक बिजली आपूर्ति शुरू हो गई, वहीं फिर ये शख्स करंट के चपेट में आ गया और उसी दौरान इसने दम तोड़ दिया।

# सपा ने मुसलमानों को बिरयानी में तेज पत्ते की तरह किया इस्तेमाल : ब्रजेश

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती के अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य , उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। ब्रजेश पाठक ने कहा, ÷रानी अवंती बाई लोधी की जयंती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई। उनका जीवन वीर गाथाओं से भरा है।उन्होंने भारत माता के सम्मान की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। वे कभी झुकीं नहीं।हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।ब्रजेश पाठक ने कहा, अखिलेश यादव हताश हैं।उन्हें बताना चाहिए कि वे एक ही परिवार में इतनी बड़ी संख्या में वोटर कार्ड क्यों बनवा रहे हैं। अगर मुस्लिम समुदाय उन्हें वोट देना बंद कर देगा तो वे एक बेकार पार्टी बनकर रह जाएँगे।अल्पसंख्यकों का तुष्टिकरण करके सत्ता में आने का सपना वे देख रहे हैं, वह कभी पूरा नहीं होगा। प्रदेश के मतदाता आने वाले समय में उन्हें कभी माफ़ नहीं करेंगे।

# यूपी मत्स्य पालक कल्याणकोष स्थापना करने वाला पहला राज्य : निषादराज

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

कैबिनेट मंत्री मत्स्य विभाग एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद आज ग़ाज़ियाबाद पहुँचे।मीडिया से मुखातिब डॉ. निषाद ने बताया कि उत्तर प्रदेश में मत्स्य विभाग को देश में अव्वल बनाने के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। इनमें प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना प्रधानमंत्री मछुआ दुर्घटना बीमायोजना किसान क्रेडिट कार्ड मत्स्य पालन क्षेत्र हेतु मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना निषाद राज बोट योजना माता सुकेता केज कल्चर सघन मत्स्य पालन हेतु एरियेशन मोपेड विथ आइस बॉक्स ग्राम समाज तालाब पट्टा एनएफडीबी पंजीकरण और सहकारी समितियों का गठन एवं पंजीकरण प्रमुख हैं।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य है जहाँ मत्स्य पालक कल्याणकोष की स्थापना की गई है। इस कोष के माध्यम से मछुआ समाज को चिकित्सा, शिक्षा, दैवीय आपदा सहायता, प्रशिक्षण, नाव-जाल क्रय, विवाह सहायता सहित अन्य अनेक योजनाओं से प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ प्रदान किया जा रहा है। गौतमबुद्ध नगर में 1 करोड़ 69 लाख रुपये से अधिक की धनराशि मछुआ समाज के हित में आवंटित की गई है। आगामी 20 अगस्त को निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी का स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय अधिवेशन नई दिल्ली स्थित तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में होगा। इसमें देश और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से मछुआ समाज के लोग बड़ी संख्या में प्रतिभाग करेंगे। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श उपरांत एनडीए के घटक दल के रूप में रणनीति तय की जाएगी। उत्तर प्रदेश में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निषाद पार्टी स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेगी और इस संबंध में अधिवेशन में प्रस्ताव पारित किया जाएगा।निषाद पार्टी की स्थापना ही मछुआ समाज के आरक्षण के मुद्दे को हल करने के उद्देश्य से की गई थी, क्योंकि स्वतंत्रता के इतने वर्षों बाद भी यह समाज विकास की मुख्यधारा से वंचित रहा है।

▸ पढ़ें पेज 07 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## भारत की ट्रिपल इंजन कूटनीति ने दुनिया में मचाया धमाल

**भारत-चीन संबंधों में आई ठंडक को कम करने और बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को मजबूती देने का अवसर भी है। हाल के वर्षों में गलवान संघर्ष, डोकलाम गतिरोध और व्यापारिक तनावों ने भारत-चीन संबंधों को कई बार संकट में डाला। हालांकि पिछले वर्ष ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच यह सहमति बनी थी कि सीमा विवाद शांति बनाए रखते हुए सुलझाए जाएंगे। यह सहमति अभी तक अक्षुण्ण है।**

*भारत का मौजूदा कूटनीतिक कैलेंडर इस समय एक दुर्लभ समन्वय का उदाहरण है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल तीनों समानांतर मोर्चों पर काम कर रहे हैं। यह ट्रिपल इंजन रणनीति भारत को न केवल अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सक्रिय बनाए रखती है, बल्कि विभिन्न वैश्विक शक्ति केंद्रों के साथ तालमेल बैठाने में भी मदद करती है। मोदी का आगामी तियानजिन (चीन) दौरा, स्ह्ह शिखर सम्मेलन में भागीदारी और सीमा शांति पर जोर, जयशंकर का मॉस्को दौरा और रूस के साथ ऊर्जा व तकनीकी सहयोग पर वार्ता तथा डोभाल की चीन व रूस में उच्च-स्तरीय सुरक्षा बातचीत, ये सभी एक ही लक्ष्य की ओर इशारा करते हैं- रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखते हुए बहु-संरेखण की नीति को मजबूत करना। अमेरिका के साथ टैरिफ विवाद और वैश्विक शक्ति-संतुलन में हो रहे बदलाव के बीच, यह सक्रियता भारत को न केवल दबाव झेलने की क्षमता देती है, बल्कि उसे एक निर्णायक वैश्विक खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी ले जाती है। भारत का यह व्यस्त कूटनीतिक कैलेंडर इस बात का संकेत है कि आने वाले महीनों में क्षेत्रीय और वैश्विक राजनीति में उसकी भूमिका और भी अहम होने वाली है। हम आपको बता दें कि भारत की कूटनीति इस समय तीन मोर्चों पर एक साथ सक्रिय है– अमेरिका से टैरिफ विवाद, रूस के साथ सामरिक-आर्थिक साझेदारी और चीन के साथ सीमा मुद्दों पर संवाद। इसी परिप्रेक्ष्य में विदेश मंत्री एस. जयशंकर अगले सप्ताह रूस की राजधानी मॉस्को में अपने समकक्ष सर्गेई लावरोव से 21 अगस्त को वार्ता करेंगे, जबकि इससे पहले 18 अगस्त को चीन के विदेश मंत्री वांग यी नई दिल्ली में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ सीमा मुद्दे पर वार्ता करेंगे। यह घटनाक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस माह के अंत में तियानजिन (चीन) यात्रा की पृष्ठभूमि तैयार कर रहा है, जहां वह शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। पिछले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के उत्पादों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाकर कुल सीमा शुल्क 50 प्रतिशत कर दिया, जिसका सीधा कारण भारत का रूसी तेल का आयात बताया गया। हालांकि भारत ने स्पष्ट किया है कि ऊर्जा खरीद राष्ट्रीय हित और बाज़ार परिस्थितियों पर आधारित है, न कि किसी दबाव पर। यह कदम भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव पैदा कर सकता है, खासकर ऐसे समय में जब भारत संयुक्त राष्ट्र महासभा के लिए प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा पर विचार कर रहा है। इसी बीच, रूस के साथ भारत उच्च-स्तरीय संवाद तेज कर रहा है। ह्वस्र डोभाल हाल ही में मॉस्को जाकर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिले थे और अब जयशंकर वहां द्विपक्षीय मुद्दों, ऊर्जा सहयोग और पुतिन की आगामी भारत यात्रा की तैयारियों पर चर्चा करेंगे। उधर, चीनी विदेश मंत्री वांग यी की नई दिल्ली यात्रा स्पेशल रिप्रेजेंटेटिव संवाद के तहत हो रही है, जिसमें वांग और डोभाल सीमा मुद्दे पर वार्ता करेंगे। यह वार्ता ऐसे समय हो रही है जब गलवान घाटी की 2020 की हिंसक झड़प के बाद भारत-चीन संबंधों में आई कड़वाहट को कम करने के लिए दोनों देश कई संवाद तंत्रों को पुनर्जीवित कर रहे हैं। हम आपको याद दिला दें कि पिछले वर्ष कज़ान (रूस) में मोदी और शी जिनपिंग की मुलाकात में कैलाश मानसरोवर यात्रा बहाल करने, चीनी पर्यटकों को वीज़ा जारी करने और जल्द ही सीधी उड़ानें शुरू करने जैसे कदमों पर सहमति बनी थी।*

### एक्सप्रेस आलेख

**खेती में प्रदूषकों की रोकथाम से जल संसाधनों के संकट और पारिस्थिकी तंत्र में बदलाव के संकट को कम किया जा सकता है। नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को नियमित करके समस्या को काफी हद तक सुलझाया जा सकता है। उपलब्ध जल संसाधनों तक उपभोग को सीमित करके, संसाधन पर दवाब कम किया जा सकता है। आज हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं, हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है, विज्ञान और तकनीक में नए मुकाम हासिल हो रहे हैं। मेट्रो ट्रेन, डिजिटल पेमेंट, सैटेलाइट मिशन और वैश्विक मंच पर बढ़ता प्रभाव हमें गर्व से भर देता है। लेकिन इस चमक के पीछे एक सच छुपा है-हमारी आज़ादी अब भी अधूरी है।**

## हवा-पानी की आज़ादी के बिना आज़ादी अधूरी



ललित गर्ग

**हमने अंग्रेज़ी शासन से मुक्ति पाई, लेकिन अगर हमारे बच्चे दूषित हवा में सांस लें और जहरीला पानी पिएं, तो यह कैसी आज़ादी है? आज़ादी का वास्तविक अर्थ तभी होगा जब हर नागरिक को स्वच्छ हवा और शुद्ध पानी मिले। 78वां स्वतंत्रता दिवस केवल झंडा फहराने और भाषण देने का नहीं, बल्कि जीवनदायिनी संसाधनों की रक्षा का संकल्प लेने का अवसर है। अपने घर, मोहल्ले और कार्यस्थल पर पानी बचाने की आदत डालें।**

देश एवं दुनिया के सामने स्वच्छ जल एवं बढ़ते प्रदूषण की समस्या गंभीर से गंभीरतर होती जा रही है। शुद्ध हवा एवं पीने के स्वच्छ जल की निरन्तर घटती मात्रा को लेकर बड़े खतरे खड़े हैं। धरती पर जीवन के लिये जल एवं हवा सबसे जरूरी वस्तु है, जल एवं हवा है तो जीवन है। जल एवं हवा ही किसी भी प्रकार के जीवन और उसके अस्तित्व को संभव बनाता है। जीवन के तीन आधार तत्व हैं-हवा, पानी और धरती है। इनकी संरक्षा न केवल हमारी अस्तित्व-निर्भरता से जुड़ी है, बल्कि मानवता की नैतिक जिम्मेदारी भी है। आज का युग, जिस तेज़ी से विकसित हो रहा है, उसी भागदौड़ में हवा और पानी को परम स्वाधीनता से वंचित कर रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध, दिल्ली का उच्च प्रदूषण सूचकांक, अमेरिका के जंगलों की धुएं से गंदली हवा, बढ़ता वाहन प्रदूषण-ये सब संकेत देते हैं कि हवा से आज़ादी मतलब 'स्वस्थ हवा' पाना है। हमारे ÷आज़ादी÷ को नया अर्थ चाहिए तो यह प्राकृतिक संसाधनों यानी हवा एवं पानी की आज़ादी पर भी निर्भर है, जो मानव व पर्यावरण-जगत दोनों के लिए जीवनदायिनी है। स्वतंत्रता का अर्थ केवल राजनीतिक बंधनों से मुक्ति नहीं है, बल्कि जीवन के हर पहलू में सुरक्षित, स्वस्थ और सम्मानजनक अस्तित्व का अधिकार है। 78वें स्वतंत्रता दिवस पर जब हम आज़ादी का जश्न मना रहे हैं, तब यह सवाल भी उठाना जरूरी है कि क्या हमें हवा और पानी की सच्ची आज़ादी मिली है? आज़ादी केवल तिथि नहीं, एक निरंतर संघर्ष है। यह सिर्फ़ झंडा फहराने का अधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं, समान अवसर और सम्मान देने की जिम्मेदारी है। हवा, पानी और धरती- इनके बिना जीवन संभव नहीं। पर दुर्भाग्य से आज इन मूलभूत संसाधनों पर गहरा संकट है। स्वच्छ हवा में सांस लेना और शुद्ध पानी पीना अब विलासिता जैसी चीज़ बनती जा रही है। 'हवा-पानी की आज़ादी' का मतलब है कि हर व्यक्ति को स्वच्छ हवा और शुद्ध पानी तक सहज पहुंच हो। यह केवल स्वास्थ्य का ही नहीं, बल्कि मानवता का मूल अधिकार है। परंतु शहरीकरण, औद्योगीकरण और संसाधनों के दुरुपयोग ने हवा और पानी दोनों को विषाक्त बना दिया है। विश्व में 2.2 अरब लोगों के पास सुरक्षित पेयजल की सुविधा नहीं है। भारत में करोड़ों लोग अभी भी दूषित या अपर्याप्त पानी पर निर्भर हैं। रसायनयुक्त कृषि, औद्योगिक अपशिष्ट, प्लास्टिक प्रदूषण और भूजल के अंधाधुंध दोहन ने जल की गुणवत्ता को लगातार गिराया है। जल संकट भविष्य में सबसे बड़ा युद्ध का कारण बन सकता है। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ती युद्ध की संभावनाओं का कारण भी जल ही बनता हुआ दिख रहा है। ऑपरेशन सिंधूर के बाद भारत ने पाक पर सिंधु जल समझौते को रद्द कर देने से पाक में जल संकट खड़ा हो गया है, पाक की ओर से परमाणु बम की धमकी दी जा रही है, वहीं भारत भी युद्ध की संभावनाओं को देखते हुए तैयार में जुट गया है। जल संकट केवल भारत और पाक में ही नहीं, दुनिया में एक बड़ी समस्या है। क्योंकि ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, नदियों का प्रवाह घट रहा है, भूजल का स्तर गिर रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण बाढ़, सूखा और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ी हैं। आंकड़े बताते हैं कि 2000 से अब तक बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। धरती का 70 प्रतिशत भाग पानी से भरा है, लेकिन पीने योग्य पानी केवल 3 प्रतिशत है, जिसमें से उपयोगी मीठा जल 1 प्रतिशत से भी कम है। बढ़ती जनसंख्या और बर्बादी ने इस अमूल्य संसाधन को गंभीर संकट में डाल दिया है। दिल्ली और अन्य महानगरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार 'बहुत खराब' या 'खतरनाक' श्रेणी में पहुंचता है। प्रदूषित हवा श्वसन रोग, हृदय रोग और कैंसर तक का कारण बन रही है। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव पड़ता है। रिसर्च बताती है कि दिल्ली के 75 प्रतिशत से अधिक बच्चों को सांस लेने में कठिनाई होती है, आंखों में जलन और खांसी की शिकायत रहती है। वाहन प्रदूषण, औद्योगिक धुआं, निर्माण गतिविधियों की धूल और फसल अवशेष जलाना-ये सब मिलकर हवा को ज़हरीला बना रहे हैं। भारत के पास जल प्रबंधन की प्राचीन परंपरा रही है-तालाब, कुएं, बावड़ियां, जोहड़ और सरोवर जल संरक्षण के अद्भुत उदाहरण हैं। राजस्थान के किलों और गांवों में जल संचयन व्यवस्था आज भी दुनिया के लिए प्रेरणा है।



**आज़ादी केवल तिथि नहीं, एक निरंतर संघर्ष है। यह सिर्फ़ झंडा फहराने का अधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं, समान अवसर और सम्मान देने की जिम्मेदारी है। हवा, पानी और धरती- इनके बिना जीवन संभव नहीं।**

पर्यावरणविद अनुपम मिश्र कहते थे अब भी खरे हैं तालाब।÷ आज आवश्यकता है कि हम इन परंपराओं को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर जल संकट का समाधान करें। सरकार ने 'अटल भूजल योजना', 'नल से जल' और 'नदी पुनर्जीवन' जैसी योजनाएं शुरू की हैं। लेकिन केवल सरकारी प्रयास काफी नहीं, जनभागीदारी आवश्यक है। गांव-गांव में वर्षा जल संचयन, नदियों की सफाई, औद्योगिक अपशिष्ट का प्रबंधन और भूजल संग्रहण की व्यवस्था अनिवार्य होनी चाहिए। हवा की शुद्धता के लिए जरूरी है कि सार्वजनिक परिवहन को विश्वसनीय और सुलभ बनाया जाये, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जाये, औद्योगिक उत्सर्जन पर सख्त नियंत्रण हो, हरित क्षेत्र और वृक्षारोपण को बढ़ाना अत्यंत जरूरी कदम हैं। आज़ादी का असली मतलब यह है कि सत्ता का केंद्र नागरिक हो, उसकी मूलभूत सुविधाएं हो और उसकी आवाज़ सिर्फ़ चुनावी भाषणों में नहीं, नीतियों और फैसलों में भी सुनी जाए। आजादी के अमृतकाल में 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाते हुए हमें हवा एवं पानी की आजादी के लिये संकल्प लेना होगा। वायु-जल संसाधनों पर गहराते संकट को खत्म करने के लिए अपनी जीवन-शैली में परिवर्तन करना होगा। इसके लिए सभी लोगों को बच्चे-बूढ़े, स्त्री-पुरूष, किसान, उद्यमियों सभी को पहल करनी है। पानी को बचाने एवं हवा की शुद्धि की आदत को व्यवहार में ढालना होगा। हवा में घूल रहा प्रदूषण भी खतरनाक होता जा रहा है। भू-विज्ञान मंत्रालय के एक रिसर्च के अनुसार वायु निर्माण में 41 प्रतिशत हिस्सेदारी वाहनों की रहती है। भवन निर्माण आदि से उड़नेवाली धूल 21.5 प्रतिशत के दूसरे स्थान पर है। दिल्ली परिवहन विभाग के आंकड़े के मुताबिक पिछले 30 साल में वाहन और उनसे होने वाला प्रदूषण तीन गुणा बढ़ गया है। फिर भी सार्वजनिक यातायात व्यवस्था को बेहतर और विश्वसनीय बनाने की दिशा में कुछ खास नहीं किया गया। इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा।

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | दशमी 05:22 तक |
| नक्षत्र: | मृगशिरा 02:06 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | सोमवार |
| योग: | हर्षण, 11:00 तक |
| सूर्योदय: | 05:52 |
| सूर्यास्त: | 18:58 |
| चंद्रमा: | वृषभ राशि में |
| राहुकाल: | 12:05-12:56 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्त: | 11:58-12:51 |

## जन एक्सप्रेस

### फिर कैसे उत्कर्ष ?

*जो सूची मतदाता है ।*
*लेकर उसे बवाल ।।*
*कोई उससे है खुश ।*
*और कुछ करें बवाल ।।*
*ना मिलती जब सत्ता ।*
*करना पड़ता काम ।।*
*भले राह में रोड़े ।*
*और मुश्किलें तमाम ।।*
*पाने को अधिकार ।*
*है करना संघर्ष ।।*
*बस केवल सवाल तो ।*
*फिर कैसे उत्कर्ष ?*
*गड़बड़ी का है यदि शक ।*
*मशविरा पर जोर ।।*
*ना कुछ मिलने वाला ।*
*जब केवल पुरजोर ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## सिर्फ 1 महीने मेथी का पानी पिएंगे तो मिलेंगे कई फायदे

**मेथी** भारतीय आयुर्वेद ही नहीं बल्कि, चीनी चिकित्सा परंपरा में हमेशा से इस्तेमाल किया जाता रहा है। मेथी के बीज हों या फिर इसकी पत्तियों अलग-अलग तरीके से लोग इसे इस्तेमाल करते आए हैं। लेकिन, आज हम बात करेंगे कि मेथी के पानी की। दरअसल, मेथी को पानी मे उबालकर इस पानी को पीना या फिर मेथी को पीसकर पानी में मिलाकर पीना आपको कई बीमारियों से बचा सकता है। जब आप मेथी के बीजों का पानी बनाकर पीते हैं तो इसके बायोएक्टिव कपांउड एक्टिव हो जाते हैं और फिर सेहत के लिए अलग-अलग तरीके से काम करते हैं। इसके अलावा मेथी के पानी का सेवन सेहत को कई लाभ पहुंचा सकता है। बताते हैं मेथी के दानों को पानी में भिगोकर बनाया जाने वाला मेथी का पानी सदियों से कई बीमारियों की पारंपरिक दवा रहा है। सिर्फ़ एक महीने तक मेथी का पानी पीने से इसके पौष्टिक तत्वों और औषधीय गुणों के कारण आपके शरीर में कई महत्वपूर्ण बदलाव आ सकते हैं।



**1 चम्मच मेथी में होता है 3 ग्राम प्रोटीन:** 1 चम्मच मेथी यानी लगभग 10 ग्राम में मेथी में 3 ग्राम प्रोटीन होता है। जब आप इसका पानी पीते हैं तो यह शरीर में हार्मोनल हेल्थ को बेहतर बनाने के साथ मांसपेशियों की सेहत को भी बेहतर बनाने में मदद करता है। यह भूख कंट्रोल करने में मदद करता है जिससे कैलोरी कंट्रोल में मदद मिलती है और वेट लॉस भी अच्छा होता है।

**आयरन से भरपूर:** आपको हैरानी हो सकती है लेकिन, 1 चम्मच मेथी में लगभग 4 ग्राम आयरन होता है। जब आप इसका पानी पीते हैं तो यह शरीर में रेड सेल्स को बढ़ावा देने के साथ खून की कमी स बचा सकता है। इसके अलावा आयरन बालों का झड़ना कम करने के साथ खी प्रकार की बीमारियों से बचाव में भी मददगार है।

**मैग्निशयम से भरपूर:** अगर आप चाहते हैं कि आपकी मांसपेशियां और हड्डियां हेल्दी रहें तो आप मैग्निशियन से भरपूर मेथी का पानी पी सकते हैं। ऐसा इसलिए भी कि 1 चम्मच मेथी के बीज में 6 ग्राम मैग्निशियम होता है जो कि आपकी मांसपेशियों और दिल को सेहतमंद रखने में भी मददगार हो सकता है।

**शुगर कंट्रोल करने में मददगार:** जब आप 1 महीने तक मेथी के बीज का पानी पीते हैं तो शुगर मैनेज करने में मदद कर सकता है। इससे आप शरीर में शुगर की वजह से होने वाली समस्याओं से बच सकते हैं। इसके अलावा जिन लोगों को पीसीओडी या फिर शुगर सेंसिटिविटी से जुड़ी समस्या है उनके लिए मेथी केप पानी का सेवन फायदेमंद हो सकता है।

**कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करने में मददगार:** 1 महीने तक मेथी का पानी पीना शरीर में कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करने में मदद कर सकता है। इसकी वजह से शरीर के बैड फैट लिपिड्स में कमी आती है जिससे धमनियां स्वस्थ रहती हैं, बीपी बैलेंस होता है और कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद मिलती है।

**मेटाबॉलिज्म तेज करने में मददगार:** 1 महीने तक मेथी का पानी पीने से मेटाबॉलिज्म तेज करने में मद मिल सकती है। इसकी वजह से आप तेजी से अपना वेट लॉस कर सकते हैं। इसके अलावा जिन लोगों को कब्ज की समस्या रहती है उनके लिए भी मेथी के बीज का पानी पीना मल त्याग को आसान बनाने और पाचन क्रिया को तेज करने में मदद कर सकता है।

### एक्सप्रेस विशेष

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और स्वतंत्रता आंदोलन



लोकेन्द्र सिंह

**संघ के स्वयंसेवकों ने 1942 के 'अंग्रेजो, भारत छोड़ो' आंदोलन में भी सहभागिता की। 8 अगस्त, 1942 को मुंबई के गोवलिया टैंक मैदान पर कांग्रेस अधिवेशन में महात्मा गांधीजी ने आंदोलन की घोषणा की। दूसरे दिन से ही देशभर में आंदोलन प्रारंभ हो गया।**

**कांग्रेस का यह निर्णय संघ के घोषित उद्देश्य के अनुरूप था। इसलिए इससे आनंदित होकर सरसंघचालक डॉ. हेडगेवार ने संघ की सभी शाखाओं को 26 जनवरी, 1930 को कांग्रेस का अभिनंदन करने, राष्ट्रध्वज का वंदन करने और स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही यह भी कहा कि शाखाओं पर भाषण करके स्वतंत्रता के वास्तविक अर्थ एवं महत्व को समझाया जाए।**

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक के बारे में अज्ञानता से घिरे लोग अकसर यह प्रश्न पूछते हैं कि स्वतंत्रता आंदोलन में संघ की क्या भूमिका रही है? कुछ लोग इससे भी आगे बढ़ जाते हैं और पूछते हैं कि संघ के किसी एक कार्यकर्ता का नाम ही बता दीजिए, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया हो? संघ की स्थापना जिन्होंने की, वे डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार स्वयं ही जन्मजात देशभक्त थे। डॉ. हेडगेवार क्रांतिकारी भी रहे, कांग्रेस में रहकर राजनीतिक संघर्ष किया और जेल भी गए। बाद में, देश की सर्वांग स्वतंत्रता और स्वतंत्रता को स्थायी बनाने के उद्देश्य से उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। डॉ. हेडगेवार अकेले नहीं हैं, अपितु स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लेनेवाले संघ के ज्ञात-अज्ञात कार्यकर्ताओं की लंबी श्रृंखला है। जो संगठन अपने कार्यकर्ताओं को यह शपथ दिलाता हो कि मैं हिन्दूराष्ट्र को स्वतंत्र कराने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का घटक बना हूँ, उसने कितने ही लोगों के मन में स्वतंत्रता प्राप्ति का भाव भरा होगा, उसकी सहज कल्पना की जा सकती है। भारत में प्रतिज्ञा का बहुत महत्व है। हमें भीष्म प्रतिज्ञा का स्मरण है। राजा हरिशचंद्र की सत्य बोलने की प्रतिज्ञा ध्यान है। मुगलिया सल्तनत के अत्याचार के विरुद्ध महाराण प्रताप की प्रतिज्ञा को कौन भूल सकता है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने शिव को साक्षी मानकर प्रतिज्ञा करके 'स्वराज्य' की नींव रखी, जिसे साकार करने में संपूर्ण समाज प्राणपण से जुट गया। संघ के स्वयंसेवक भी इसी भाव के साथ प्रतिज्ञाबद्ध होते हैं कि वह जो प्रतिज्ञा ले रहे हैं, उसको पूर्ण करने में अपना सर्वस्व देंगे और प्रतिज्ञा को आजन्म निभाएंगे। मार्च 1928 में नागपुर के निकट एक पहाड़ी पर स्वयंसेवकों को एकत्र करके, भगवाध्वज के समक्ष प्रतिज्ञा का पहला कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया था। देश की पूर्ण स्वतंत्रता एवं विकास के लिए स्वयंसेवकों को वीरव्रती बनाने के निमित्त आयोजित इस प्रथम कार्यक्रम में 99 स्वयंसेवकों ने प्रतिज्ञा की थी। इस अवसर पर डॉ. हेडगेवार ने संघ के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए जो भाषण दिया, वह स्वतंत्रता प्राप्ति की संघ की आकांक्षा को स्पष्टतौर पर व्यक्त करता है। उन्होंने कहा- ÷हमारा उद्देश्य हिन्दू राष्ट्र की पूर्ण स्वाधीनता है। संघ का निर्माण इसी महान लक्ष्य के लिए हुआ है÷। इस स्पष्ट अभिव्यक्ति के बाद कहने के लिए कुछ और भी बचता है क्या? यह भी समझना होगा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता अपनी नित्य प्रार्थना में कहते हैं कि इस राष्ट्र को परम वैभव पर लेकर जाना है। क्या कोई पराधीन राष्ट्र परम वैभव पर जा सकता है? स्पष्ट है कि भारत की स्वतंत्रता का लक्ष्य संघ की स्थापना में निहित था। डॉक्टर साहब ने 1929 में वर्धा में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में भी स्वयंसेवकों एवं नागरिकों की एक सभा में प्रखरता के साथ कहा, ब्रिटेन की सरकार ने अनेक बार भारत को स्वतंत्र करने का आश्वासन दिया है, परंतु वह झूठा साबित हुआ। अब यह साफ हो गया कि भारत अपने बल पर स्वतंत्रता प्राप्त करेगा। याद रहे कि डॉ. हेडगेवार ने महात्मा गांधी के आह्वान पर 'नमक सत्याग्रह' में शामिल होकर विदर्भ प्रांत में 1930 में 'जंगल सत्याग्रह' किया। इस आंदोलन में उनके साथ अनेक प्रमुख स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। सत्याग्रहियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया। डॉक्टर साहब को नौ माह का कठोर कारावास दिया गया। इससे पूर्व 1921 के आंदोलन में भी डॉक्टर साहब को जेल की सजा हुई थी। महात्मा गांधी के सविनय अवज्ञा आंदोलन को मध्यभारत में सफल बनाने के लिए स्वयंसेवकों ने अथक प्रयास किया। संघ के सरकार्यवाह जीएम हुद्दार, नागपुर के संघचालक अप्पा साहेब हलदे, सिरपुर के संघचालक बाबूराव वैद्य, संघ के सरसेनापति मार्तंडराव जोग के साथ संघ के अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं के आंदोलन में शामिल होने के कारण चार-चार माह का कारावास मिला। अपनी स्थापना के कई वर्षों बाद कांग्रेस को जनमानस के दबाव के कारण 31 दिसंबर, 1929 को लाहौर में रावी के तट पर पहली बार 'पूर्ण स्वराज्य' का प्रस्ताव पारित करना पड़ा। याद रहे कि डॉ. हेडगेवार ने 1920 में नागपुर में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन में ही पूर्ण स्वराज्य का प्रस्ताव पारित कराने का प्रयास किया था। उन्होंने कांग्रेस की प्रस्ताव समिति के सामने सुझाव रखा था कि कांग्रेस का उद्देश्य भारत को पूर्ण स्वतंत्र कर भारतीय गणतंत्र की स्थापना करना और विश्व को पूंजीवाद के चंगुल से मुक्त करना होना चाहिए। बहरहाल, सम्पूर्ण स्वतंत्रता का उनका सुझाव कांग्रेस ने 9 वर्ष बाद 1929 के लाहौर अधिवेशन में स्वीकृत किया।

# खेतों की खुशबू से महकता प्रशासन

## दो वर्षों में जिला गन्ना अधिकारी ने बदल दी पीलीभीत की तस्वीर



जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार

**पीलीभीत।** जब कोई अधिकारी दफ्तर की ठंडी दीवारों के भीतर बैठकर कागज़ों पर योजनाएं बनाने की बजाय खेतों की पगडंडियों पर चलता है, मिट्टी की खुशबू में सांस लेता है और किसानों से आमने-सामने बात करता है, तब वह केवल सरकारी पदाधिकारी नहीं रह जाता, बल्कि जनता का साथी और मार्गदर्शक बन जाता है। पीलीभीत जनपद में जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने बीते दो वर्षों में इसी सोच को अपना कर्मसूत्र बना कर यह दिखा दिया है कि संवेदनशील और सक्रिय प्रशासन कैसे गांव और किसान की ज़िंदगी बदल सकता है।

### कर्मापुर की मिसाल और जैविक क्रांति

हाल ही में सहकारी गन्ना विकास समिति बीसलपुर के ग्राम कर्मापुर का उनका भ्रमण इस सोच का प्रत्यक्ष उदाहरण है। यहां किसान अशोक कुमार ने 50 से अधिक देशी गायों के साथ एक निजी गौ-आश्रय स्थल बनाया है, जहां वह निराश्रित और घायल गौवंश की देखभाल करते हैं। अशोक कुमार ने श्री भार्गव के मार्गदर्शन में रासायनिक खादों को छोड़कर पूरी तरह जैविक खेती अपनाई है।वे देशी गाय के गोबर और गौमूत्र से जीवामृत और घन जीवामृत तैयार करते हैं, जो मिट्टी की उर्वरता बढ़ाता है, सूक्ष्मजीवों की संख्या बढ़ाकर भूमि को जीवंत बनाता है और फसलों की गुणवत्ता व उत्पादन दोनों में वृद्धि करता है। यह पहल दर्शाती है कि जब किसानों को भरोसेमंद दिशा मिलती है, तो वे पारंपरिक और पर्यावरण-संरक्षक तरीकों की ओर आसानी से लौट सकते हैं।

### आपदा के समय भी खेतों में मौजूद

पीलीभीत में हाल में हुई भारी वर्षा और बाढ़ ने गन्ना फसलों को भी प्रभावित किया। ऐसे में गन्ना आयुक्त उत्तर प्रदेश, श्रीमती मिनिस्ती एस. (ढ्रूस) के निर्देश पर श्री भार्गव और उनकी टीम ने प्रभावित गांवों का दौरा कर किसानों को फसल बचाने के वैज्ञानिक तरीके बताए — जैसे जल निकासी की व्यवस्था, गिरे हुए गन्ने को सहारा देकर सीधा करना, रोग नियंत्रण के लिए फफूंदनाशकों का प्रयोग और नष्ट फसल वाले क्षेत्रों में वैकल्पिक फसल की योजना।उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि किसान किसी भी समय समस्या आने पर सीधे विभागीय कंट्रोल रूम या क्षेत्रीय अधिकारियों के सीयूजी नंबर पर संपर्क कर सकें। यह त्वरित संचार व्यवस्था आपदा प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### विश्वास ही सबसे बड़ी उपलब्धि

श्री भार्गव का सबसे बड़ा योगदान यह है कि उन्होंने किसानों के मन में प्रशासन के प्रति विश्वास पैदा किया। किसान उन्हें केवल अधिकारी नहीं, बल्कि अपना हितैषी और मार्गदर्शक मानते हैं। यह विश्वास किसी कागज़ी रिपोर्ट या आंकड़ों से नहीं, बल्कि खेत की मेड़ पर खड़े होकर किसानों से बात करने, उनके दुख-सुख में शामिल होने और उनके साथ समस्या का हल खोजने से पैदा होता है।आज जब कृषि नीति और योजनाएं अक्सर कागज़ से आगे नहीं बढ़ पातीं, तब पीलीभीत में एक अधिकारी ने यह साबित किया है कि यदि नीयत साफ हो और कार्यशैली जमीनी हो, तो बदलाव संभव है। खुशी राम भार्गव की दो वर्षों की यह यात्रा केवल एक प्रशासनिक कार्यकाल नहीं, बल्कि यह संदेश है कि जब अधिकारी खेत की धूप और कीचड़ से होकर गुजरते हैं, तभी किसानों की ज़िंदगी में नई रोशनी आती है।

### नीति से धरातल तक का सफर

श्री भार्गव का कार्यकाल सशक्त किसान, समृद्ध जनपद की परिकल्पना का सजीव उदाहरण है। उन्होंने अपने पद को केवल एक प्रशासकीय जिम्मेदारी के रूप में नहीं, बल्कि एक सामाजिक मिशन की तरह अपनाया। यही कारण है कि उनका हर दिन गांव-गांव के दौरे, किसानों से संवाद, समस्याओं का मौके पर समाधान और नई तकनीकों के प्रचार-प्रसार में बीतता है।मिट्टी परीक्षण, सूक्ष्म सिंचाई, फसल विविधीकरण, जैविक खेती, कीट प्रबंधन और उन्नत बीज चयन जैसे विषय उनके लिए कागज़ी रिपोर्ट नहीं, बल्कि किसानों के खेतों में हो रहे वास्तविक प्रयोग हैं। उन्होंने किसानों को न केवल खेती की तकनीकी जानकारी दी, बल्कि उन्हें यह भी समझाया कि बदलते समय में प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित और सतत उपयोग ही कृषि का भविष्य है।

## पूरनपुर में धूमधाम से निकाली गई दधिकांधो शोभायात्रा



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

रविवार को कस्बे के श्री ठाकुर द्वारा मंदिर समिति की ओर से श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में दधिकांधो शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा मंदिर से शुरू होकर स्टेशन रोड पहुंची। इसके बाद बड़े हनुमान मंदिर के सामने से शनिधाम मंदिर के पास होकर मेन बाजार रोड पर पहुंची। इसके बाद पकड़िया चौराहे से फिर स्टेशन रोड होकर मंदिर पर जाकर समाप्त हो गई। यात्रा में स्कूली बच्चे सुंदर झांकियों में सज धजकर बैठे हुए मनमोहक लग रहे थे। इस दौरान भगवान श्री कृष्ण और राधा रानी सहित कुल नौ झांकियां शामिल हुईं। डीजे पर भक्ति रस से सराबोर बज रहे गीतों पर भक्त झूमते गाते चल रहे थे। इस दौरान अध्यक्ष नवीन गुप्ता, महामंत्री हरगोविंद बाजपेई, राजीव खंडेलवाल, शिवम भदौरिया और हर्ष प्रधान सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए। इसके अलावा नगर के मोहल्ला कायस्थान से भी झांकी निकाली गई। इसमें आगे भगवान श्री कृष्ण का दरबार सजा हुआ था। पीछे भक्त अबीर गुलाल उड़ाते हुए नाचते गाते चल रहे थे।

## बाल कटिंग की दुकान में युवक के साथ बंद मिली युवती

- हिंदू संगठन ने पहुंचकर खुलवाया दुकान का शटर, पुलिस ने युवती की ओर से युवक के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर



आठ साल पहले युवक की पिटाई के मामले में चर्चा में आई एक युवती गैर समुदाय के युवक के साथ बाल कटिंग की दुकान में बंद मिली। सूचना पर पहुंचे हिंदू संगठन के लोगों ने विरोध जताया। फिलहाल युवती की ओर से हेयर कटिंग करने वाले युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

कस्बे के कोतवाली रोड पर एक युवक की पिटाई के मामले में आठ साल पहले एक युवती काफी चर्चित हुई। लोगों ने उसकी तारीफ के पुल बांध दिए थे। कोतवाली में युवक को पीटने वाली युवती कोतवाली रोड पर स्थित एक बाल कटिंग की दुकान में गैर समुदाय के हैदर के साथ बंद पाई गई। जानकारी लगने पर भारतीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा कार्यकर्ताओं के साथ पहुंच गए। उन्होंने पुलिस बुलाकर शटर खुलवाया। युवती बाल कटिंग करने वाले युवक के साथ दुकान के अंदर मिली। उसे बाहर निकाला गया। मामले को लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही है। हालांकि युवती की ओर से बाल कटिंग करने वाले गैर समुदाय के हैदर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसमें युवती ने आरोप लगाया है कि वह बाल कटिंग कराने के लिए दुकान पर गई थी। हैदर की दुकान पर काम करने वाला लड़का युवती और हैदर को दुकान के अंदर बंद कर के चला गया।

कुछ देर बाद उसने शटर खोल दिया। युवती का आरोप है इस दौरान दुकान पर पहुंचे कुछ लोगों ने उसे धमकाया। युवती ने बताया दुकान के बंद होनेपर हैदर ने युवती को गर्लफ्रेंड बनाने की बात कही।

उसने युवती के कंधे पर हाथ रखकर धक्का दिया। आरोप है हैदर ने उसके साथ बंद दुकान में छेड़खानी करने का प्रयास भी किया। पुलिस ने हैदर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।कोतवाल सतेंद्र कुमार ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

आरोपी को पकड़ने के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। उसे जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## जन्माष्टमी पर बांके बिहारी का हुआ अद्भुत श्रृंगार, भक्तों ने लिया आशीर्वाद





- जन्माष्टमी पर बांके बिहारी का हुआ अद्भुत श्रृंगार, भक्तों ने लिया आशीर्वाद

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जन्माष्टमी पर्व पर नगर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा और उल्लास का विशेष वातावरण देखने को मिला। घर-घर में श्रद्धालुओं ने झूले सजाए और मंदिरों में विशेष सजावट व झांकियां की गईं। हर ओर भक्ति संगीत और हरिनाम संकीर्तन की गूंज से वातावरण भक्तिमय रहा।इसी क्रम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री नीम करौली बालाजी महाराज धाम पर महंत सेवक विशाल के नेतृत्व में मंदिर को बहुत ही सुंदर तरीके से सजाया गया। साथ ही बांके बिहारी जी का अद्भुत श्रृंगार कर भव्य हरिनाम संकीर्तन का आयोजन हुआ। देर रात तक चले भजन-कीर्तन में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पकड़िया नौगमा के चेयरमैन संदीप संतोख संधू जी ने बाल स्वरूप भगवान की आरती और पूजा अर्चना कर क्षेत्र के जनकल्याण की कामना की।

श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में हाजिरी लगाकर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति का आशीर्वाद लिया। अंत में आयोजन के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। नगर पंचायत और पुलिस प्रशासन की ओर से मंदिरों और प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा व सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

## काउन्सलिंग से 07 जोड़े पति पत्नी महिला थाने से सुलह समझौते से विदा होकर गए

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

रविवार को महिला थाने की थाना प्रभारी निरीक्षक श्रद्धा सिंह व उपनिरीक्षक शिल्पी शुक्ला द्वारा पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में काउंसलरों के सहयोग से 12 परिवारिक विवादों में सुलह का प्रयास पक्षकारों के मध्य कराके 07 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराके साथ साथ भेजा गया है।बताते चलें कि जनपद मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक श्रद्धा सिंह व उप निरीक्षक शिल्पी शुक्ला, काउंसलर सुश्री कुसुम गुप्ता, कय्यूम ज़रवानी के द्वारा दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के 12 शिकायती प्रार्थनापत्रों में काउंसलरों के सहयोग से 07 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है,जिसमें 05 मामले जिसमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था उन्हें सोचने समझने के लिए दोनों पक्षों की सहमति से सोचने का समय दिया गया है। सुलह से विदाई करने में उप निरीक्षक योगेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य महिला आरक्षी सीता, महिला आरक्षी बबली पवार का काफी सराहनीय सहयोग रहा है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में थाना हजारा में विशाल भंडारा का हुआ आयोजन



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

हजारा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के थाना हजारा में रविवार को एक विशाल भंडारे का आयोजन हजारा पुलिस के द्वारा किया गया जिसमें क्षेत्रीय भाजपा विधायक भी पहुंचकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया और शारदा नदी के द्वारा किए जा रहे भूमि कटान का जायजा लिया है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूजन पर थाना परिसर में स्थापित राधा-कृष्ण मंदिर सहित पूरे थाना परिसर को तरह तरह व भव्य तरीके से सजाया गया था और पुरोहित के द्वारा विधि विधान से पूजन कराया गया उसके बाद रविवार को नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के थाना हजारा परिसर में हजारा पुलिस के द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का हवन पूजन करते हुए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था जिसमें पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के क्षेत्रीय भाजपा विधायक बाबूराम पासवान भी पहुंचकर थाना परिसर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया है इसके अलावा ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव नहरोसा, राणा प्रताप नगर, विजय नगर, कुठिया गुदिया,गौतम नगर, कबीरगंज, श्रीनगर, मुरैना गांधीनगर, अशोक नगर, आजाद नगर, शांति नगर, रामनगर, नेहरु नगर, लक्ष्मण नगर, भुरजुनिया फार्म, सिद्ध नगर, शास्त्री नगर सहित नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गांवों के सैकड़ों महिला पुरुष और बच्चे पहुंचकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया है। भंडारा कार्यक्रम में थानाध्यक्ष अमित सिंह उपनिरीक्षक अशोक कुमार महिला आरक्षी शिवांगी मौर्या सरिता यादव कंबोज नगर पुलिस चौकी प्रभारी सहित अन्य पुलिस कर्मी व साधन समिति के पूर्व अध्यक्ष चौधरी पदम चीनी मिल संपूर्णानगर-खीरी के उपाध्यक्ष इंद्र दीप सिंह बटन, रणवीर सिंह ढांका सहित अन्य लोग सेवा में जुटे रहे।

### भाजपा विधायक ट्रांस शारदा क्षेत्र में पहुंचकर शारदा नदी का कटान का लिया जायजा

129 विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के भाजपा विधायक बाबूराम पासवान रविवार को ट्रांस शारदा क्षेत्र में पहुंचकर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में थाना हजारा व गांव विजय नगर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया इसके बाद विधायक बाबूराम पासवान शारदा नदी के द्वारा कटान करने की जानकारी पर शारदा नदी पर पहुंचकर कटान को देखा और जायजा लिया।उधर विधायक बाबूराम पासवान ने बताया है कि कटान रोकने और बचाव कार्य कराने के लिए अधिकारियों से बात कर बचाव कार्य कराया जाएगा।इस मौके पर रामनगर मंडल के भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह व उनके मंडल के सभी पदाधिकारी एवं रामनगर भाजपा मंडल के तमाम पूर्व पदाधिकारी व ग्राम प्रधान और दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## स्थापना दिवस पर रामनगरा में विहिप की विशाल जनसभा हुई आयोजित



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर नेपाल सीमा से सटे रामनगरा में रविवार को विशाल जनसभा आयोजित की गई। मुख्य वक्ता प्रांत मंत्री अनुज कुमार सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए हिंदू हितों की रक्षा, संगठन की संरचना और हिंदू वीरों के इतिहास पर विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने कहा कि लव जिहाद, धर्मांतरण और लैंड जिहाद जैसे षड्यंत्रों से समाज को सावधान रहना होगा। अनुज कुमार सिंह ने बंगाली समाज की नागरिकता के मुद्दे पर भी स्पष्ट कहा कि जिन परिवारों को नागरिकता मिल गई है, वे अन्य बंधु जिनको अब तक नागरिकता नहीं मिली है, वे 15 दिन के भीतर आवेदन करें। यदि किसी को इसमें परेशानी आ रही है तो वह विहिप के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से संपर्क करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हर हाल में समाज के सभी बंधुओं को नागरिकता दिलाई जाएगी। जिला सह संयोजक एवं जिला पालक पीलीभीत राहुल ने विश्व हिंदू परिषद की संरचना और बजरंग दल के कार्यों की जानकारी दी। जनसभा के अंत में जिला अध्यक्ष कृष्ण गंगवार ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। संचालन रूम सिंह यादव ने किया।सभा में पहुंचे जिले व नगर के कार्यकर्ताओं ने अनुज कुमार सिंह को पटका पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया। बंगाली समाज के प्रमुख लोगों ने भी उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रवीण मोहन, जिला संगठन मंत्री ललित, अमन, संगम अग्रवाल, अम्बरीष, महेश, राजू भद्र, संजीव अग्रवाल, मिथिलेश पांडे, पुरेंद्र समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और हिंदू समाज के लोग मौजूद रहे।

## जन्माष्टमी के पर्व पर सूने पड़े रहे गौ आश्रय स्थल

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी

शासन की मंशा के अनुरूप बृहद गौ आश्रय स्थल पर जन्माष्टमी के पावन पर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर प्रमुख सचिव अमित घोष का आदेश उदासीनता की भेंट चढ़ गया जिसके चलते जिम्मेदार अधिकारी न गौ आश्रय स्थल पर पहुंचे और न ही कोई कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष द्वारा जन्माष्टमी के पावन पर्व पर बृहद गौ आश्रय स्थलों पर आज के दिन समारोह पूर्वक गौ पूजन सुनिश्चित करना, कार्यक्रम में शामिल लोगों को गोपालन के महत्व को समझना, कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों को आश्रय स्थल पर भ्रमण कराकर उन्हें गोपालन के प्रति संवेदनशील बनाए जाने को लेकर प्रेरित किया जाना था। वही गायों के गोबर से निर्मित दीपकों की बिक्री के लिए उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना तय था। जो हवा हवाई साबित हुआ है। जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते जन्माष्टमी के पावन पर्व पर पर गौ आश्रय स्थल पर मौजूद गायों की पूजा अर्चना तो दूर की बात किसी जिम्मेदार व्यक्ति ने वहां जाना भी मुनासिब नहीं समझा है। गोवंश को संरक्षित करने को लेकर तमाम हिंदू संगठन और जन प्रतिनिधि अपने भाषण और फाइलों में कार्यक्रम संचालित करते हैं। जबकि धरातल पर विपरीत है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### संगठित रहने में क्षत्रियों की भलाई: तोमर

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। क्षत्रिय महासभा की बैठक में समाज के लोगों से एकजुट रहने की अपील की गई। कहा गया क्षत्रिय समाज ने देश, धर्म और दलितों की रक्षा के लिए हथियार उठाए हैं। इस दौरान चलो गांव की ओर अभियान का शुभारंभ किया गया। आगामी जिलापंचायत के चुनाव को लेकर भी रणनीति तैयार की गई। रविवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की गांव कान्हा टांडा में बैठक हुई। बैठक का शुभारम्भ वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथियों का स्वागत हुआ। बैठक में जिला अध्यक्ष ने क्षत्रियों चलो गांव की ओर कार्यक्रम का शुभारंभ भी किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष ने बताया कि यह कार्यक्रम वर्ष 2025 से वर्ष 2027 तक जारी रहेगा। इस बीच जिला पंचायत, प्रधान, क्षेत्र पंचायत के चुनाव भी होंगे। चुनाव में क्षत्रिय समाज बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी करेगा। इस दौरान बैठक में वार्ड नंबर पांच पूरनपुर से जिला पंचायत सदस्य पद के उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा भी की गई। दलित पिछडे और शोषित समाज को अपने साथ जोड़कर राजनीतिक ताकत बनने की अपील की गई। बैठक में रामचंद सिंह पवार, भारत सिंह, चरन सिंह, अनुज प्रताप सिंह, शौर्य प्रताप सिंह, सूरज भान सिंह सहित समाज के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### पानी निकास को लेकर दुकानदार को पीटा

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव जोगराजपुर के रहने वाले दुर्गेश कुमार गुप्ता पुत्र देवनारायण गुप्ता 12 अगस्त को अपनी दुकान पर बैठे हुए थे। उनका आरोप है पानी निकास को लेकर पड़ोसी मानूलाल गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, विकास गुप्ता उनकी दुकान पर पहुंच गए और गाली गलौज करने लगे। मना करने पर सभी ने लाठी डंडे और लोहे की रॉड से दुर्गेश कुमार की पिटाई लगा दी। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पिटाई से दुर्गेश कुमार घायल हो गए। शिकायत पर पुलिस ने मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### हाइटेंशन की लाइन की चपेट आकर दो पशुओं की मौत

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहनपुर जप्ती के पास रविवार को हाई टेंशन लाइन का तार टूट गया। टूटे तार की चपेट में आकर दो गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई। सूचना पर भारतीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिजली विभाग को सूचना देकर आपूर्ति बंद कराई और टूटे तार जोड़ने को कहा। उसके बाद ग्राम प्रधान शिवपाल यादव और अन्य ग्रामीणों की मदद से दोनों पशुओं का दफना दिया गया।

### जमीनी विवाद्-बेहजम खेरवा गांव में दो लोगों को सिर में चोट

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। बेहजम खेरवा गांव में दो पक्षों के बीच झड़प हुई। इस घटना में सत्य प्रकाश वर्मा और गया प्रसाद वर्मा को सिर में चोटें आईं।दोनों घायलों को सीएचसी बेहजम में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष ने थाना नीमगांव में शिकायत दर्ज कराई है।उनका आरोप है कि विपक्षी लोगों ने पीछे से हमला किया।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।स्थानीय प्रशासन क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क है।पुलिस घटना के कारणों की जानकारी जुटा रही है।आगे की कार्रवाई जारी है।

### 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। पलिया कला बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल में79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यूनिट हेड ओ पी चौहान ने ध्वजारोहण किया एवं समस्त कर्मचारियों,अधिकारियों व किसान भाइयों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।इस मौके पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जिसमें विजई प्रतिभागियों को यूनिट हेड द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। चीनी मिल के यूनिट हेड ओ पी चौहान ने कहा कि हम सभी को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका अदा करने के लिए दिए गए कार्य को गुणवत्ता पूर्वक पूरे मन से करना चाहिए यही देश के प्रति सच्ची राष्ट्रभक्ति है।खंभारखेडा चीनी मिल के युनिट हेड अवधेश गुप्ता ने ध्वजारोहण किया,गोला चीनी मिल में युनिट हेड नीरज बंसल ने ध्वजारोहण किया।

## खेत में मिले गौवंशीय पशु के अवशेष सूचना पर पहुंचे भारतीय बजरंग दल के कार्यकर्ता

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

गन्ने के खेत में गौवंशीय पशु के अवशेष मिलने से खलबली मच गई। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव मिट्टी में दफना दिए। पुलिस ने अज्ञात तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कढ़ैरचौरा के रहने वाले साधु पुत्र फूलचंद का हाईवे के किनारे खेत मौजूद है। खेत में गन्ने की फसल लगी हुई है। पड़ोसी खेत स्वामी के खेत में धान की फसल में रविवार को मजदूर स्प्रे करने गया। उसने साधु के खेत में गोबंशीय पशु के अवशेष पड़े देखे।

मामले की सूचना भारतीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को दी गई। खेत में अलग अलग स्थानों पर पशु अवशेष पड़े हुए थे। जानकारी लगते ही जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा, रामसेवक वर्मा, धनंजय मिश्रा, अशोक राठौर, अजय कुशवाहा सहित संगठन के कई कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। खेत में गौवंशीय पशु के अवशेष मिलने की जानकारी लगते ही खलबली मच गई। भारतीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर सीओ डॉक्टर प्रतीक दहिया इंस्पेक्टर सतेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। उसके बाद अवशेष मिट्टी में दफना दिए गए।

कोतवाल सतेंद्र कुमार ने बताया गन्ने के खेत में पशु के अवशेष मिले हैं। मामले की जांच की जा रही है। अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

## नारी उत्कर्ष समारोह के लिए गोला में हुआ महिला सम्मेलन

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी




रविवार को गोला। अखिल विश्व गायत्री परिवार जनपद लखीमपुर खीरी की गोला शाखा द्वारा नगर के पंजाबी कॉलोनी स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में नारी उत्कर्ष महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें गायत्री परिवार की जनपदीय टीम के प्रतिनिधि जिला समन्वयक रामखेलावन निषाद, अजय वर्मा और अनुराग मौर्य ने सभी को संबोधित कर दिसंबर माह में जिला मुख्यालय लखीमपुर में आयोजित होने जा रहे विराट नारी उत्कर्ष समारोह की जानकारी देकर शिविर में भागीदारी के लिए महिलाओं के पंजीकरण किए। श्री निषाद ने बताया गायत्री परिवार द्वारा गायत्री परिवार की गुरु माता परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी के उपलक्ष में उत्तर प्रदेश में एक करोड़ देव परिवार निर्मित करने के अभियान के अंतर्गत जनपद में विराट नारी उत्कर्ष समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत सभी ब्लॉकों में महिला सम्मेलन किया जा रहे हैं। महिला मंडल गोला की प्रतिनिधि सुनीता सिंह ने बताया गोला के ब्लॉक स्तरीय महिला सम्मेलन में नगर के विभिन्न मोहल्लों सहित ब्लॉक के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से 156 महिलाओं ने प्रतिभाग किया है। कार्यक्रम में महिलाओं ने शांतिकुंज हरिद्वार से पूजित होकर आई संकल्प मशाल की साक्षी में संकल्प लेकर विराट नारी उत्कर्ष समारोह में भागीदारी के लिए पंजीकरण कराए। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रतिनिधि सुशील गुप्ता ने किया। इस दौरान जिला सह समन्वयक सुरेश कुमार वर्मा, गायत्री परिजन मैकूलाल वर्मा, जगदीश प्रसाद वर्मा, सौरभ सिंह, मुनीश वर्मा, महिला मंडल की रेखा सिंह, गीता सिंह, सुमन कनौजिया, रविता लाम्बा, शैलेंद्री निषाद, परबीता सिंह, दीपा वर्मा आदि मौजूद रहे।

## कार के रौंदने से मासूम की मौत

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

पढ़ुआ थाना क्षेत्र के गांव पठान पुरवा में रविवार को एक हादसा हुआ। मुकीम खान का एक वर्षीय बेटा खालिद रजा घर के सामने खेल रहा था। वह खेलते-खेलते सड़क पर आ गया। इसी दौरान एक कार ने उसे टक्कर मार दी। कार सेमरा बाजार निवासी एक व्यक्ति चला रहा था।वह किसी काम से गांव आया था। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

गांव वालों ने उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह भाग निकला। बच्चे की गंभीर हालत देखकर परिजन उसे जिला अस्पताल लखीमपुर ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के समय बच्चे के पिता कमाने के लिए बाहर गए थे। सूचना मिलते ही वह घर लौट रहे हैं। मुकीम खान का यह एकलौता बच्चा था। परिवार ने पुलिस को शिकायत दी है। हालांकि,

थानाध्यक्ष विवेक कुमार उपाध्याय ने तहरीर मिलने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलते ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सात महीने में 5764 लोगों ने लगवाया एंटी रेबीज इंजेक्शन

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर



बारिश का मौसम चल रहा है। इस समय कुत्ते अधिक आक्रामक हो गए हैं। प्रतिदिन 150 लोगों को कुत्ते काट रहे हैं। इस समस्या से नगर के लोग अधिक पीड़ित हैं। घूमंतू कुत्तों के कारण रोज हादसे भी हो रहे हैं। नगर पालिका परिषद के ईओ जी लाल ने बताया कि अभी नगर में डाग शेल्टर की व्यवस्था नहीं है। शासन के निर्देशानुसार कार्य किया जाएगा।

मंडलीय अस्पताल के आंकड़ों के अनुसार जनवरी से लेकर जुलाई तक सात माह में 5764 मरीजों को एंटी रेबीज इंजेक्शन के डोज लगाए गए। प्रतिदिन मंडलीय अस्पताल में 30 से 35 कुत्ते के काटने के शिकार लोग आते हैं।

इनको कुल पांच डोज लगाए जाते हैं। कुत्ता पालने वालों के लिए कोई निर्धारित नियम न होने से इसका खामियाजा अन्य लोगों को भुगतना पड़ता है।

# भारत–नेपाल सीमा पर 79वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न

- एसएसबी व कस्टम विभाग ने नेपाल के सुरक्षा बलों को भेंट की मिठाइयां
- विद्यालयों में आयोजित हुआ देश भक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

**जन एक्सप्रेस। महराजगंज**




राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के 79वे वर्षगांठ को महराजगंज जनपद में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। भारत नेपाल अंतराष्ट्रीय बार्डर पर स्थित ठूठीबारी उपनगर में विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं में झंडारोहण कर तिरंगा ध्वज को सलामी दी गई। लोगों ने देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया। विभिन्न स्कूलो के छात्र छात्राओं ने विद्यालय में देश भक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति किए, जो राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त को यादगार बना दिया। भारत नेपाल बार्डर पर तैनात 22वी वाहिनी एसएसबी बीओपी कैम्प कार्यालय ठूठीबारी में इंस्पेक्टर विशाल कुमारबराय, निचलौल कस्टम कार्यालय और स्थल सीमा शुल्क चौकी ठूठीबारी में अधीक्षक डीके अस्थाना, कोतवाली परिसर में थानाध्यक्ष महेंद्र मिश्रा, साधन सहकारी समिति में अध्यक्ष जय शंकर उर्फ़ इंटू सिंह, ग्रामपंचायत सचिवालय प्रधान अजीत कुमार, राधा कुमारी इंटर कॉलेज में नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष भवन प्रसाद गुप्ता, सेक्रेट हार्ट स्कूल में प्रबंधक विपेश तिवारी, ग्राम पंचायत भरवलिया में ग्रामप्रधान बैजनाथ यादव, लक्ष्मीपुर खुर्द में संनवर अली, गड़ौरा में विरेंद्र गुप्ता, राजाबारी ग्रामसभा में ऋषिकेश यादव, रामनगर में प्रधान प्रतिनिधि अभय शंकर सिंह, मनिकापुर ग्राम सचिवालय में प्रधान उमेश प्रजापति सहित सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा फहराकर स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

जबकि शहीद स्मारक पर ग्रामप्रधान अजीत कुमार ने पुष्प अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। वही घर-घर तिरंगा अभियान को लोगों ने उत्साह से अपनाया और अपने घरों, दुकानों पर तिरंगा लहराया। इस दौरान लोगों में आजादी के प्रति गजब का जोश और उत्साह देखने को मिला।

## एसएसबी और कस्टम विभाग ने नेपाली सुरक्षा बलों को भेंट की मिठाई

भारत के स्वतंत्रता दिवस पर एसएसबी के इंस्पेक्टर विशाल कुमार और कस्टम विभाग इंस्पेक्टर अरुण कुमार संयुक्त रूप से मित्र राष्ट्र नेपाल के सुरक्षा बलों और जवानों को मिठाई भेंट कर एक दूसरे को बधाई दी। और दोनों देशों के बीच मैत्री संबंध और बढ़ाने का संकल्?प भी लिया। इससे दोनो देशों के सुरक्षा एजेंसियां सीमा सुरक्षा, अवैध घुसपैठ, तस्करों और तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करने में मददगार साबित होगा। बताते चले की भारत और नेपाल पड़ोसी देश के साथ बेटी रोटी का मधुर संबंध हैं। चाहे पर्व त्योहार हो या फिर कोई संकट की घड़ी, हर मौके पर संबंधों को नया आयाम मिला। यही नहीं मित्र देश नेपाल को हर प्रकार से भारत सहायता भी प्रदान करता रहा है। इस दौरान नेपाल के भंसार (कस्टम) चीफ विशाल उपाध्याय, डीएसपी मनोज चंद्र बहादुर, इंस्पेक्टर गंगा दत्त सहित कई अन्य जवान मौजूद रहे है।

# एनसीसी किरण पुस्तक का हुआ विमोचन



**जन एक्सप्रेस। टूटीबारी/महराजगंज**

79वे स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राधा कुमारी इंटर कॉलेज में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही विद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण उस समय आया जब अंग्रेजी के अध्यापक और एनसीसी कैडेट कोर के एएनओ संतोष कुमार द्वारा लिखित पुस्तक %एनसीसी किरण% का विमोचन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के संरक्षक और नेपाल राष्ट्र के पूर्व गृहराज्यमंत्री देवेंद्र राज कंडेल, उपप्रबंधक, राजीव कुमार मिश्रा, प्रधानाचार्य रविकांत जाटव तथा नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष भवन गुप्ता, कृष्ण कुमार संयुक्त रूप से पुस्तक का अनावरण किया है। इस अवसर पर संरक्षक श्री कण्डेल ने कहा कि संतोष कुमार ऊर्जावान और कर्मठ अध्यापक हैं। उनकी यह पुस्तक एनसीसी/एनडीए तथा आर्म्ड फोर्सेस की परीक्षा की तैयारी करने वाले कैडेट्स के लिए अत्यंत उपयोगी और महत्वपूर्ण साबित होगी। इसमें वर्णनात्मक सामग्री के साथ वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का संकलन भी है, जो विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध साबित होगा। प्रधानाचार्य रविकांत जाटव ने इसे विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों में एक नया अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स को अब तैयारी में स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन मिलेगा। भवन गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की पुस्तकों का प्रकाशन युवाओं को सेना एवं अन्य सेवाओं में जाने की प्रेरणा देगा। वही एनसीसी किरण पुस्तक को लेकर छात्रों और शिक्षकों में उत्साह देखने को भी मिला।इस मौके पर सीटीओ प्रमोद कुमार, वेद प्रकाश, प्रमोद कुमार गुप्ता, सुनील कुमार, रामकेवल यादव सहित सभी अध्यापक और अन्य लोग मौजूद रहे।

# बदल रहा है गोरखपुर: अब हवा में इंतजार नहीं करेगी फ्लाइट

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

रनवे खाली नहीं होने से अब एयरपोर्ट के ऊपर किसी जहाज को हवा में इंतजार नहीं करना पड़ेगा। एयरपोर्ट पर एक और एप्रन बनकर तैयार हो गया है। शनिवार से इसे चालू भी कर दिया गया। इस सुविधा के शुरू होने पर यात्रियों को आउटर पर बने वेटिंग एरिया में एप्रन खाली होने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

नए एप्रन पर एक साथ दो बड़ी फ्लाइट खड़ी हो सकेंगी। वहीं, इससे पार्किंग की समस्या से भी राहत मिलेगी। एयरपोर्ट पर अभी तक एक एप्रन होने की वजह से एक ही फ्लाइट खड़ी होने की जगह थी। इसकी वजह से दो फ्लाइट आने पर एक को आउटर पर बने वेटिंग एरिया में इंतजार करना पड़ता था।

एप्रन खाली होने पर दूसरी फ्लाइट पार्क होती थी। समय से दिल्ली, मुंबई और बंगलूरू का सफर पूरा करने के बाद भी गोरखपुर आकर यात्रियों को घंटों फ्लाइट में बैठकर बाहर जाने के लिए इंतजार करना पड़ता था। इसके अलावा एक और एप्रन का निर्माण कार्य चल रहा है जो मार्च 2026 तक पूरा हो जाएगा। इसके बाद एयरपोर्ट पर एक साथ तीन बड़े विमान खड़े हो सकेंगे।

गोरखपुर एयरपोर्ट से रोजाना दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद और बंगलूरू के लिए 20 विमानों का आना-जाना होता है। एयरपोर्ट पर प्रति दिन करीब तीन हजार यात्रियों का आवागमन हो रहा है। पार्किंग व्यवस्था सीमित होने के कारण कई बार यात्रियों और एयरलाइंस कंपनियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

इसी समस्या को देखते हुए वायुसेना की ओर से नए एप्रन बनवाए जा रहे हैं। इसमें दो का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। अब दो फेज का काम यहां बाकी है जो मार्च तक पूरा हो जाएगा।

**जगह न मिलने से आउटर पर करना पड़ता था इंतजार**

अप्रैल 2025 में इंडिगो की मुंबई से 14 मिनट पहले शाम 05:05 बजे आने वाली फ्लाइट को सवा घंटे तक टैक्सी-वे पर ठहरना पड़ा था। इस वजह से मुंबई से गोरखपुर आए करीब 220 यात्री फ्लाइट में फंसे रहे। वहीं टर्मिनल में यात्रियों की अधिक भीड़ होने से हंगामे की स्थिति बन गई। किसी तरह एयरपोर्ट प्रशासन ने समझाकर सभी यात्रियों का शांत कराया था। 10 अप्रैल की शाम को दिल्ली से गोरखपुर के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो की फ्लाइट दोपहर 3:15 पर गोरखपुर एयरपोर्ट पर लैंड करनी थी। विमान की उड़ान लेट होने से शाम 4:05 बजे उसकी लैंडिंग हो सकी।

## सड़क हादसे में दोहरे हत्याकांड में सजा काट कर लौटे बुजुर्ग की मौत

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के भवानी छापर-प्रतापपुर मार्ग पर ग्राम गंगौली के पास शनिवार की सुबह करीब 9:30 बजे सड़क हादसे में बाइक सवार 61 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। राम कैलाश वर्ष 1995 में बलिवन खास में हुए दोहरे हत्याकांड में 41 अन्य आरोपियों के साथ बनारस जेल में सजा काट रहा था। हाल ही में वह सजा पूरी कर घर आया था।

जानकारी के अनुसार, बलिवन खास गांव निवासी राम कैलाश कुशवाहा बाइक से भवानी छापर से अपने गांव लौट रहे थे। इसी बीच किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने हेलमेट नहीं पहन रखी थी। आसपास के लोगों ने पुलिस को और परिजनों को भी खबर दी। पुलिस की मदद से घायल को भाटपार रानी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# सीएम योगी ने कहा– सीएम राहत कोष से इलाज में की गई 100 करोड़ रुपये की मदद– दुर्लभ स्वास्थ्य सेवाएं हुईं सहज

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**




सीएम योगी रविवार को रीजेंसी हॉस्पिटल के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने हॉस्पिटल का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया और हॉस्पिटल के पेशेंट एप 'रीजेंसी माई केयर' को भी लांच किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले महंगी स्वास्थ्य सुविधाएं गरीब के लिए दुर्लभ थीं, पर आज सहज उपलब्ध होने लगी हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर में उच्च स्तरीय इलाज के लिए अब न तो स्पेशलिटी सुविधाओं की कमी है और न ही पैसे की। यहां सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं हैं और आम नागरिक को उसका लाभ दिलाने की प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान) भी है। यदि किसी के इलाज में आयुष्मान योजना की राशि कम पड़ेगी तो मुख्यमंत्री राहत कोष और जनप्रतिनिधियों की निधि से उसकी भरपूर मदद की जाएगी। सीएम योगी रविवार को रीजेंसी हॉस्पिटल के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने हॉस्पिटल का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया और हॉस्पिटल के पेशेंट एप 'रीजेंसी माई केयर' को भी लांच किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले महंगी स्वास्थ्य सुविधाएं गरीब के लिए दुर्लभ थीं, पर आज सहज उपलब्ध होने लगी हैं। यूपी सरकार ने साढ़े पांच करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया है। इसके आलावा जिन लोगों के पास आयुष्मान योजना या मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ नहीं है, उनके लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से है। विधायकों को भी उनकी निधि से पचीस लाख तक की सहायता इलाज के लिए देने का अधिकार दिया गया है। सीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से भी पिछले एक वर्ष में 1100 करोड़ रुपये इलाज के लिए दिए गए हैं। पहले यह सुविधाएं नहीं थीं और अगर कुछ सुविधाएं मिलती भी थीं तो 'पिक एण्ड चूज' के माध्यम से चेहरा देखकर मिलती थीं।

**बिना भेदभाव सुविधाएं देना सरकार का लक्ष्य**

सीएम योगी ने कहा कि जनता के साथ जो हर समय खड़ी हो वही सरकार है। सरकार का लक्ष्य हो कि जनता को बिना भेदभाव के सभी सुविधाएं प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि इलाज हेतु प्रधानमंत्री राहत कोष से भी पैसा मिलता है। आज हर एक स्तर पर यह सुविधा मिल रही है। पिछले 11 वर्ष में विकासपरक परिवर्तन के फलस्वरूप व्यक्ति की आर्थिक क्षमता भी बढ़ी है। व्यक्ति पैसा खर्च कर सकता है बस उसको सुविधाओं की आवश्यकता रहती है।

**मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का शुरू होना बड़ी उपलब्धि**

मुख्यमंत्री ने कहा कि ढाई सौ बीएड का अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त मल्टी सुपर स्पेशलिटी का शुरू होना गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है।

# 3 दशक बाद सूबे के इस जिले में 22 थानों में मनाई गई जन्माष्टमी, जन्मे कन्हाई– लगे जयकारे

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**



1994 में देवरिया से अलग होकर पडरौना जिला के गठन के बाद जन्माष्टमी के दिन हुई दस्यु गिरोह के बदमाशों और कुशीनगर पुलिस के साथ हुए मुठभेड़ में छह पुलिसकर्मियों की शहादत के बाद से थानों में जन्माष्टमी नहीं मनाई जा रही थी। इस वर्ष एसपी संतोष कुमार मिश्र के निर्देश के बाद जन्माष्टमी पर्व पर जिले के सभी 22 थानों में उत्सव और उत्साह का माहौल रहा।

जिले के 22 थानों में तीन दशक बाद जन्माष्टमी मनाई गई। थानों में पुलिसकर्मी कृष्ण भक्ति में सराबोर रहे तो वहीं गणमान्य लोगों ने भी थानों में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया। इस दौरान सभी थानों में क्षेत्र के संभ्रांत, विशिष्ट और प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित किया गया था। थाना प्रभारियों और पुलिसकर्मियों ने इस दौरान फूल मालाओं से लोगों का स्वागत कर मुंह मीठा कराया और 1994 में जन्माष्टमी के दिन हुई दस्यु गिरोह के बदमाशों और कुशीनगर पुलिस के साथ हुए मुठभेड़ में छह पुलिसकर्मियों की शहादत को भी याद किया।

1994 में देवरिया से अलग होकर पडरौना जिला के गठन के बाद जन्माष्टमी के दिन हुई दस्यु गिरोह के बदमाशों और कुशीनगर पुलिस के साथ हुए मुठभेड़ में छह पुलिसकर्मियों की शहादत के बाद से थानों में जन्माष्टमी नहीं मनाई जा रही थी। इस वर्ष एसपी संतोष कुमार मिश्र के निर्देश के बाद जन्माष्टमी पर्व पर जिले के सभी 22 थानों में उत्सव और उत्साह का माहौल रहा।

कहीं संकीर्तन के बीज पुलिसकर्मी कृष्ण भक्त बने उत्साह में सराबोर रहे तो कहीं कृष्ण जन्म को लेकर उत्साह रहा। विधायक और क्षेत्र के संभ्रांत लोगों को निमंत्रण दिया गया था और थाना प्रभारियों ने आतिथ्य सत्कार किया। इस बीच पुलिसकर्मियों ने शहीद हुए जाबाज पुलिसकर्मियों को याद किया।

गुरवलिया प्रतिनिधि के अनुसार तुर्कपट्टी थाने में थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह के नेतृत्व में जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। पुलिस लाइन और थानों में कृष्ण जन्माष्टमी की धूप देखी गई और देर रात तक पूजन, भजन का कार्यक्रम चला।

## नाबालिग प्रेमी युगल हरदोई में पकड़े गए

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

छह दिन पहले क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग प्रेमी-प्रेमिका भाग गए। पुलिस ने लड़की की मां की तहरीर पर प्रेमी और उसके दोस्त के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। छह दिन बाद पुलिस ने दोनों को हरदोई से बरामद कर लिया। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देकर दो लोगों के खिलाफ आरोप लगाया था। महिला का कहना था कि गांव के ही दो युवक उसकी 14 साल की नाबालिक बेटी को 9 अगस्त को बहला फुसलाकर और शादी का झांसा देकर भगा ले गए। जब वह उलाहना लेकर आरोपियों के घर पहुंची तो उनके परिजनों ने अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। किशोर और किशोरी ट्रेन से लखनऊ और वहां से ट्रेन से ही सीतापुर के लिए निकले थे।

# झंडारोहण के लिए घर से निकली छात्रा की हत्या

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**

थाना क्षेत्र के कठबरवा गांव की हाईस्कूल की छात्रा संजना की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि वह शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस पर अपने स्कूल में झंडारोहण में शामिल होने के लिए सहेलियों के साथ गई थी। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। शनिवार को मोरवन गांव में पुल के नीचे उसकी लाश मिली। संदेह के आधार पर एक युवक को हिरासत में लिया गया है।

कठबरवा निवासी सरवन की 16 वर्षीय बेटी संजना जनता इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की छात्रा थी। झंडारोहण में शामिल होने के लिए सुबह करीब 7.30 बजे घर से निकली। शाम तक घर नहीं लौटी तो देर रात तक परिजन उसकी तलाश करते रहे। कठबरवा निवासी सरवन की 16 वर्षीय बेटी संजना जनता इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की छात्रा थी। झंडारोहण में शामिल होने के लिए सुबह करीब 7.30 बजे घर से निकली। शाम तक घर नहीं लौटी तो देर रात तक परिजन उसकी तलाश करते रहे।

पिता ने शनिवार को कॉलेज पर पहुंचकर बेटी के बारे में जानकारी ली तो बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस के दिन आने वालों की हाजिरी नहीं लगती है। यह बताना मुश्किल होगा कि वह कॉलेज आई थी या नहीं।पिता ने शनिवार को कॉलेज पर पहुंचकर बेटी के बारे में जानकारी ली तो बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस के दिन आने वालों की हाजिरी नहीं लगती है। यह बताना मुश्किल होगा कि वह कॉलेज आई थी या नहीं।

इसबीच शनिवार को दिन में करीब दो बजे लोगों ने एक लाश मोरवन गांव के बाहर पुलिया के नीचे देखकर पुलिस को सूचना दी। उसके गर्दन और शरीर पर कई जगह धारदार हथियार से चोट के निशान थे। पुलिस ने मौके पर किशोरी की लाश की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन पता नहीं चला तो उसे मोर्चरी भेज दिया।

शाम को परिजनों को लाश मिलने की जानकारी होने पर वह थाने पहुंचे। वहां से पुलिस उन लोगों को लेकर मोर्चरी गई और लाश की पहचान कराई। थानाध्यक्ष राज प्रकाश सिंह ने बताया कि आरोप के आधार पर एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# दो रिहायशी झोपड़ी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**



थाना क्षेत्र के अहिरौली निवासी रामचंद्र और लखीचंद दोनों भाई है। बघौचघाट कस्बे में फल और सब्जी की दुकान चलाते हैं।दोनो भाई दुकान बंद कर नगद रुपया सहित घर गए और खाना खा कर सोने चले गए। आधी रात में उनकी रिहायशी झोपडी में बिजली की शॉर्ट सर्किट से आग लग गई और देखते देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

थाना क्षेत्र के अहिरौली में आधी रात में दो लोगों के रिहायशी झोपड़ी में बिजली की शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि दो बाइक पांच साइकिल और गृहस्थी सारा समान जलाकर राख कर दिया। दो लाख नगद जलने की बात भी बताया जा रहा है। थाना क्षेत्र के अहिरौली निवासी रामचंद्र और लखीचंद दोनों भाई है। बघौचघाट कस्बे में फल और सब्जी की दुकान चलाते हैं।दोनो भाई दुकान बंद कर नगद रुपया सहित घर गए और खाना खा कर सोने चले गए। आधी रात में उनकी रिहायशी झोपडी में बिजली की शॉर्ट सर्किट से आग लग गई और देखते देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। गांव में जन्माष्टमी मना रहे ग्रामीण आग की सूचना पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने कड़ी मेहनत से आग पर काबू पाया। तबतक दोनों के घर में रखा गृहस्थी का सारा समान जलकर खाक हो गया। इसमें दो बाइक, पांच मोटरसाइकिल, सिलाई मशीन, लाखों रुपया नगद, कपड़े, जेवर सभी कुछ जल गया। रात में कई बार लोगो ने अग्निशमन विभाग में फोन किया लेकिन कोई गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची। स्थानीय पुलिस ने मौके का जायजा लिया। सुबह हल्का लेखपाल पहुंचकर आग में जले समान का आकलन किया।

## स्कूलों का युग्मन, 23 शिक्षक संबद्ध किए गए

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** परिषदीय विद्यालयों में छात्रों की निरंतर घटती संख्या को लेकर शिक्षा विभाग ने 50 छात्र से कम हुए नामांकन वाले परिषदीय विद्यालयों को नजदीक के परिषदीय विद्यालयों में युग्मन कर दिया है। इसमें तैनात 23 शिक्षकों को भी निकट के उच्च प्राथमिक विद्यालय में संबद्ध कर दिया गया है। बाल वाटिका के रूप में तब्दील हुए विद्यालक्ष्यों जैतपुरा, बहोरवां, पुरैना, धर्मखोर करन, भिंगारी बाजार, खामपार, कोड़रा के प्राथमिक विद्यालयों को उसी गांव के परिषदीय विद्यालय में युग्मन किया गया है। जबकि अन्हारी बारी प्राथमिक विद्यालय को प्राथमिक विद्यालय निशानिया पैकौली में, खरोहवां ठाकुर प्राथमिक विद्यालयबको शंकरपुरा में, अंजान प्राथमिक विद्यालय को धवरकन में, बहलोलवां प्राथमिक विद्यालय को पहाड़पुर में व अवगा प्राथमिक विद्यालय को दृगपुरा में समाहित किया गया है।

# खाद की दुकान बंद हुई तो अस्पताल में किया काम..फिर खोल लिया हॉस्पिटल

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**

नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के कोटवा चौराहा पर पथरी के ऑपरेशन के दौरान किडनी निकालने के प्रकरण में पुलिस आरोपियों के करीब पहुंच गई है। शनिवार को डिप्टी सीएमओ डॉ. आरडी कुशवाहा के नेतृत्व में जांच के लिए टीम पहुंची। अस्पताल का रजिस्ट्रेशन करीब एक माह पूर्व डॉ. विवेक के नाम पर हुआ है।

डिप्टी सीएमओ ने डॉ. विवेक से संपर्क करने का प्रयास किया, घंटी गई इसके बाद मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। वहीं पीड़ित अलाउद्दीन को पुलिस घर से सीओ के पास पूछताछ करने के लिए ले गई और बयान भी दर्ज किया। आरोपी अस्पताल संचालक इमामुद्दीन पहले खाद की दुकान चलाता था, किसी कारण से दुकान बंद हो गई तो वह कसानगंज, कोटवा के एक निजी अस्पताल में काफी दिनों तक डॉक्टरों के साथ रहकर काम किया।

इसके बाद कोटवा में अस्पताल खोल दिया। इसके पूरे घटनाक्रम में आरोपी संचालक के बेटे का नाम भी सामने आ रहा है, लेकिन पुलिस अभी कुछ कहने से परहेज कर रही है। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के उपाध्याय टोला निवासी अलाउद्दीन के पेट में 4 अप्रैल 2025 को दर्द हुआ तो वह महराजगंज जिले के एक निजी अस्पताल में इलाज कराया, अल्ट्रासाउंड के दौरान किडनी में पथरी निकली।

डॉक्टर ने ऑपरेशन करने की बात कही। इसके बाद अलाउद्दीन घर आ गया और रुपये का इंतजाम कर महराजगंज जा रहा था। इस दौरान उसकी मुलाकात तार मुहम्मद से हुई। उसने बेहतर इलाज का झांसा देकर अलाउद्दीन को न्यू लाइफ केयर हॉस्पिटल पर ले गया, जहां इसका ऑपरेशन हुआ। पीड़ित अलाउद्दीन का आरोप है कि संचालक इमामुद्दीन ही ऑपरेशन किया था,तबीयत बिगड़ने के बाद उसे गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया, वहां आराम नहीं होने पर लखनऊ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में रेफर डॉक्टरों ने कर दिया, जहां उसका इलाज हुआ।

इसमें पता चला कि अलाउद्दीन की किडनी निकाल ली गई है। अलाउद्दीन जांच रिपोर्ट के साथ पुलिस को तहरीर दिया, पुलिस इस मामले में तार मुहम्मद, अस्पताल संचालक इमामुद्दीन के खिलाफ नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने केस दर्ज किया। शुरूआती जांच में सीएचसी अधीक्षक पहुंचे तो पता चला कि अस्पताल का रजिस्ट्रेशन नहीं है, शनिवार को डिप्टी सीएमओ डॉ. आरडी कुशवाहा पहुंचे तो अस्पताल का रजिस्ट्रेशन करीब एक माह पूर्व होने की डा. विवेक कुमार के नाम पर बात कही, उन्होने डॉ. विवेक से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उनका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया।

# जेडी कान्वेंट स्कूल में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**





**खेतासराय।** जेडी कान्वेंट स्कूल में विद्यालय के प्रबंधक इन्द्रजीत सिंह मौर्य व प्रिंसिपल डॉ गीता मौर्य ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। विद्यालय के बच्चों द्वारा भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने देशभक्ति के विविध कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। छात्रों की प्रस्तुति ने देशभक्ति का जज्बा और उत्साह भर दिया।

विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ गीता मौर्य ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश की आजादी के लिए शहीद हुए वीर सपूतों की याद दिलाता है। हमें अपने देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराता।

इससे पहले वीर सपूतों और क्रांतिकारियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर सोंधी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह, जगदंबा प्रसाद पांडेय, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा, शिक्षक नेता डॉ चन्द्रजीत मौर्य, राकेश राजभर, पूर्व प्रधान पप्पू गौतम, मनोज श्रीवास्तव पप्पू लाला, पत्रकार युसूफ खान, मोहम्मद अरशद, अशोक यादव, स्वामीनारायण राधेश्याम, किशन सोनकर व विद्यालय के शिक्षक इंद्रजीत, आदर्श श्रीवास्तव, नागेंद्र कुमार समेत अन्य लोग शामिल रहे।

### विद्यालयों में स्वतंत्रता दिवस की धूम

खेतासराय। कंपोजिट विद्यालय गोधना में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ग्राम प्रधान भीम राजभर व प्रधानाध्यापक अखिलेश चंद्र यादव ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इसके बाद विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान देश की आजादी में अपने प्राणों की बलिदान देने वाले क्रांतिकारी और शहीदों को नमन करते हुए उनके बारे में उन्होंने विस्तार से बताया। इस मौके पर सुभाष चंद्र यादव, डॉ चन्द्रजीत मौर्य, सुनीता यादव, शैल यादव, शिक्षक विनोद यादव, विद्यालय की सभी रसोईया, रविन्द्र कुमार सफाईकर्मी व समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री व गांव के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया।

उधर प्राथमिक विद्यालय गोरारी में ग्राम प्रधान संदीप मौर्य व प्रधानाध्यापिका डॉ शिवानी मौर्य द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया। ग्राम प्रधान ने स्वतंत्रता दिवस की आजादी हमको कैसे मिली इस बारे में विस्तार से बताया। यहां कार्यक्रम में रजनीकांत यादव, बृजेंद्र यादव, नीलम मौर्य, मंजू देवी, निशा यादव, सुनीता प्रजापति, रीता यादव, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अमरजीत गौतम के साथ समस्त रसोईया, आंगनवाड़ी कार्यकत्री व गांव के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को उपहार वितरित किया गया।

# डिजिटल दुनिया में ठगी से बचें, जागरूक रहें: डीआईजी बस्ती




**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

सोशल मीडिया और इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के बीच साइबर अपराध तेजी से लोगों की जिंदगी को प्रभावित कर रहे हैं। इस पर रोकथाम और जागरूकता के लिए पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) बस्ती परिक्षेत्र, श्री संजीव त्यागी ने आमजन से डिजिटल दुनिया में सतर्क रहने की अपील की है। डीआईजी त्यागी ने कहा कि आज के दौर में युवा वर्ग सोशल मीडिया पर अधिक फॉलोवर और मित्र बनाने को ही प्राथमिकता मानने लगा है। यही प्रवृत्ति हमें वास्तविक जीवन से दूर कर रही है और साइबर अपराधियों के जाल में फंसा रही है। महिलाएं और बच्चे भी फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट जैसे प्लेटफार्म पर अजनबियों से जुड़ते जा रहे हैं, बिना उनकी वास्तविक पहचान जाने। यही लापरवाही ब्लैकमेलिंग, ठगी और अन्य अपराधों को जन्म देती है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर फेक आईडी बनाने का चलन अब अपराधियों का बड़ा हथियार बन चुका है। कभी सेलिब्रिटी के नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर पैसे मांगना, तो कभी महिलाओं की फर्जी प्रोफाइल बनाकर उनकी छवि धूमिल करना या आईडी हैक कर ब्लैकमेल करना–ये घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। किसी भी साइबर अपराध की शिकायत तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल (www.cyber-crime.gov.in) या हेल्पलाइन 1930 पर दर्ज कराएं।

डीआईजी त्यागी ने कहा कि पुलिस प्रशासन लगातार ऐसे मामलों पर नजर बनाए हुए है और साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा, जरूरी है कि हर नागरिक सतर्क रहे, जागरूक रहे और दूसरों को भी जागरूक करे।

**डीआईजी की अपील**

**डीआईजी ने जनता से आग्रह किया कि–**

- अपनी निजी जानकारी, फोटो और बैंक डिटेल अजनबियों से साझा न करें।
- सोशल मीडिया पर मित्रता स्वीकारने से पहले पहचान की पुष्टि करें।
- संदिग्ध लिंक, कॉल या मैसेज का जवाब न दें।
- बच्चों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करें और उनकी ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी रखें।

# जन्माष्टमी का सामान लेने के बहाने दोनो युवकों को खींच ले गयी मौत






**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर थाना लाइन बाजार के बेलवां रामसागर निवासी जय गौतम तथा शुभम कुमार को जन्माष्टमी का सामान लेने के बहाने मौत ने निगल लिया। त्योहार के अहम मौके पर गांव में हुई इस बड़ी घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया। जन्माष्टमी की खुशियों को लेकर जो झांकी सजाई गई थी जैसे ही गांव में मौत की खबर आई वह पूरी तरह से गम में बदल गया।

ऊक्त गांव निवासी 22 वर्षीय शुभम कुमार पुत्र शिवशंकर तथा जय सिंह गौतम 22 वर्ष विजय कुमार स्नातक के छात्र थे। पढ़ाई के अलावा दोनो गांव के ही कक काश्तकार अनुज कुमार की जमीन बंटाई पर लेकर खेती बाड़ी भी करते थे।

दोनो सरकारी नौकरी पाने के लिए काफी मेहनत और तैयारी करते थे। गांव में जन्माष्टमी की पूजा चल रही थी।शुभम,जय सिंह तथा दीपक तीनो प्रसाद के लिए मिठाई लेने चले गए। लौटते समय ट्रैक्टर की ट्राली से तीनो भिड़ गए। जहाँ दोनो अकाल मौत के गाल में समा गए।


लेकिन दीपक भाग्यवश बच गया। हालांकि उसे भी काफ़ी चोट आई है। मौत की सूचना मिलते ही शुभम की माँ किरन देवी, भाई बहनों में कोहराम मच गया।

सभी रोते रोते बेसुध हो गए। विजय सिंह की माँ मन्तरा देवी व उसके दो भाई तथा तीन बहनों ने दहाड़ मारकर रोना पीटना शुरू कर दिया।

गांव में हुई दो दो जवान मौतों ने लोगों को रोने पर मजबूर कर दिया। पूरे गांव में माहौल गमगीन हो गया।

दुःख की घड़ी में लोग पीड़ित परिवार को ढांढस दिला रहे हैं।

# तीन दिन बंद रहेंगे 10 स्कूल-कॉलेज, 20 अगस्त को सभी शिक्षण संस्थानों में छुट्टी




**जन एक्सप्रेस। बरेली**

बरेली में उर्स-ए-आला हजरत के मद्देनजर जिलाधिकारी ने 18, 19 और 20 अगस्त को शिक्षण संस्थानों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। यह निर्णय विद्यार्थियों की सुरक्षा और शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, उर्स में बड़ी संख्या में मुरीदों (श्रद्धालुओं) के आगमन की संभावना है, जिससे शहर में जगह-जगह जाम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसको देखते हुए शहर के 10 स्कूलों को तीन दिन के लिए बंद रखने का फैसला किया गया है। उर्स के अंतिम दिन 20 अगस्त को शहर में स्थित यूपी बोर्ड, बेसिक शिक्षा परिषद, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड से संबद्ध सभी शिक्षण संस्थान, तकनीकी कॉलेज, महाविद्यालय, आईटीआई और पॉलिटेक्निक शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। यदि किसी विश्वविद्यालय, महाविद्यालय या अन्य किसी शिक्षण संस्थान में पूर्व निर्धारित परीक्षा पहले से तय है, तो वह अपने निर्धारित समय पर ही संचालित होगी।

बरेली में उर्स-ए-रजवी पर देश-विदेश से आने वाले जायरीन की बड़ी संख्या को देखकर यातायात पुलिस ने तीन दिन का रूट डायवर्जन लागू किया है। यह डायवर्जन सोमवार से बुधवार तक प्रस्तावित उर्स की समाप्ति तक प्रभावी रहेगा। भारी और हल्के वाहनों के कई रास्ते इससे प्रभावित रहेंगे। पुराना रोडवेज बस अड्डा भी बंद रहेगा। बसों का संचालन सेटेलाइट स्टैंड से किया जाएगा।

# शहर कोतवाल मिथिलेश मिश्र हटाए गए

- सरायख्वाजा के विनय प्रकाश को नहीं मिला थाने का चार्ज, माखन चोर श्री कृष्ण जन्माष्टमी की झांकी थानेदारों को लग गई खट्टी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

अभी एक दिन पहले ही श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर अपने थाना परिसर में भव्य आकर्षक झांकी सजवाने वाले एक दर्जन थानेदारों को माखन चोर की दही खट्टी लग गई।

त्योहारी खुमार अभी बीता ही नहीं की पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने थानेदारों के तबादले कर पूरे महकमें में हड़कंप मचा दिया। तबादले की इस जद में नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश मिश्र भी हटायें गए हैं।

उनके स्थान पर जफराबाद थाना प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह को नगर कोतवाल बनाया गया है।

सरायख्वाजा के थाना प्रभारी रहे विनय प्रकाश सिंह को अभी चार्ज नहीं मिला है।

शेष कुमार शुक्ला को थाना लाइन बाजार से बदलापुर का नया प्रभारी बनाया गया है।

यहां तैनात रहे अरविंद पांडेय को पुलिस अधीक्षक ने निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच भी बैठ गई है। जयप्रकाश यादव को खुटहन थाना प्रभारी से सरायख्वाजा थाने का नया इंचार्ज बनाया गया है।

गजानंद चौबे को प्रभारी निरीक्षक सिगरामऊ से जलालपुर का चार्ज दिया गया है।

जलालपुर में तैनात रहे त्रिवेणी सिंह को यहां से हटा कर केराकत कोतवाली का प्रभारी बनाया गया है।

यजुवेंद्र सिंह को थानाध्यक्ष सुजानगंज से थाना गौराबादशाहपुर का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

यहां तैनात रहे फूलचंद पांडेय को उनके अस्थान पर सुजानगंज थाने का नया इंचार्ज बनाया गया है। आरोप है कि फूलचंद पांडेय के खिलाफ गौराबादशाहपुर व्यापार मंडल के पदाधिकारी और दर्जन भर अधिवक्ताओं ने पिछले दिनों डीएम डॉ दिनेश चंद्र से गंभीर शिकायतें की थी। जिले की एसओजी के प्रभारी रहे दिव्य प्रकाश सिंह को पवारा थाना का इंचार्ज बनाया गया है।

चंदन कुमार राय को प्रभारी एओजी से खुटहन थाने का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा सैयद हुसैन मुंतजर को यूपी डायल 112 से स्थानांतरित करके सिगरामऊ थाने का का नया इंचार्ज बनाया गया है।

### एसओ गौराबादशाहपुर का विवादों से गहरा नाता

जौनपुर। गौराबादशाहपुर थानाध्यक्ष फूलचंद पांडेय का तबादला होते ही इलाके में जबरदस्त चर्चा शुरू हो गई है। बताते हैं कि इस दरोगा का विवादों से गहरा नाता रहा है। साथ ही थाना पर पहुंचने वाले फरियादियों से अभद्र व्यवहार करते थे। इनके कार्यकाल में कई पीड़ितों को तो थाना से भगा दिया गया। जब पीड़ित एसपी के यहां गुहार लगाये तब जाकर एसपी के आदेश पर उनका मुकदमा दर्ज हुआ। इनके कार्यकाल में कई चोरियां इलाके में हुईं। सराफा दुकान से दिनदहाड़े लूट की वारदात भी हुई। गौराबादशाहपुर कस्बा में स्थित पुलिस चौकी के बगल से दिनदहाड़े बाइक चोरी चली गयी। लेकिन किसी भी चोरी और लूट का खुलासा यह नहीं कर पाये।

## एक्सप्रेस खबरें...

### कृष्णचन्द यादव बने गुलाबी देवी पीजी कॉलेज के प्रबंधक

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध गुलाबी देवी स्नातकोत्तर कॉलेज सिद्दीकपुर में प्रबंध समिति का चुनाव में कॉलेज परिसर में कराया गया, जिसमें पर्यवेक्षक प्रोफेसर राकेश कुमार यादव, गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर एवं चुनाव अधिकारी रामआसरे यादव पूर्व प्रधानाचार्य की देखरेख में चुनाव कराया गया। जिसमें सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया और चुनाव प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। जिसमें समिति के सभी पदाधिकारियो ने सर्वसम्मति से कृष्णचंद्र यादव को प्रबंधक पद पर चयन किया, इसके पूर्व इस पद पर प्रबंधक लालचंद यादव लाले रहे। चुनाव प्रकिया का संचालन प्राचार्य डॉ रामाशंकर यादव ने किया। सबके प्रति आभार कॉलेज के संरक्षक लालचंद यादव लाले ने प्रकट किया। इस मौके पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार यादव, उपाध्यक्ष रामसूरत मौर्या, उप प्रबंधक लक्ष्मी नारायण यादव, कोषाध्यक्ष बाकेलाल यादव, मंत्री अश्विनी कुमार, कार्यकारिणी के सदस्य मुरलीधर यादव, छोटेलाल, सभाजीत यादव एडवोकेट, डॉ जितेंद्र कुमार यादव, पूर्वांचल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के महामंत्री रमेशचंद्र यादव, रविचन्द, अंकुर कुमार, रोहित यादव मौजूद रहे।

### उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल करेगा प्रतिभाओं का सम्मान

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर। गौराबादशाहपुर।** जौनपुर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नगर इकाई गौराबादशाहपुर की एक बैठक रविवार को कस्बा स्थित दया मैरिज हाल में हुई। जिसमें पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी प्रतिभा सम्मान समारोह करने का निर्णय लिया गया। इस सम्मान समारोह में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट सभी बोर्डों के वर्ष 2025 के मेधावी छात्र व छात्राओं का सम्मान किया जायेगा। मेधावियों से कहा गया है कि वह अपने अंकपत्र की छाया प्रति 31 अगस्त तक कस्बा के इकराम जनरल स्टोर पर जमा कर देवें। समारोह की तिथि बाद में घोषित की जायेगी। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष लल्लन प्रताप सिंह तथा संचालन महामंत्री मुहम्मद इकराम अंसारी ने किया। इस अवसर पर सुजीत जायसवाल, मो. तौफीक, दिनेश कुमार डीके, मो.फारूक, आफताब पप्पू, मनोज कुमार, अमीक अंसारी, कलीमुल्लाह अंसारी, राजेश गुप्त आदि मौजूद रहे।

### उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल करेगा प्रतिभाओं का सम्मान

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नगर इकाई गौराबादशाहपुर की एक बैठक रविवार को कस्बा स्थित दया मैरिज हाल में हुई। जिसमें पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी प्रतिभा सम्मान समारोह करने का निर्णय लिया गया। इस सम्मान समारोह में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट सभी बोर्डों के वर्ष 2025 के मेधावी छात्र व छात्राओं का सम्मान किया जायेगा। मेधावियों से कहा गया है कि वह अपने अंकपत्र की छाया प्रति 31 अगस्त तक कस्बा के इकराम जनरल स्टोर पर जमा कर देवें। समारोह की तिथि बाद में घोषित की जायेगी। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष लल्लन प्रताप सिंह तथा संचालन महामंत्री मुहम्मद इकराम अंसारी ने किया। इस अवसर पर सुजीत जायसवाल, मो. तौफीक, दिनेश कुमार डीके, मो.फारूक, आफताब पप्पू, मनोज कुमार, अमीक अंसारी, कलीमुल्लाह अंसारी, राजेश गुप्त आदि मौजूद रहे।

### चौपुला पुल पर चीनी मांझे की चपेट में आने से युवक घायल

**जन एक्सप्रेस। बरेली।** बरेली में चीनी मांझा से पतंगबाजी हादसे का सबब बन रही है। शनिवार सुबह किला क्षेत्र का एक युवक चौपुला पुल पर चीनी मांझे की चपेट में आकर घायल हो गया। उसकी नाक और आंख के पास घाव हो गया है। कुंवरपुर मोहल्ले के निवासी 28 वर्षीय उदित नारायण शुक्रवार सुबह जन्माष्टमी पर पड़ोस के मंदिर की सजावट का सामान खरीदने चौपुला ओवरब्रिज से चौकी चौराहे की तरफ जा रहे थे।

# विधायक ने परशुराम द्वार का किया उद्घाटन, अमेरिका यात्रा से लौटे विधायक का लोगों ने किया जोरदार स्वागत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



बदलापुर विधानसभा क्षेत्र के हरिहरपुर बछुआर गांव में रविवार को एक ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला, जब क्षेत्रीय विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने विधिवत रूप से नारियल फोड़कर भगवान परशुराम द्वार का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनता का उत्साह देखते ही बन रहा था। अमेरिका यात्रा से लौटे विधायक मिश्र का ग्रामीणों ने गाजे-बाजे, फूल-मालाओं और जयघोष के साथ आत्मीय स्वागत किया।

परशुराम द्वार का उद्घाटन समारोह सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बन गया। समारोह में ब्राह्मण सभा के उपाध्यक्ष एवं पूर्व प्रमुख श्रीपति उपाध्याय, जिलाध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार दुबे, कुंवर मृगेंद्र सिंह %शिवबाबा%, जिला महामंत्री सुनील कुमार तिवारी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रोफेसर आर.एन. त्रिपाठी ने कहा कि जौनपुर भगवान परशुराम की जन्मस्थली है, और ऐसे में उनके नाम पर बने प्रवेश द्वार क्षेत्र के लिए गौरव का विषय हैं। यह केवल एक भौतिक निर्माण नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना का जागरण है।

विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने बताया कि बदलापुर विधानसभा क्षेत्र में कुल दस प्रवेश द्वारों का निर्माण प्रस्तावित है, जिनमें से छह द्वारों का कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष चार द्वारों का उद्घाटन शीघ्र किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन द्वारों के माध्यम से क्षेत्र की पहचान को मजबूती मिलेगी और आने वाली पीढ़ियां अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी रहेंगी।

अमेरिका यात्रा के अनुभव साझा करते हुए विधायक मिश्र ने बताया कि उन्होंने विभिन्न शहरों में बसे भारतवंशियों से मुलाकात की और भारतीय संस्कृति एवं बदलापुर क्षेत्र की विशेषताओं से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और विदेश नीति की वजह से भारत-अमेरिका संबंधों में और मजबूती आने की उम्मीद है।

समारोह में पूर्व प्राचार्य बद्री नारायण शास्त्री, राम सहाय पांडेय, ज्ञानंजय सिंह अमित, उन्नत सिंह, गुड्डू प्रधान, संजय सिंह प्रधान, शनि शुक्ला, पूर्व प्रधान मनोज सिंह, राकेश तिवारी, विनोद तिवारी, अम्बुज तिवारी और प्रधान संघ अध्यक्ष राकेश तिवारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में इस पहल की सराहना की और विधायक के प्रयासों की खुले दिल से प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण और सामूहिक भंडारे के साथ हुआ। आयोजन समिति ने अतिथियों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे और संस्कृति के संरक्षण की दिशा में प्रेरणास्त्रोत बनते हैं।

### आधी रात को जन्मे कन्हैया... हर ओर छाया उल्लास

**जन एक्सप्रेस। बरेली।** अमृत सिद्धि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग में जन्मे कान्हा की जय जयकार कण-कण में गूंज उठी। परमानंद के आनंद में आकंठ डूबे भक्त नाचने लगे। धरा और गगन श्याम की भक्ति में मगन हो गए। लाला को पंचामृत स्नान कराकर आरती उतारी गई। मंदिरों में श्रद्धा का सागर उमड़ा। कन्हैया के दर्शन कर भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर अपना व्रत खोला। बरेली में शनिवार को जन्माष्टमी का पर्व असीम भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। पाग ने उत्सव में मिठास घोली। घरों और मंदिरों में भगवान कृष्ण की मनोहारी झांकियां सजाई गईं। राधा-कृष्ण के मंदिर आस्था के प्रमुख केंद्र रहे। कई जगह माखन का भोग लगाया। वहीं लोगों ने तुलसी पत्र, कमल और कनेर के फूल भी चढ़ाए। कई जगह लोग ठाकुरजी को मोर पंख भी चढ़ाते दिखे। मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए देर रात तक भक्तों की लंबी कतार लगी रही। इस दौरान भक्तों ने भगवान कृष्ण से मनोकामना मांगी और उनसे सुख समृद्धि की कामना की। देर रात तक मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। वहीं घरों में भी भक्तों ने भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया। शहर के बांके बिहारी मंदिर में जन्माष्टमी धूमधाम के साथ मनाई गई। मंदिर के पास मेले जैसा माहौल रहा।

# नशे के कारोबार का भंडाफोड़, पुलिस ने महिला समेत पाँच तस्करों को दबोचा



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

लाइनबाजार पुलिस ने नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार को एक महिला समेत पाँच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से 160 ग्राम नशीला पाउडर (हेरोइन), एक चार पहिया वाहन, तराजू-बटखरा, मोबाइल फोन, पन्नियां, रबर बैंड और 1800 रुपए नगद बरामद किए हैं। यह कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक लाइनबाजार के नेतृत्व में पुलिस टीम और स्वाट टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर की। पुलिस ने आरोपियों को पानी की टंकी के पास से घेराबंदी कर दबोचा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पुनित अस्थाना पुत्र दिनेश चन्द्र अस्थाना निवासी सीटी स्टेशन के पास, थाना लाइनबाजार, जनपद जौनपुर दिव्यम सिंह पुत्र संदीप सिंह निवासी काली कुत्ती, थाना कोतवाली, जनपद जौनपुर तालिब पुत्र मो. रईश निवासी काली कुत्ती, थाना कोतवाली, जनपद जौनपुर राहुल सिंह पुत्र प्रमोद कुमार सिंह निवासी महरुपुर, थाना जफराबाद, जनपद जौनपुर प्रमिला देवी पत्नी स्व. रामलाल निवासी केशवपुर, डीएम आवास के पीछे, थाना कोतवाली, जनपद चंदौली शामिल है।

पुलिस के अनुसार आरोपियों के पास से बरामदगी में 160 ग्राम हेरोइन, एक छोटा तराजू, 10 बटखरा, लगभग 125 पन्नियां, रबर बैंड, चार पहिया वाहन (क्र62 छ्ष्ट 0097), दो कीपैड मोबाइल और 1800 रुपए नगद शामिल हैं। पूछताछ के दौरान सभी आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया और सफाई देने की बात अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में रखने की बात कही। इस संबंध में थाना लाइनबाजार में मु0अ0सं0 323/25, धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक धनंजय राय, अरविंद यादव, राजीव मल्ल, स्वाट प्रभारी चन्दन राय समेत हेड कांस्टेबल अमित राय, अवधेश सिंह, अखिलेश चौधरी, अभिनीत तिवारी, श्याम जी भारती, अनिल सिंह, राजेश सिंह, कांस्टेबल अजय कुमार, राजन भानु प्रताप, दिनेश प्रसाद, अभय कुमार, सत्य प्रकाश राय, दीपक मौर्या तथा महिला कांस्टेबल अंकिता सिंह, संयोगिता शुक्ला शामिल रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम की इस कार्रवाई को सराहते हुए कहा कि नशे के कारोबारियों के खिलाफ अभियान आगे भी और तेज़ किया जाएगा।

# जौनपुर जनपद में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर 15 अगस्त, 2025 जनपद में 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया।

जौनपुर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने कलेक्ट्रेट परिसर मे ध्वजारोहण किया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को पंचप्रण के अंतर्गत देश की एकता और एकजुटता के लिए सदैव प्रयासरत रहने तथा राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और दायित्वों का पालन करते हुए राष्ट्र की रक्षा, सम्मान और प्रगति के लिए समर्पित रहने की शपथ दिलाई। तिरंगा झंडा को सलामी देते हुए राष्ट्रगान गाया गया।

जिलाधिकारी ने देश की आजादी के लिए संघर्ष करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों, वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि लंबे समय तक पराधीनता के पश्चात हमें आजादी मिली। परतंत्रता की बेड़ियों को तोड़ने की लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को आज के दिन हम नमन करते हैं। स्वतंत्रता दिवस हमारे राष्ट्रीय कर्तव्यों की याद दिलाने का दिन है। आज़ादी हमें अनेक बलिदानों और संघर्षों के बाद मिली है, उन्होंने कहा कि इसे बनाए रखना तथा देश को आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की प्रगति तभी संभव है जब हम ईमानदारी, निष्ठा और एकजुटता के साथ कार्य करें। हमें सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांत के साथ कार्य करना है।

जिलाधिकारी ने समस्त जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए हर घर तिरंगा के सफल आयोजन पर सभी को बधाई दी तथा 13 अगस्त 2025 को पुलिस लाइन से शाही किले तक निकाली गई भव्य और ऐतिहासिक तिरंगा रैली के द्वारा रिकॉर्ड बनाए जाने पर सभी जनपद वासियों को धन्यवाद ज्ञापित किया जिलाधिकारी के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में नीम का पौधा भी रोपित किया गया। उन्होंने रंगोली बनाने वाली जनक कुमारी इंटर कॉलेज की छात्राओं को सम्मानित भी किया।

### इस्कॉन मंदिर में सजी फूलों की झांकी

**जन एक्सप्रेस। बरेली।** इस्कॉन मंदिर को सुंदर फूलों से सजाया गया। शनिवार सुबह से ही मंदिर में कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई। भक्तों ने मंदिर पहुंचकर गुणगान किया। भगवान की झांकी को झूले से सजाया गया। मंदिर के आचार्य भीम अर्जुन दास ने भक्तों के साथ मिलकर संकीर्तन किया। इस दौरान हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे आदि संकीर्तन किए गए। इस दौरान गिरधर गोपाल खंडेलवाल, विनय खंडेलवाल, जगदीश भाटिया आदि मौजूद रहे।


समाज में नवसृजन शिक्षा के प्रेरणा मे तत्पर शिक्षको एवं छात्रों को
स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक बधाई
राकेश त्रिवेदी
प्रबन्धक
राजकपूर सिंह
प्रधानाचार्य
सरस्वती बाल मन्दिर इण्टर कालेज
शहजादपुर खागा, फतेहपुर


स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी
पर हार्दिक शुभकामनाएं
सरोज राजपूत
भाजपा नेता
जिला पंचायत सदस्य
जनपद उन्नाव


स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी
पर हार्दिक शुभकामनाएं
अभिषेक द्विवेदी
वरिष्ठ सपा नेता/सभासद
नगर पालिका परिषद गंगा घाट
जनपद उन्नाव


स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी
पर हार्दिक शुभकामनाएं
दिलीप शुक्ला
भाजपा नेता
शुक्लागंज उन्नाव


स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी
पर हार्दिक शुभकामनाएं
दीपचन्द्र निषाद
प्रधान
कटहा दलनरायनपुर,
शुक्लागंज, उन्नाव


स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी
पर हार्दिक शुभकामनाएं
अशोक पाण्डेय
ठेकेदार
नगर पालिका परिषद गंगा घाट
जनपद उन्नाव


स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी
पर हार्दिक शुभकामनाएं
रामविलास यादव
समाजसेवी
जनपद उन्नाव


स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी
पर हार्दिक शुभकामनाएं
रितेश शर्मा
आनंदेश्वर एंटरप्राइजेज
शुक्लागंज, उन्नाव


स्वतंत्रता दिवस
एवं जन्माष्टमी
पर हार्दिक
शुभकामनाएं
लेखराज सिंह
अधिशासी अभियंता
पवन
(सी0ए0)
दक्षिणांचल विद्युत वितरण खण्ड हमीरपुर


स्वतंत्रता दिवस
एवं जन्माष्टमी पर
हार्दिक शुभकामनाएं
विवेक शुक्ला
संवाददाता
मियागंज ब्लाक
तहसील हसंनगज
जनपद उन्नाव
जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक


स्वतंत्रता दिवस
एवं जन्माष्टमी पर
हार्दिक शुभकामनाएं
कोविद परमार
प्रो गायत्री परमार
परमार ट्रेडर्स
हमारे यहां बिल्डिंग मैटेरियल
ईटा, मिट्टी, मौरंग, सरिया,
सीमेंट, डस्ट, मिट्टी, आदि
उचित मूल्य पर उपलब्ध है
कृपया एक बार सेवा का मौका दे।


स्वतंत्रता दिवस
एवं जन्माष्टमी पर
हार्दिक शुभकामनाएं
राजकुमार यादव दद्दा जी
प्रबंधक
डा0 लोहिया
इंटर कालेज
पोनीरोड शुक्लागंज
उन्नाव
पूर्व प्रवक्ता
बी.एन.एस.डी.
इंटर कालेज, कानपुर
संरक्षक
माध्यमिक वित्तविहीन
शिक्षक महासभा (उ.प्र.)


स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी
पर हार्दिक
शुभकामनाएं
शाहरुख खान
पुलिस उपाधिक्षक
यातायात, हमीरपुर
हरवेन्द्र सिंह
प्रभारी यातायात
हमीरपुर


स्वतंत्रता दिवस
एवं जन्माष्टमी पर
हार्दिक शुभकामनाएं
असरार अहमद
ग्राम प्रधान
गुसयारी
विकास खण्ड मौदहा, हमीरपुर


स्वतंत्रता दिवस
एवं जन्माष्टमी पर
हार्दिक शुभकामनाएं
जयकरन सिंह
समाज
सेवी
सुमेरपुर,
हमीरपुर


स्वतंत्रता दिवस
एवं जन्माष्टमी पर
हार्दिक शुभकामनाएं
मुहम्मद शफी
नाजिर
सदर
कलक्ट्रेट हमीरपुर


स्वतंत्रता दिवस
एवं जन्माष्टमी पर
हार्दिक शुभकामनाएं
जावेद हबीब
समाज
सेवी
हमीरपुर


स्वतंत्रता दिवस
एवं जन्माष्टमी पर
हार्दिक शुभकामनाएं
मकसूद अहमद
समाज
सेवी
हमीरपुर


स्वतंत्रता दिवस
एवं जन्माष्टमी पर
हार्दिक शुभकामनाएं
आसिफ अहमद
अरहान
कंस्ट्रक्शन
हमीरपुर


स्वतंत्रता दिवस
एवं जन्माष्टमी पर
हार्दिक शुभकामनाएं
मोहम्मद फरीद
राष्ट्रीय अध्यक्ष
भारत उद्योग व्यापार
मण्डल
समाजवादी अल्पसंख्यक
सभा(राष्ट्रीय उपाध्याय)
मौदहा- हमीरपुर


स्वतंत्रता दिवस
एवं जन्माष्टमी पर
हार्दिक शुभकामनाएं
बलवंत सिंह परिहार
(गुड्डू भय्या)
समाज सेवी
निवादा - हमीरपुर


स्वतंत्रता दिवस
एवं जन्माष्टमी पर
हार्दिक शुभकामनाएं
दुष्यंत सिंह परिहार
(रज्जन भय्या)
जिला पंचायत
सदस्य
हमीरपुर


स्वतंत्रता दिवस
एवं जन्माष्टमी पर
हार्दिक शुभकामनाएं
संजय दिक्षित
पूर्व अध्यक्ष
जिला पंचायत
हमीरपुर


स्वतंत्रता दिवस
एवं जन्माष्टमी पर
हार्दिक शुभकामनाएं
अमिताभ राय
सहायक
सम्भागीय
परिवहन
अधिकारी
हमीरपुर

# वर्तमान सरकार से त्रस्त है देश का अन्नदाताः तनुज पुनिया

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



रविवार को सांसद आवास पर कांग्रेसी सांसद ने प्रेस वार्ता के माध्यम से किसानों की समस्याऐं एवं खाद की कालाबाजारी तथा वोट चोरी पर वार्ता की। प्रेसवार्ता में कांग्रेसी सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में जिस प्रकार किसानों की समस्याऐं चरम सीमा पर पहुंच गई है, जिससे देश का अन्नदाता किसान वर्तमान सरकार में पूरी तरीके से त्रस्त है। क्योंकि वर्तमान सरकार में ना ही किसानों को खाद उपलब्ध हो पा रही है और ना ही पूर्ण तरीके से बिजली। जिस प्रकार यूरिया खाद को लेकर त्राहि-त्राहि मची हुई है जिससे किसान आत्मदाह की कगार पर पहुंच गया है। क्योंकि खरीफ की फसल पूरी तरीके से बरबाद हो रही हैं। दिन रात लाइन में लगकर भी खाद उपलब्ध नही हो पा रही है। किसानों की उपजऊ फसल के लिये यूरिया खाद का होना अति आवश्यक है, लेकिन वर्तमान सरकार ना ही एग्रीजंक्शन ई-बाजार केन्द्र, सरकारी समितियों पर खाद उपलब्ध करवा ही नही पा रही है। जो भी खाद उपलब्ध है व पूर्ण तरीके से कालाबाजारी की गिरफ्त में आ चुकी हैं। यह केवल इस वर्ष ही नही हर वर्ष कि समस्या है। 124 केन्द्र उपलब्ध होने के बावजूद भी 85 केन्द्रों पर खाद की अनुमति है। जबकि 3 से 4 केन्द्रों पर केवल एक सचिव है। केन्द्रों की संख्या सीमित है। जबकि समितियों की मिलिभगत से खाद की कालाबाजारी नेपाल बार्डर तक की जा रही है। साथ ही साथ उन्होने कहा कि, आने वाले समय में डीएपी, एनपीके, पेटाश की जरूरत पड़ेगी। श्री पुनिया ने आगे कहा कि इन समस्याओं को लेकर शासन व प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया पत्र के माध्यम से व ज्ञापन के माध्यम से लेकिन शासन और प्रशासन पूर्ण तरीके से आंख और कान बन्द किये हुये है। किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी किसी भी प्रकार का कोई समझौता नही करेगी। इसको लेकर धरना प्रदर्शन जो भी करना पड़े कांग्रेस पार्टी तैय्यार है। उन्होने कहा कि, जिस प्रकार वर्तमान सरकार एवं चुनाव आयोग की मिलिभगत से वोट चोरी हो रही है, जिसका पूर्ण तरीके से पर्दाफाष करते हुए राहुल गांधी एवं पूरा इण्डिया गठबन्धन बिहार में यात्रा निकाल रही है।

वोट चोरों होश सम्भालो क्योंकि लोकतन्त्र में आम जनमानस के साथ छल कदापि बर्दाश नही किया जायेगा। इण्डिया गठबन्धन यात्रा निकालकर आम जनमानस को जागरूक कर रही है। प्रेस वार्ता में मुख्य रुप से जिलाध्यक्ष मो. मोहसनि, प्रवक्ता केसी श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## गांधी भवन में शान से लहराया तिरंगा

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट द्वारा 79वां स्वतंत्रता दिवस गांधी भवन में बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार दीपक मिश्र ने झंडारोहण किया। इसके अपरान्त आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बृजेश दीक्षित ने की। सभा का संचालन पाटेष्वरी प्रसाद ने किया। इस मौके पर गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा, पूर्व विधायक सरवर अली, पूर्व हॉकी खिलाड़ी सलाउद्दीन किदवई, वरिष्ठ पत्रकार हशमत उल्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता फारूख अयूब, मृत्युंजय शर्मा, विनय कुमार सिंह, सत्यवान वर्मा, अशोक जायसवाल, नीरज दूबे, विजय कुमार सिंह मुन्ना, विनोद भारती, मनीष सिंह, वीरेन्द्र सिंह, दानिश सिद्दीकी, धनंजय शर्मा, शमशेरा सिंह आदि मौजूद रहें।



## पुलिस लाइन में मनाया गया कृष्ण जन्म महोत्सव

### धार्मिक नृत्यों को देख भावविभोर हुए दर्शक

- जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया सहयोगियों और विजेताओं को सम्मानित किया

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



रिज़र्व पुलिस लाइन में परंपरागत ढंग से कृष्ण जन्म पर्व महोत्सव के रूप में आयोजित हुआ। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में सजाए गए भव्य मंच पर दिव्य भक्ति नृत्य प्रस्तुतियों में दर्शक ताली बजाकर दर्शक भावविभोर हुए। सोनू सितारा और अमर महाकाल टीम ने इंडियन इवेंट सोल्यूशन्स के प्रबंधन में गणपति स्तुति, श्याम बंसी बजाते हो, गजब कर गयी हाय ब्रज की राधा, हे शम्भू बाबा मेरे भोलेनाथ, सत्यम शिवम सुंदरम, कृष्ण सुदामा नृत्य नाटिका, छप्पन भोग, अघोरी नृत्य, जय काली कलकत्ते वाली आदि पर बहुत ही मनोरम प्रस्तुतियां दीं। राइजिंग डांस अकादमी के कलाकारों और पुलिस लाइन की स्थानीय प्रतिभाओं का प्रस्तुतिकरण बड़ा सराहनीय रहा। उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन वामा सारथी द्वारा झंडा मेकिंग में प्रथम परी तिवारी, द्वितीय अगम कुमार, तृतीय आदेश कुमार और मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम शिवांगी यादव, द्वितीय संयोगिता शुक्ला, तृतीय प्रिया सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों और राधा कृष्ण पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाली प्रतिभाओं को पुलिस अधीक्षक ने पुरस्कृत किया। आयोजन में सुशील कुमार अपर जिलाधिकारी उन्नाव, अखिलेश सिंह अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी उन्नाव, प्रशिक्षु आई.पी.एस. दीपक यादव क्षेत्राधिकारी नगर, श्रीमती सोनम सिंह क्षेत्राधिकारी सफीपुर, प्रदीप मौर्या क्षेत्राधिकारी लाइन व प्रतिसार निरीक्षक अब्दुल रशीद के कुशल प्रबंधन में सांस्कृतिक समन्वयक डॉ आशीष श्रीवास्तव, डॉ मनीष सिंह सेंगर, सलाहकार शिल्पी श्रीवास्तव, उ0नि0 सुरेखा शर्मा, आरक्षी अजय यादव आदि को पुलिस अधीक्षक ने सम्मानित किया।

जिलाधिकारी गौरांग राठी ने उपस्थित होकर सबका उत्साह बढ़ाते हुए शुभकामनाएं दीं। मंचीय कार्यक्रमों के उपरांत लाइन परिसर में सजाए गए मंदिर में पुलिस अधीक्षक व उनकी सहधर्मिणी तथा वामा सारथी जनपदीय अध्यक्षा अदिति मोर ने विधिविधान से पूजन अर्चन और रात्रि 12 बजे कृष्ण जन्म मनाते हुए लड्डू गोपाल को झूला झुलाकर सबको बधाइयां दीं।

## ईशानी नंदा के ग्रुप डांस परफॉर्मेंस ने लोगों को किया मंत्रमुग्ध

- फस्ट वेल स्कूल के बच्चों ने मनाया आजादी का जश्न, बच्चों ने पेश किए देशभक्ति गीत

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**




छोटा बच्चा जानकर हमसे ना टकराना रे... गाने पर प्ले ग्रुप के बच्चों ने जमकर धमाल मचाया। स्कूल के छोटे से स्टेज पर इन बच्चों के स्टेप्स में न तो हिचक थी, न डर, और न ही किसी तरह की झिझक। मानो स्टेज उसका हो और लाइट्स, कैमरा, म्यूजिक सब उसी के इशारे पर चल रहे हों। स्कूल के छोटे से कार्यक्रम में ऐसा धमाका होगा, किसी ने सोचा भी नहीं था। शनिवार को स्थानीय विकास भवन रोड स्थित कोठीडीह में फस्ट वेल कांवेन्ट स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह से मनाया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य राजकुमार चौधरी ने ध्वजारोहण किया। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रगान गाया। कार्यक्रम का शुभारंभ नन्हें-मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में देशभक्ति गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने देशभक्ति और सांस्कृतिक रंग से सराबोर अनेक प्रस्तुतियां दीं। वहीं, ईशानी नंदा और कृष्णा की जोड़ी ने लोकप्रिय गीत 'छोटा बच्चा जानकर हमसे ना टकराना रे..' पर शानदार डांस प्रस्तुत कर सभी को झूमने को मजबूर कर दिया। उपस्थित लोगों ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा। प्रधानाचार्य राजकुमार चौधरी ने बच्चों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा की। कहा कि बच्चों के भीतर अपार संभावनाएं हैं। उन्हें सही दिशा और अवसर मिले तो वे राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों का आत्मविष्वास देख कर लगता है कि आने वाली पीढ़ी हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगी। इस तरह के सांस्कृतिक आयोजन न केवल बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि उनमें टीम भावना, आत्मविष्वास और अनुशासन का भी विकास करते हैं। श्री चौधरी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि फस्ट वेल स्कूल के बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ उनकी प्रतिभाओं को उभारने का है ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। बच्चों को बेहतर माहौल देने के साथ-साथ बेहतर शिक्षा भी देना है। कार्यक्रम के अंत में मिठाई वितरण किया गया। सभी ने एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम में शिक्षिका रंजना, मुस्कान, मोहिनी, सिमरन, अनामिका, दीपांजलि, शिवानी और अन्य शिक्षिकाएं व अभिभावक उपस्थित रहे।

## आवारा कुत्तों के मुद्दे पर शुरू हुई विरोध और समर्थन की सियासत

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

सुप्रीम कोर्ट के दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों को 8 हफ्ते में शेल्टर होम्स में भेजने के 11 अगस्त 2025 के आदेश के बाद डॉग लवर्स और उनके विरोधियों के बीच तीव्र विवाद छिड़ गया है। यह मुद्दा न केवल पशु अधिकारों बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी से भी जुड़ा है। विरोध और समर्थकों की लड़ाई अब सड़कों पर आ गई है। गाजियाबाद के इंदिरापुरम में डॉग लवर्स का विरोध प्रदर्शन भी हिंसा की भेंट चढ़ते चढ़ते बचा । हिंदू धार्मिक संगठन के लोगों द्वारा गौवंश की रक्षा को लेकर भी डॉग लवर्स से प्रदर्शन की मांग किया । जिसको लेकर हाथपाई तक की नौबत आ गई।

यह विवाद मास बनाम क्लास का रूप ले चुका है, जहां एक तरफ पशु प्रेमी कुत्तों के अधिकारों की बात कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ आम लोग सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की नई बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही है, और जल्द ही कोई संतुलित समाधान निकल सकता है। कुछ ऐसे उपाय हैं जिससे दोनों को राहत मिल सकती हैं। नसबंदी और वैक्सिनेशन ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड जैसे देशों ने नसबंदी और वैक्सिनेशन के जरिए इस समस्या का समाधान किया है। भारत में भी ऐसी नीति अपनाई जा सकती है। लेकिन इच्छा शक्ति और प्रशासनिक जिम्मेदारी बढ़ानी होगी। सहयोगात्मक दृष्टिकोण- डॉग लवर्स और सरकार मिलकर शेल्टर होम्स की व्यवस्था और कुत्तों को एडॉप्ट करने की प्रक्रिया को बढ़ावा दे सकते हैं। आवारा कुत्तों की समस्या को महसूस करना होगा और उसके लिए डॉग लवर्स को आगे बढ़कर अपनी भूमिका निभानी होगी। नगर निगम की जिम्मेदारी- डॉग लवर्स का आरोप है कि नगर निगम ने नसबंदी और वैक्सिनेशन में भ्रष्टाचार किया, जिससे समस्या बढ़ी। आज ऐसे संस्थानों को जागरूक होकर जनता के हितों और जानवरों की सुरक्षा पर आंख खोलकर कार्य करने की जरूरत है।

### डॉग लवर्स की दलील

डॉग लवर्स का कहना है कि आवारा कुत्तों को शेल्टर होम्स में भेजना अव्यावहारिक और अमानवीय है। उनके प्रमुख तर्क भी जनता और मांग में रख रहे हैं।

- शेल्टर होम्स की कमी- दिल्ली एनसीआर में में लगभग 5 लाख आवारा कुत्ते हैं, और इतने बड़े पैमाने पर शेल्टर होम्स बनाने के लिए न तो पर्याप्त जमीन है और न ही संसाधन। पूर्व सांसद और पशु अधिकारों की रक्षा के लिए सतत प्रयत्नशील मेनका गांधी के अनुसार, इस प्रोजेक्ट में 15,000 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जो आर्थिक रूप से व्यवहार्य नहीं है।
- पशु अधिकार- कुत्तों को सड़कों से हटाकर पिंजरों में रखना उनके स्वाभाविक जीवन के खिलाफ है। डॉग लवर्स का मानना है कि कुत्तों को भी खुली हवा में जीने का अधिकार है।
- प्रदर्शन और आंदोलन- डॉग लवर्स ने दिल्ली के कनॉट प्लेस, इंडिया गेट, रोहिणी, गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन, आरडीसी और इंदिरापुरम जैसे इलाकों में कैंडल मार्च और विरोध प्रदर्शन किए।
- आर्थिक पहलू- कुछ का दावा है कि एनिमल एक्टिविज्म के नाम पर एनजीओ को करोड़ों रुपये का फंड मिलता है जैसे, एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया से 4 करोड़ और ष्टस्क्रसे लगभग सैकड़ों करोड़ रुपये सालाना और शेल्टर होम नीति से यह फंडिंग प्रभावित हो सकती है।

### डॉग लवर्स का विरोध

विरोधी पक्ष ने डॉग लवर्स को एक एलीट क्लास का विरोध बताते हुए धनाढ्य और फैशन परस्त लोगों की नौटंकी करार दिया है। जनता का कहना है कि डॉग लवर्स के नाम पर दबंगई और गुंडई खत्म होगी। पशुप्रेमी के नाम पर कुछ लोग नेतागिरी करते हैं। सरकारी धन को डकारने के लिए यह विरोध का ढोंग किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का खुले आम विरोध अब देश द्रोह नहीं कहलाएगा। आवारा कुत्तों के कारण सार्वजनिक सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है। जब कोई परिवार आवारा कुत्तों के कारण परेशान अथवा दु:खी होता है तो ऐसे डॉग लवर्स भी उसी प्रकार जानवर बनकर घरों में घुसे रहते हैं। ऐसे में खुद वो उसके समान हो जाते हैं। डॉग लवर्स ने भी तर्कों से अपनी बातें अब मिडिया में रखनी शुरू कर दिया है।

सुरक्षा चिंताएं- देश में हर साल लगभग 30 लाख लोग कुत्तों के काटने का शिकार होते हैं, और रेबीज से 50 मौतें होती हैं। तमिलनाडु में इस साल 3.67 लाख कुत्तों के काटने की घटनाएं दर्ज हुईं। क्यों कोई संस्था अथवा कुत्ता प्रेमी जिम्मेदारी लेने आगे आया । संसद में बैठकर भी सत्ता सुख लेने वाली भाजपा नेता मेनका गांधी क्यों नहीं आवारा कुत्तों के लिए लड़ाई लड़ी।

- बच्चों और बुजुर्गों का खतरा- नोएडा और गाजियाबाद जैसे इलाकों में कुत्तों के हमलों से बच्चों और बुजुर्गों को नुकसान की खबरें आम हैं। उस समय भाजपा नेत्री मेनका गांधी समेत एलीट क्लास के लोग जो गाड़ियों में घूम घूमकर भूख के नाम पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाने का ढोंग करते हैं वह क्या मदद करते हैं? कोई उसकी जिम्मेदारी क्यों नहीं लेता। क्यों नहीं ऐसे हिंसक जानवरों को ऐसे डॉग लवर्स अपने घर अथवा शेल्टर होम ले जाने की व्यवस्था करते।
- सुप्रीम कोर्ट का समर्थन- कोर्ट ने साफ कहा है कि सड़कों पर कुत्ते नहीं दिखने चाहिए, और इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए डॉगलवर्स न्यायालय के सही निर्णय का विरोध कर रहे है। जिसका जवाब अब जनता सड़कों पर देगी।
- सोसायटी की शिकायतें- नोएडा, गाजियाबाद सहित दिल्ली एनसीआर जैसे क्षेत्रों में सोसाइटियों में कुत्तों का अड्डा बन जाना आम बात है, जिससे निवासियों में नाराजगी है। जिसमें बड़ी भूमिका ऐसे डॉग लवर्स की है जो पशु प्रेम के नाम पर हिंसा करने से भी नहीं चुकते भले ऐसे आवारा कुत्ते जान के दुश्मन बने हों ।
- जन समर्थन- एक पोल में 89त्न लोगों ने कुत्तों को शेल्टर होम्स में भेजने के फैसले का समर्थन किया, जबकि केवल 11त्न इसके खिलाफ थे। ऐसे में अगर एलीट क्लास के खिलाफ आम जनता ने हुंकार भर दिया तो सामाजिक ताने बाने पर भी असर पड़ना तय है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### चोरों ने उड़ाया लाखो का माल, शिकायत

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। मसौली।** बीती रात्रि सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम जलालपुर मे छत के सहारे आये अज्ञात चोरो ने नकदी, मोबाइल सहित जेवरात चोरी कर ले गये पीड़ित गृहस्वामियों ने सफदरगंज थाने मे चोरी की तहरीर दी है। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम जलालपुर मे बीती रात्रि विशनलाल पुत्र रामगोपाल के घर छत के सहारे आये अज्ञात चोरो ने बक्से का ताला तोड़कर बक्से मे रखी सोने की झुमकी, 6 जोड़ पायल, सोने के 2 माला, एक अंगूठी व जोड़ बिछिया सहित 6 हजार की नगदी उठा ले गये चोरो ने बगल मे ही स्थित अभिषेक पुत्र राम सेवक की छत पर बने कमरे मे चार्जिंग के लिए लगे मोबाइल व पर्स मे रखे दो हजार रुपये चोरी कर ले गये रविवार की सुबह जगे परिजनों ने घर मे पड़े अस्त व्यस्त सामानो को देखा घर की नगदी व जेवरात गायब है पीड़ित गृहस्वामियों ने थाना सफदरगंज मे चोरी की तहरीर दी है थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि चोरी की तहरीर मिली है जिसकी जाँच की जा रही है।

### वारंटी सहित दो गिरफ्तार, 30 पर हुई शांति भंग की कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** जनपद में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बीती 16/17 अगस्त को 01 वांछित और 01 वारंटी को गिरफ्तार किया, जबकि 30 अभियुक्तों पर शांतिभंग की धाराओं में कार्रवाई की। थाना जहांगीराबाद पुलिस ने चोर अनिल यादव पुत्र स्व. रामसेवक निवासी लहबडपुरवा (दतौली) को बम्भौरा मोड़ से गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी के 1000 रुपये बरामद किए। अभियुक्त के विरुद्ध दो मुकदमे पंजीकृत हैं। वहीं, थाना बड्डूपुर पुलिस ने 15 अभियुक्तों पर धारा 170/126/135 बीएनएसएस में कार्रवाई की।

### कोतवाली गंगा घाट में मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव।** कोतवाली गंगा घाट में आयोजित हुआ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव इस अवसर पर गंगा घाट कोतवाली में समाजसेवी व भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने पहुंचकर बड़ी धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्मोत्सव कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों से भेंटकर जन्माष्टमी की शुभकामनाएं प्रेषित की कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी वीरेंद्र शुक्ला सपा नेता उमालाल यादव भाजपा के वरिष्ठ नेता के भी त्रिवेदी अवनीश त्रिवेदी प्रत्यक्ष गुप्ता सभासद विमल आदि उपस्थित रहे।



### ट्रक की टक्कर से 13 वर्षीय बालक गंभीर

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। फतेहपुर।** फतेहपुर-बाराबंकी मार्ग पर रविवार को इसरौली के पास खलीलनगर मोड़ पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने ठेलिया को टक्कर मार दी। हादसे में ररिया टांडा निवासी 13 वर्षीय जैद गंभीर रूप से घायल हो गया। जैद अपने मौसा नियाज और मौसी आसमा के साथ ठेलिया पर लकड़ी लेकर जा रहा था। अचानक सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे ठेलिया क्षतिग्रस्त हो गया और जैद का पैर ट्रक के पहिये के नीचे आ गया। नियाज और आसमा को मामूली चोटें आईं। सूचना पर कोतवाल संजीत कुमार सोनकर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल बच्चे को अपनी गाड़ी से फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने भागने की कोशिश कर रहे ट्रक को बिशुनपुर से पकड़ लिया, हालांकि चालक मौके से फरार हो गया।

## थाने में मनी जन्माष्टमी, जमकर हुई आतिशबाजी

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

**मसौली।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी क्षेत्र में हर्षोउल्लास के साथ मनायी गयी। मध्य रात्रि होते ही जय कन्हैया लाल की हाथी घोडा पालकी से इलाका गुंजाम्यन्त्र हो गया। दुल्हन की तरह सजे थाना मसौली व सफदरगंज में जन्माष्टमी धूमधाम से मनायी गयी। मनमोहक झालरों, गुब्बारों एव रंगोली से सजाये गये थाना मसौली की जन्माष्टमी आकर्षक का केन्द्र रही रात्रि 12 बजते ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म होने पर गोले तमाशे के साथ जमकर आतिशबाजी हुई तथा प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक सफदरगंज अमर कुमार चौरसिया ने व्रत रखकर पूजा अर्चना की। इस दौरान जय कन्हैयालाल की हाथी घोडा पालकी के जमकर उदघोष हुए कस्बा रसौली स्थित विशाल गुप्ता के आवास पर भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया इसके आलावा गांव गांव में जगह जगह जन्माष्टमी भक्तिभाव से मनाई गई।

## लोकायुक्त पहुंची नगर पालिका परिषद गंगा घाट में हुए भ्रष्टाचार की जांच

- नगर पालिका गंगा घाट जनपद उन्नाव में करोड़ों के भ्रष्टाचार की शिकायत लोकायुक्त उत्तर प्रदेश से हुई शिकायत होने के बाद लोका आयुक्त द्वारा जांच के दिये गये आदेश।
- शिकायतकर्ता भाजपा नेता ने करोड़ों के भ्रष्टाचार निर्माण कार्यों में गोलमाल टेंडर पुलिंग व नगर में प्रकाश व्यवस्था के लिए खरीदी गई लाइटों पर बड़े भ्रष्टाचार के आरोप लगाये है।

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**




**शुक्लागंज।** नगर पालिका परिषद गंगा घाट जनपद उन्नाव पूर्व से भ्रष्टाचार को लेकर चर्चा में रही है। विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो शिकायतकर्ता भजापा नेता राजू शुक्ला ने पूर्व में भी नगर पालिका में निर्माण कार्यों में टेंडर पुलिंग लाइट व अन्य प्रकार के भ्रष्टाचार के आरोप लगाते रहें हैं। शिकायतकर्ता द्वारा 26-6- 2025 को लोकायुक्त उत्तर प्रदेश को शिकायत कर जांच कराकर कार्रवाई की मांग की थी। शिकायतकर्ता की शिकायत पर नगर पालिका परिषद गंगा घाट के अधिशासी अधिकारी मुकेश मिश्रा व अध्यक्ष कमैदी पांडे द्वारा किए गए करोड़ों के भ्रष्टाचार के विरुद्ध जांच किए जाने के लिए जिलाधिकारी उन्नाव उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण उपखंड द्वितीय मगरवारा उन्नाव को जांच अधिकारी नामित किया गया है।




## मसौली में मनाया गया आजादी का जश्न

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

**मसौली।** 79 वां स्वतन्त्रता दिवस क्षेत्र में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। सरकारी, अर्धसरकारी कार्यालयों, शैक्षिक संस्थानों पर झण्डा रोहण किया गया तथा मिष्ठान का वितरण किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगे की धूम रही। विकास खण्ड मुख्यालय पर ब्लाक प्रमुख राईस आलम एव खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने झंडारोहण किया तथा क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इस मौके पर अवर अभियंता प्रमोद कुमार गौतम, अवर अभियंता लघु सिंचाई मेराज अहमद, एडीओ पँचायत, जानकीराम, मदन गोपाल कनौजिया, एडीओ सहकारिता खुशबू राय, आईटीआई कालेज मे प्रधानाचार्य महेश चंद्र, ग्राम पंचायत बड़ागाँव के पंचायत भवन, अम्बेडकर पार्क एव शैक्षिक संस्थानों पर ग्राम प्रधान नूरफातिमा ने झंडारोहण किया। मसौली थाना मुख्यालय पर प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह थाना सफदरगंज में प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया ने झण्डारोहण किया। धन्वंतरि हॉस्पिटल सफदरगंज मे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सुमन श्रीवास्तव, सीएचसी बड़ागाँव पर प्रभारी अधीक्षक डॉ0 संजीव कुमार, यूनिवर्सल एकाडमी पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य शकील सिद्दीकी, बीईओ कार्यालय पर बीईओ जानेंद्र कुमार गुप्ता, सार्वजनिक शिक्षण संस्थान पर प्रबन्धक राममिलन वर्मा, सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल पर चेयरमैन पीपी सिंह ने झण्डा फहराया। कम्पोजिट विद्यालय करपिया में ग्राम प्रधान विनोद वर्मा एव राज्य सन्दर्भ समूह के सदस्य प्रधनाध्यापक अवधेश कुमार पाण्डेय ने झन्डा रोहण किया। इसके अतिरिक्त समस्त शैक्षिक संस्थानों, ग्राम पंचायत कार्यालयों पर ग्राम प्रधानों द्वारा झण्डा रोहण किया गया तथा मिष्ठान का वितरण किया गया।

## धूमधाम से मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

**जैदपुर।** हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से पूरा कस्बा जैदपुर भक्तिमय हो उठा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार द्वापर युग में इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर घरों में बाल गोपाल का सुंदर श्रृंगार किया और माखन, मिश्री, तुलसी पत्ते सहित प्रिय वस्तुएं अर्पित कीं। जगह-जगह भजन-कीर्तन, हवन-पूजन और झांकियों का आयोजन हुआ। कस्बे के श्रीराम जानकी बालाजी महाराज संगत मंदिर, श्री बाला जी मंदिर दशहराबाग, शिव मंदिर गढ़ी कदीम, भुईहारे बाबा मंदिर सहित श्रद्धालुओं के निजी आवासों पर आकर्षक झांकियां सजाई गईं और प्रसाद वितरण किया गया। बाजारों में भी खास रौनक रही, जहां लड्डू गोपाल के लिए वस्त्र, आभूषण, मिठाइयों और पूजन सामग्री की बिक्री खूब हुई। कोतवाली थाना जैदपुर में भी जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। यहां भक्ति संगीत, आरती और श्रद्धालुओं के लिए जलपान व भोजन की व्यवस्था की गई। जन्माष्टमी मात्र एक पर्व नहीं, बल्कि अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देने वाला पावन उत्सव है।

## विकासखण्ड मुख्यालय सहित नगर पंचायत, स्वास्थ्य केन्द्र समेत शिक्षण संस्थानों हुआ ध्वजारोहण

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

**नवाबगंज।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विकासखण्ड मुख्यालय परिसर में ब्लॉक प्रमुख रोशनी रावत ने ध्वजारोहण किया। जिसके बाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह, वीडीओ शैलेन्द्र भारतीय, राकेश यादव, शिव दत्त तिवारी, शरद चंद पांडे, आशीष पटेल, जेई फूल चंद यादव, शिवा तिवारी, अलका गुप्ता, संजय राजपूत आदि ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक पर पुष्प अर्पित कर सरदार पटेल एवं अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया।नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष दिलीप लश्करी ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी अनिल कुमार, स्वच्छ भारत मिशन ब्रांड एंबेसडर रोहित गुप्ता, सभासद सुनीता, मुन्नालाल, मोइनुद्दीन, उदय प्रताप सिंह समेत संजीव मिश्रा, तुफैल अहमद, संजय खान, दिनेश शर्मा आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।अधीक्षक डॉ राजेश कुमार ने सीएचसी में ध्वजारोहण किया। इस दौरान डॉ अखिलेश विक्रम, डॉ शैलेन्द्र अस्थाना, महेश साहू, विजय कुमार, मलखान सिंह, प्रशांत दीक्षित, प्रवीण कनौजिया, शिल्पा समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।कस्बा स्थित श्यामलाल इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ अनूप सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान स्काउट्स व एनसीसी कैडेट्स ने परेड व मॉकड्रिल किया। जहां मनोज गुप्ता, विजय सिंह समेत शिक्षक संतोष तिवारी, धर्मेश प्रताप सिंह, संदीप मिश्रा आदि समेत अन्य उपस्थित रहे।



स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक बधाई



किसानो व व्यापारियो के लिए अपने उत्पादन के उचित मूल्य के लिए नवीन कृषि मण्डी मे पधारे सभी का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन

सतीश कुमार तिवारी
सचिव नवीन कृषि मण्डी
खागा फतेहपुर

स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक बधाई



द्वाबा के पवित्र धरा के निवासियो को सुख समृद्धि एवं विकास के लिए हार्दिक बधाई

अवनीत कुमार
उपजिलाधिकारी

पूर्ति अधिकारी
हरीश साहनी, भास्कर मिश्रा
तहसील खागा, फतेहपुर

कार्यालय खण्ड बाल विकास परियोजना अधिकारी ऐरायां-फतेहपुर

स्वतन्त्रा दिवस पर किसानों, मजदूरों एवं महिलाओं को हार्दिक शुभकामनायें।
गर्भवती महिलायें समय से टीकाकरण करवाये, हर माह 0 से 6 वर्ष तक के बच्चे टीएचआर का लाभ अपने आंगनबाड़ी वर्कर से प्राप्त करें:-



आशीष पाण्डेय
सीडीपीओ
सीडीपीओ ऐरायां-फतेहपुर।

स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक बधाई


द्वाबा के पवित्र धरा के निवासियो को सुख समृद्धि एवं विकास के लिए हार्दिक बधाई

राजेश दीक्षित
मुख्य खाद्य निरीक्षक
फतेहपुर

धीरज कुमार दीक्षित
खाद्य निरीक्षक
फतेहपुर

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी पर हार्दिक शुभकामनाएं

नीलेश पान्डेय



कान्य बाल विद्या मंदिर
सलोन - रायबरेली

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी पर हार्दिक शुभकामनाएं







पुनम सिंह
समाज सेविका
सलोन - रायबरेली



बड़े हर्ष के साथ सूचित किया जा रहा है कि विगत् वर्षों की भांति इस वर्ष भी कैपिटल सिनेमा के पास
श्री कृष्ण जन्मोत्सव
दिनांक 16 अगस्त दिन शनिवार को आयोजित किया जा रहा है।
भव्य रंगारंग झांकी कार्यक्रम
सायं 8 बजे से प्रारम्भ
नन्द के आनन्द भैयो जै कन्हैया लाल की
हाथी, घोड़ा पालकी जै मदन गोपाल की।

श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति
निकट कैपिटल सिनेमा दक्षिणी जहानाबाद, रायबरेली
संजय श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, यशपाल सिंह
विनय श्रीवास्तव, राम प्रकाश, वेद प्रकाश

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी पर हार्दिक शुभकामनाएं

मो0 इलियास



पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी
रायबरेली

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी पर हार्दिक शुभकामनाएं



मिनी सागर स्वीट्स
स्वराज नगर कॉलोनी,
निकट धुन्नी सिंह नगर, रायबरेली
मो0 8355066546

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी पर हार्दिक शुभकामनाएं






डायमण्ड ग्लास एण्ड एल्यूमिनियम हाउस
प्रो0-मो0 अमान खान
स्वाराज नगर कालोनी, लखनऊ रोड, रायबरेली
मो0नं0-9140441680

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी पर हार्दिक शुभकामनाएं

NEW KAHMANIYA HOTEL





VEG & NON-VEG
9335811566, 7408284845, 9984598295
newrahmaniyahotel@gmail.com
Near Kaharaon Ka Adda, Gulab Road, Raebareli (UP)
FREE HOME DELIVERY

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी पर हार्दिक शुभकामनाएं

NATIONAL TILES
Deals In : - Wall Tiles, Floor Tiles, Vitrified Tiles GVT, Double Charge, Elevation & Sanitaryware Goods
Gulrez Alam
9984857507
Shahnawaz Alam
7985964971
Add: Raza Complex, Eidgah Double Fatak Railway Station Road, Raebareli

स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय महापर्व पर राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता चिरंजीवी हो

मैस एग्रो फूड्स ली.
रंजीत मिश्रा
मैनेजर
जनपद उन्नाव

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी पर हार्दिक शुभकामनाएं

STANDARD FOOD PRIVATE LIMITED
AMIT MAURYA
General Manager
जनपद उन्नाव

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी पर हार्दिक शुभकामनाएं

AL SUPER FROZEN PVT. LTD.
Unnao food industry
RAHUL KAPOOR
Manager

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी पर हार्दिक शुभकामनाएं

एजाजूल हसन



समाज सेवक
रायबरेली

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी पर हार्दिक शुभकामनाएं

INDAGRO FOODS PRIVATE LIMITED
प्रदूषण रहित कृषि आधारित उद्योग
NEERAJ TRIVEDI
Manager corporate affairs
जनपद उन्नाव

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी पर हार्दिक शुभकामनाएं

AGRICOM FOOD PVT LIMITED
प्रदूषण रहित कृषि आधारित उद्योग
NEERAJ TRIVEDI
Manager corporate affairs
जनपद उन्नाव

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी पर हार्दिक शुभकामनाएं

AOV EXPORT PVT. LTD.
प्रदूषण रहित कृषि आधारित उद्योग
खालिद मिर्जा
मैनेजर
जनपद उन्नाव

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी पर हार्दिक शुभकामनाएं

RUSTAM PVT. LTD.
प्रदूषण रहित कृषि आधारित उद्योग
तनवीर
मैनेजर
जनपद उन्नाव

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम ने किया ध्वजारोहण...

# जिले में धूमधाम और उत्साह पूर्ण ढंग से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



सभी भारतवासियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण पर्व स्वतंत्रता दिवस जनपद में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस पर्व पर सभी सरकारी, अर्धसरकारी तथा विभिन्न भवनों पर ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गया गया इसके साथी पूरे जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर कलेक्ट्रेट में प्रातः 8ः00 बजे डीएम पवन अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान का सामूहिक भावपूर्ण गायन किया गया। वहीं आयोजित गोष्ठी में सीएमएस विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। डीएम ने उनको पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर डीएम ने समस्त जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निष्ठा पूर्ण ढंग से निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना अहम योगदान दे। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एडीएम न्यायिक, अपर उप जिलाधिकारी व अन्य संबंधित समस्त अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस पर प्रातः साइकिल रैली निकली गई। सभी विद्यालयों में ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगीत का गायन हुआ तथा प्रभात फेरी निकाली गई।

## दरोगा को पीटने वाले आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

थाना दादों क्षेत्रांतर्गत रक्षाबंधन के दिन आलमपुर चौराहे पर ड्यूटी कर रहे दरोगा राजवीर सिंह पर ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह यादव और उनके समर्थकों ने हमला कर दिया था। दरोगा के भागने की कोशिश करने पर आरोपियों ने उनका पीछा कर उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा था।थाना पुलिस के अनुसार 15 अगस्त को गांव नगरिया सिहानी निवासी विनय उर्फ ननुआ पुत्र कुमरपाल सिंह को गिरधरपुर पुलिया से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष धीरज कुमार, उप निरीक्षक निखिल मलिक, सिपाही राहुल कुशवाह व सर्वेश कुमार हैं। थाना प्रभारी धीरज कुमार ने बताया अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें दबिश दे रही हैं। अन्य आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। ग्रामीण और पुलिस सूत्रों के अनुसार किसी विवाद के चलते दरोगा राजवीर ने प्रधान को थाने में लाकर बंद कर दिया था।

## महारानी लाल कुंवरि स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित महारानी लाल कुंवरि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को राष्ट्र रक्षा करने का संकल्प दिलाया गया।

जानकारी के अनुसार 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह में सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ,मुख्य नियंता प्रो0 वीणा सिंह सहित सभी विभागों के अध्यक्ष ने अमर सपूतों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने ध्वजारोहण किया।

महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान की अगुवाई में राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दे रहे एन सी सी कैडेटों के गॉर्ड का निरीक्षण प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने किया। उपस्थित छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस प्रत्येक भारतीय को एक नए युग की शुरुआत, बंधनों और गुलामी से मुक्त एक नए जीवन की शुरुआत की याद दिलाता है। यही कारण है कि स्वतंत्रता दिवस को इतना महत्व दिया जाता है और पूरे देश में इसे बहुत ही भव्य तरीके से मनाया जाता है। वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो0 मोहिउद्दीन अंसारी ने निदेशक उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रेषित शुभकामना संदेश का वाचन किया। इस दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाषण, कविता व देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी की वाहवाही लूटी। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## बीएचकेएस विद्यालय में मनाया गया 79 वां स्वतंत्रता दिवस

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित बी एच के एस बाल भारती इंटर कॉलेज बलरामपुर के प्रांगण मे 79 वां स्वतन्त्रता दिवस हर्षोलास के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण वयोवृद्ध समाजसेवी आदित्य प्रसाद श्रीवास्तव के द्वारा किया गया।

जानकारी के अनुसार 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कालेज प्रबंधक डा0 देवेश चन्द्र श्रीवास्तव,उप सचिव दिलीप कुमार श्रीवास्तव, संजय शर्मा, डा0राकेश चन्द्रा, रघुनाथ अग्रवाल, अजय प्रकाश श्रीवास्तव, ऊषा श्रीवास्तव, आनंद उपमन्यु, भानू तिवारी, डा0 के0पी0 त्रिपाठी, सुरेंद्र गौतम ने अपने अपने संबोधन मे स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व के महत्व एवं राष्ट्र के प्रति अपने अपने उत्तरदायित्व पर विचार रखे। प्रबंधक डा0 देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने अपने संबोधन मे आजादी दिलाने वाले अमर शहीदो को नमन करते हुए राष्ट्रीय भावनाओ से ओतप्रोत होकर देश के निर्माण मे सभी के योगदान का आवाह्न किया। समारोह मे कालेज की छात्र छात्राओ ने राष्ट्रीय भावनाओ से ओतप्रोत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतिकरण किया।जिनमे राघवेन्द्र कुमार, गौरी वाल्मिकी, काजल, मिथिलेश, नैतिक, पंखुरी, पीहू, अरचिता, अरीबा, वैशनवी, जया, रुची, अंजली, शाजिया, अंजन चौहान, चंदन चौहान आदि ने आकर्षक गीत, भाषण एवं नृत्य की प्रस्तुति की।

प्रधानाचार्य रमेश चन्द्र त्रिपाठी ने सभी को स्वतन्त्रता दिवस पर बधाई देते हुए अतिथिगण का आभार व्यक्त किया। प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओ को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम मे अनीता चौहान, सौरभ श्रीवास्तव, राकेश कुमार द्विवेदी, मोनिका श्रीवास्तव, उमा पांडेय, वंदना सिंह, बृजेश त्रिपाठी, मनीष कुमार, कुसुम शुक्ल, प्रमोद श्रीवास्तव, नूतन श्रीवास्तव, अंशुल, शमा, डालमणि पाठक ने भी अपना अपना योगदान दिया।

## महाराणा प्रताप वनवासी छात्रावास में मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के रमना पार्क स्थित महाराणा प्रताप वनवासी छात्रावास में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य यजमान के रूप में छात्रावास के अध्यक्ष एमएलके पीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने संपन्न कराया। जानकारी के अनुसार 16 अगस्त को वनवासी कल्याण आश्रम के सेवा समर्पण संस्थान द्वारा संचालित महाराणा प्रताप वनवासी छात्रावास में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रमके मुख्य अतिथि छात्रावास के अध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने पूजन अर्चन करके आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्रावास के कोषाध्यक्ष मंगल बाबू ने छात्रों को भगवान श्री कृष्ण के विषय में जानकारी दी और भजन के माध्यमसे प्रेरित किया। मध्य रत्रि में भगवान श्री कृष्ण के जन्म उपरांत आरती के साथ पहले दिन के कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर वनवासी कल्याण आश्रम के संगठन मंत्री सचिन, छात्रावास के महामंत्री इंदू भूषण जायसवाल, संरक्षक डॉ कौशल्या गुप्ता, प्रचार प्रमुख अखिलेश्वर तिवारी, राजन सिंह, पूर्व अध्यक्ष रघुनाथ अग्रवाल, विजय श्रीवास्तव, सेवा भरती बीड़ी जायसवाल, सभासद राघवेंद्र कांत सिंह मंटू व वेद प्रकाश मिश्रा सहित छात्रावास के सभी छात्र मौजूद रहे।



## धूमधाम से मनाया गया 79 वां स्वतंत्रता दिवस



**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के अल्ट्राटेक सीमेंट यूनिट टांडा सीमेंट वर्क्स में 79 व स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया पूरे दिन आवसीय परिसर और फैक्ट्री परिसर में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की धूम रही फैक्ट्री के कर्मचारीयों एवं उनके परिवारों द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई।

पूरा कॉलोनी परिसर देश भक्ति गीतों से गुंजायमान हो रहा था और पूरा परिसर देशभक्ति रंगों में हुआ था अल्ट्राटेक प्लांट परिसर के प्रशासनिक भवन के निकट कारखाना प्रमुख नागेश उपाध्याय द्वारा ध्वजारोहण किया गया तदोपरांत परेड का निरीक्षण भी कारखाना प्रमुख द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी एवं अमर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनके बताए गए मार्गो पर चलने का संकल्प दिलाया गया एवं अमर शहीदों के सपनों को साकार करने की बात कही गई कार्यक्रम के दौरान एचआर हेड करुणा करण तिवारी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवं कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले सभी लोगों का आभार जताया।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज बलरामपुर में शनिवार को 'श्री कृष्ण जन्माष्टमी' का त्योहार बहुत धूम-धाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुत किया गया।

जानकारी के अनुसार 16 अगस्त, 2025 को शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर में 'श्री कृष्ण जन्माष्टमी' का त्योहार बहुत धूम-धाम से मनाया गया। श्री कृष्ण जनमाष्टमी त्योहार के अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी एवं उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय नें सर्वपथम भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव का कार्यक्रम सम्पन्न करते हुए उनकी आरती उतार कर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात् समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं ने भगवान श्री कृष्ण की आरती उतार कर पुष्प अर्पित किया। साथ ही विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने फल एवं मिठाई से भगवान श्री कृष्ण का भोग लगाया एवं फल एवं मिठाई का प्रसाद को अध्यापक अध्यापिकाओं तथा छात्र-छात्राओं में वितरित किया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने बच्चों को बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी, जिसे जन्माष्टमी वा गोकुलाष्टमी रूप में भी जाना जाता है, एक वार्षिक हिंदू त्योहार है जो विष्णुजी के दशावतारों में से आठवें और चैबीस अवतारों में से बाईसवें अवतार श्री कृष्ण के जन्म के आनन्दोत्सव के लिए मनाया जाता है।

भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का दिन बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। जन्माष्टमी पर्व भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। श्री कृष्ण देवकी और वासुदेव के 8वें पुत्र थे। मथुरा नगरी का राजा कंस था, जो कि बहुत क्रूर और अत्याचारी था। उसका अत्याचार दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा था। भाई कंस के अत्याचार को सहते हुए कारागार में बंद माता देवकी और वासुदेव के आठवीं संतान के रूप में भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। भगवान ने पृथ्वी को कंस के आतंक से मुक्त करवाने के लिए अवतार लिया था। इसी मान्यता के अनुसार हर साल भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाता है। विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम के अन्तर्गत समूह नृत्य, श्रीकृष्ण लीला, एकल नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सांस्कृतिम कार्यक्रम के अन्तर्गत समूह नृत्य पर कक्षा-नर्सरी से यू0के0जी0 के छात्र-छात्राओं में अरवी, माधुरी, मिष्ठी, अर्थव, प्रियम, रीत, कुंज, श्रेयांस, सौर्य, रिमिसा, अर्थव, अर्जुन, बेबी, रिया, अधिश्री, अभिश्री, अनन्या, स्तुति, हादिया, अयांस एवं अर्नव आदि नन्हे-मुन्ने बच्चे कृष्ण और राधा बन करके गोविन्द बोलो हरे गोपाल बोलो नामक गीत पर बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति दी। कक्षा-1 के छात्र-छात्राओं में समूह नृत्य गीत-अरे रे मेरी जान है राधा नामक गीत पर अनुभव, मानस, तेजस, शास्वतत, सर्वग्य, मोहनी, श्रद्धा, तुलसी, देवांसी, रितिका एवं यशिका ने बहुत ही सुन्दर समूह नृत्य प्रस्तुत किया। इसी क्रम में कक्षा-4 की छात्राओं द्वारा समूह नृत्य गीत-कान्हा बरसाने में आ जाइयो नामक गीत पर आशी, श्रृष्टि, आस्था, श्रेया, नितिका, आराध्या, यशवी व श्रद्धा तथा कक्षा-5 व 6 के छात्र-छात्राओं द्वारा श्रीकृष्ण लीला प्रस्तुत किया जिसमें मरियम, मेधावी, तान्या, रिया, आकृति, वरसान, तनय, जेवेश, मानविक, शशांक, काव्या, रत्ना, अनुष्का, श्रेया, आस्था, पलक, आलिया, प्राख्या एवं अविशी ने बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति दी। कक्षा-8 की छात्रा आराध्या पाण्डेय द्वारा एकल नृत्य गीत-कान्हा सो जा जरा नामक गीत पर बहुत ही मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।



ऑडिटोरियम में बहुत मनमोहक श्री कृष्ण एवं राधा की अद्भुत झाँकी सजायी गयी जिसमें श्री कृष्ण एवं राधा जी को झूले में झुलाया गया। तत्पश्चात् विद्यालय के पार्क में श्री कृष्ण लीला अन्तर्गत दही हांडी का भी एक सुन्दर सा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत हुआ जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। तत्पश्चात् श्री कृष्ण के रूप में मानस ने हांडी फोड़कर खुशियां मनायी। अंत में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाएँ उपस्थित होकर श्री कृष्ण जनामष्टमी को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

## 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर सेंट जेवियर्स स्कूल के बच्चों ने प्रस्तुत किया कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

जानकारी के अनुसार 15 अगस्त को सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा थीम पर रंगोली द्वारा विद्यालय को सुसज्जित किया गया विद्यालय प्राचार्य असीम रूमी जी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे कार्यक्रम में मंच संचालन की भूमिका विद्यालय अध्यापक अमन जयसवाल एवं आकांक्षा मिश्रा ने बखूबी निभाई कार्यक्रम के दौरान ध्वजारोहण के साथ-साथ मां भारती के सपूतों को नमन करते हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की गई । प्रातः काल 8ः00 बजे विद्यालय प्राचार्य असीम रूमी द्वारा ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ । इस दौरान प्राचार्य के साथ सभी समन्वयक उपस्थित रहे । राष्ट्रगान के उपरांत एनसीसी कैडेट सेंट जेवियर्स बंद हुआ।

बच्चों द्वारा परेड के माध्यम से मुख्य अतिथि असीम रूमी को सलामी दी गई। कार्यक्रम के अगले चरण में मां भारती के वीर सपूतों के चित्रों पर विद्यालय के प्राचार्य रूमी, समन्वयक राजेश जायसवाल, अफाक हुसैन, रेखा ठाकुर के साथ-साथ विद्यालय अध्यापकों ने पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। कार्यक्रम के दौरान ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत एक संपूर्ण नाटक का मंचन विद्यालय बच्चों ने किया, जिसमें लक्ष्य तो हर हाल में पाना है। कंधों से मिलते हैं कंधे, जलवा तेरा जलवा जलवा,सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा, यह देश है वीर जवानों आदि नृत्य व गायन प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। ऑपरेशन सिंदूर नाट्य व नृत्य नाटिका को बच्चों ने खूब सराहा। प्रस्तुति के दौरान कक्षा नर्सरी से 8 के नन्हे मुन्ने बच्चों ने भावभीनी प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। विद्यालय प्रबंध समिति के निदेशक सुयश कुमार एवं संयुक्त निदेशिका सुजाता आनंद ने सभी बच्चों, अभिभावकको विद्यालय परिवारों व क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ समन्वयक राजेश जायसवाल ने अपने भाषण में वीर सपूतों को नमन करते हुए राष्ट्रप्रेम के साथ-साथ चारित्रिक विकास पर अपने विचार बच्चों से साझा किया। ऑपरेशन सिंदूर÷के सफल मंचन पर उन्होंने बच्चों के प्रयासों की सराहना भी की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्राचार्य श्री आसिम रूमी जी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।



कार्यक्रम समन्वयक रीता साहा एवं दिव्या पांडे के दिशा निर्देशन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में लाईक अंसारी, मनमोहन ओझा, विजय सेनापति, हर्षित, गुरमीत, कंचन श्रीवास्तव, जया मिश्रा अमित कुमार, ईंदू नायर, सपना सिंह अंजलि, रजनी कौर, प्रभजीत कौर काकुल खान, अति बंका, अश्विनी यादव तानिया गुप्ता के साथ-साथ सभी कक्षा अध्यापकों व अन्य कर्मचारीयों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय द्वारा सभी को मिष्ठान भी वितरित किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति के तरानों की रही गूंज

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कृष्णांजलि में ध्वजारोहण किया। कमिश्नर संगीता सिंह ने कमिश्नरी परिसर में तिरंगा फहराने के पश्चात सभी अधिकारियों व कार्मिकों के साथ राष्ट्रगान किया। कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम संजीव रंजन ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कृष्णांजलि में ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी गई। उन्होंने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर स्थापित प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद एनसीसी के छात्रों द्वारा दिये गये मान प्रणाम ग्रहण किया। कस्तूरबा गांधी बालिक विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, देशभक्ति की भावना ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं वीर शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया। मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि यह दिन हमें ज्ञात-अज्ञात सभी बलिदानियों को नमन करने और देशहित में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। स्वतंत्रता हमें स्वयं निर्णय लेने की आजादी देती है, और इसके साथ ही हमारी जिम्मेदारियां भी बढ़ाती है। हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सबका कर्तव्य है। एमएलसी मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत के पराक्रम को दुनियां ने देखा और समझा।

आजादी का अमृत महोत्सव के जिला समन्वयक सुरेंद्र शर्मा, पंकज धीरज, कामेश गौतम, बसंत बंसल, मुकेश शर्मा, धर्मवीर सिंह ने हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान की थीम पर संविधान सभा के सदस्य एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोहन लाल गौतम का चित्र भेंट किया।

# इस फिल्म में स्टार्स ने लगा दी थी लिपलॉक की झड़ी




**बॉलीवुड** की तमाम फिल्मों में किसिंग और इंटीमेट सीन दिखाए गए हैं. बोल्ड फिल्मों को लेकर भले ही मेकर्स को आलोचना का सामना करना पड़ता है लेकिन इसके बाद ऐसी फिल्म सिनेमाघरों में आती रहती है. साल 2013 में एक फिल्म रिलीज हुई थी, जिसमें लीड स्टार्स के बीच इतने ज्यादा किसिंग और लिपलॉक सीन दिखाए गए थे कि रिकॉर्ड बन गया था. दोनों स्टार्स ने फिल्म में हद से ज्यादा इंटीमेट सीन दिए लेकिन मेकर्स का तब भी फायदा नहीं हुआ था. आइए जानते हैं कि ये फिल्म कौन सी थी.

**फिल्म 3जी: ए किलर कनेक्शन 2013 में हुई रिलीज**

फिल्म 3जीः ए किलर कनेक्शन ने साल 2013 में सिनेमाघरों में दस्तक दी थी. फिल्म 3जीः ए किलर कनेक्शन में नील नितिन मुकेश और सोनल चौहान लीड स्टार्स के तौर पर नजर आए थे.

**नील नितिन और सोनल ने तोड़ा किसिंग सीन का रिकॉर्ड**

फिल्म 3जीः ए किलर कनेक्शन में नील नितिन मुकेश और सोनल चौहान के बीच कई किसिंग सीन थे. यहां तक कि दोनों स्टार्स ने फिल्म मर्डर के किसिंग सीन का रिकॉर्ड तोड़ दिया था.

**फिल्म 3जी: ए किलर कनेक्शन में थे काफी किसिंग सीन**

फिल्म मर्डर में इमरान हाशमी और मल्लिका शेरावत के बीच कई किसिंग सीन होने से काफी चर्चा हुई थी. फिल्म 3जीः ए किलर कनेक्शन में नील नितिन मुकेश और सोनल चौहान ने 30 किसिंग सीन देकर उन दोनों स्टार्स को पीछे छोड़ दिया.

**फिल्म 3जी: ए किलर कनेक्शन नहीं आई पसंद**

नील नितिन मुकेश और सौनल चौहान की फिल्म 3जीः ए किलर कनेक्शन को लेकर मेकर्स को काफी उम्मीदें थीं. लेकिन फिल्म 3जीः ए किलर कनेक्शन के मेकर्स की उम्मीदों पर पानी फिर गया था.

**फिल्म 3जी: ए किलर कनेक्शन हुई फ्लॉप**

नील नितिन मुकेश और सौनल चौहान की फिल्म 3जीः ए किलर कनेक्शन बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी. इस फिल्म की इसलिए चर्चा होती है कि इसमें रिकॉर्ड तोड़ किसिंग सीन दिखाए गए हैं.

**फिल्म 3जी: ए किलर कनेक्शन के मेकर्स का प्लान फेल**

फिल्म 3जीः ए किलर कनेक्शन को लेकर मेकर्स का प्लान काम नहीं आया. फिल्म में हद से ज्यादा किसिंग सीन और इंटीमेसी लोगों को सिनेमाघरों तक खींचने में कामयाब नहीं हो पाई.

**फिल्म 3जी: ए किलर कनेक्शन का कलेक्शन**

नील नितिन मुकेश और सौनल चौहान स्टारर फिल्म 3जीः ए किलर कनेक्शन ने मेकर्स का पैसा डुबो दिया था. 13 करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड सिर्फ 7.45 करोड़ रुपये कमाए थे.


# वर्सटाइल एक्टर बनकर बड़े पर्दे पर छा गए सैफ अली खान



**32 साल** के एक्टिंग करियर में सैफ अली खान की जर्नी काफी अलग किस्म की रही है। वह रोमांटिक हीरो बनकर इंडस्ट्री में आए, फिर सपोर्टिंग रोल्स में दर्शकों का दिल जीतने की कोशिश की। सैफ अली खान पिछले कुछ वर्षों में नेगेटिव या विलेन के रोल में धाक जमा चुके हैं। इस तरह देखा जाए तो अब के करियर में वह हर जॉनर की फिल्मों में अभिनय के रंग दिखा चुके हैं। सैफ अली खान खुद ही अभिनय की दुनिया में सक्रिय नहीं हैं, उनके परिवार के कई सदस्य फिल्मी दुनिया से नाता रखते हैं।

रोमांटिक हीरो बनकर की शुरुआतः सैफ अली खान ने साल 1993 में फिल्म 'परंपरा' से बॉलीवुड में कदम रखा था। सैफ को बेस्ट मेल डेब्यू का फिल्मफेयर अवॉर्ड तक मिला। रोमांटिक हीरो के तौर पर वह 'आशिक आवारा' में भी दिखे।लेकिन इन किरदारों में वह दर्शकों पर गहरा असर नहीं छोड़ सके। आगे चलकर सपोर्टिंग रोल में दिखेः जब सैफ अली खान को रोमांटिक फिल्मों में सफलता नहीं मिली तो वह सेकेंड हीरो, सपोर्टिंग रोल करने लगे। अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी' में अभिनय करते नजर आए। इस फिल्म में बॉक्स ऑफि पर जमकर कमाई की और सैफ के करियर ग्राफ को भी नीचे जाने से बचा लिया। आगे भी वह 'कच्चे धागे', 'हम साथ साथ हैं', 'क्या कहना', 'दिल चाहता है' और 'कल हो ना हो' जैसी चर्चित फिल्मों में सपोर्टिंग एक्टर के रोल में ही नजर आए।

# अमिताभ बच्चन ने अभिषेक की तारीफ की



**अमिताभ** बच्चन ने अपने बेटे अभिषेक बच्चन की तारीफ की है और उनके लिए एक लंबा नोट लिखा है। अमिताभ ने अभिषेक की इसलिए तारीफ की है क्योंकि उन्होंने इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में फिल्म आई वांट टू टॉक के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब जीता है। ऐसे में अमिताभ ने अपने ब्लॉग पर अभिषेक की तारीफ की

**अमिताभ ने की अभिषेक की तारीफ**

अमिताभ बच्चन ने खुद को दुनिया का सबसे खुश पिता बताया। उन्होंने एक मैगजीन के कवर पेज पर अभिषेक बच्चन की तस्वीर भी शेयर की। अभिषेक की तस्वीर शेयर करते हुए अमिताभ ने लिखा मैं पूरे ब्रह्मांड में सबसे खुश पिता हूं। अभिषेक, आप परिवार का गौरव और सम्मान हैं।

**अभिषेक ने मेलबर्न में अवॉर्ड जीता**

अमिताभ बच्चन ने आगे लिखा आप उस झंडे को फहराते हैं जिसे दादाजी ने स्थापित किया था, और इसे बहादुरी और कड़ी मेहनत के साथ आगे बढ़ाया है। इसमें समय लगा, लेकिन आपने हार नहीं मानी। आपने अपनी योग्यता के आधार पर दुनिया को दिखाया है। आपको मेलबर्न में पहला कलाकार घोषित किया गया है। एक पिता के लिए इससे बड़ा कोई उपहार नहीं हो सकता।

**अमिताभ ने अभिषेक का हौसला बढ़ाया**

अमिताभ ने आगे कहा कुछ साल पहले मैं आपकी एक उत्कृष्ट फिल्म और आपके अभिनय को लेकर बेहद उत्साहित था। इस पर कुछ लोगों ने मेरा और मेरे दिखावे का मजाक उड़ाया था। लोग मुझ पर हंसे थे। उस तिरस्कार भरी हंसी को तालियों और प्रशंसा ने दबा दिया है। अमिताभ ने लिखा जीतना कई बंधनों और जंजीरों का अंतिम जवाब है..! जीत की कीमत बहुत अधिक है। अभिषेक, आपने यह साबित कर दिया है।

# इस खास शख्स के बिना अधूरी हैं टीना दत्ता



**हाल** ही में सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को लेकर फैसला सुनाया था, जिसके बाद से डॉग लवर्स की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। इसी कड़ी में टीवी अभिनेत्री टीना दत्ता ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो अपने पेट डॉग संग दिख रही हैं। साझा की गई तस्वीरों में एक्ट्रेस व्हाइट कलर की ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में एक्ट्रेस हाथ जोड़े हुए दिख रही हैं और जमीन पर उनका डॉग लेटा हुआ है। तस्वीरों को शेयर करते हुए अभिनेत्री ने डॉग के लिए कैप्शन दिया है। उन्होंने लिखा, 'तुम हो तो सब कुछ अच्छा है, तुम हो तो मेरी दुनिया हसीन है, तुम हो तो मैं हूं, तुम हो तो सब अच्छा लगता है।' इसके आगे उन्होंने कहा, 'तुम मेरी पूरी दुनिया हो, तुम बिना शर्त प्यार सिखाते हो, तुम कितने सुंदर हो, मैं तुमसे बहुत प्यार करती हूं।' टीना दत्ता इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनके 4.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं।



### 300 से ज्यादा लड़कियों को पछाड़

# निधि अग्रवाल बनीं टाइगर श्रॉफ की हीरोइन

**बॉलीवुड** और दक्षिण भारतीय सिनेमा की चमक-दमक भरी दुनिया में हर साल हजारों नए चेहरों की भरमार होती है, पर इनमें से सिर्फ कुछ ही लोग अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना पाते हैं। इन्हीं में से एक हैं अभिनेत्री निधि अग्रवाल, जिनका सफर एक छोटे शहर की लड़की से बड़े स्क्रीन की चमकदार हीरोइन बनने तक बेहद प्रेरणादायक है। उन्होंने 2017 में रिलीज हुई फिल्म मुन्ना माइकल के जरिए फिल्मी दुनिया में कदम रखा था, लेकिन इस डेब्यू के पीछे की कहानी जितनी फिल्मी लगती है, उतनी ही प्रेरणादायक भी है, क्योंकि निधि को इस रोल के लिए 300 से ज्यादा लड़कियों के बीच से चुना गया था। निधि का जन्म 17 अगस्त 1993 को हैदराबाद में हुआ, लेकिन उनका बचपन बेंगलुरु में गुजरा। हिंदी भाषी मारवाड़ी परिवार में पली-बढ़ी निधि ने बेंगलुरु के विद्याशिल्प अकादमी से अपनी पढ़ाई की शुरुआत की और बाद में क्राइस्ट यूनिवर्सिटी से बिजनेस मैनेजमेंट की डिग्री हासिल की। बचपन से ही उनकी रुचि डांस में थी। बैले से लेकर कथक और बेली डांस तक, निधि ने हर स्टेप को बड़ी मेहनत और लगन से सीखा। ये डांस का हुनर बाद में उनके अभिनय में जान डालता गया। फिल्मी दुनिया में कदम रखना आसान नहीं होता। निधि के लिए भी ऐसा था। लेकिन जब 2016 में निर्देशक सब्बीर खान और निर्माता विक्की राजानी ने फिल्म मुन्ना माइकल के लिए हीरोइन की तलाश शुरू की, तो देशभर से 300 से ज्यादा लड़कियों ने ऑडिशन दिया। हर लड़की में कुछ खास था, पर निधि की चमक अलग थी। उनकी आत्मविश्वास भरी आंखें, डांस की सहजता और अभिनय की क्षमता ने उन्हें सबमें सबसे अलग और खास बना दिया। कहा जाता है कि वह फिल्म के लिए टाइगर श्रॉफ की भी पसंद थीं। 2017 में वह मुन्ना माइकल में टाइगर श्रॉफ के साथ जोड़ी बनाती हुई नजर आई। यह फिल्म जब रिलीज हुई, तो निधि ने साबित कर दिया कि वह सिर्फ एक खूबसूरत चेहरा नहीं, बल्कि एक दमदार कलाकार भी हैं। फिल्म को मिले-जुले रिव्यू के बीच भी निधि की एक्टिंग और डांस ने लोगों का दिल जीत लिया। उनके इस बेहतरीन डेब्यू के लिए जी सिने अवॉर्ड में उन्हें बेस्ट फीमेल डेब्यूटेंट का अवॉर्ड भी मिला, जिसने उनके करियर की शुरुआत को और भी मजबूत बनाया।



# रियल लाइफ हीरो सोनू सूद ने वायरल वीडियो के बाद बिहार के दो भाइयों की पढ़ाई की ज़िम्मेदारी उठाई

**अभिनेता** और समाजसेवी सोनू सूद का दिल जीतने वाला काम कोई नई बात नहीं है, लेकिन इस बार उनकी एक भावुक पहल हर किसी के दिलों को छू रहा है। बिहार के दरभंगा से एक मार्मिक वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें दो छोटे भाई एक साइकिल पर दिखते हैं बड़ा भाई साइकिल चला रहा है और छोटा भाई पीछे बैठा गर्व से तिरंगा थामे हुए है। पिता के निधन के बाद भी बड़ा भाई हिम्मत से पैडल मारता दिखता है। यह वीडियो सोनू सूद को अंदर तक छू गया। उन्होंने तुरंत आगे आकर इन दोनों बच्चों की शिक्षा की पूरी ज़िम्मेदारी लेने की घोषणा की। अपने वादे को साझा करते हुए सोनू सूद ने कहा-सोमवार से दोनों भाई स्कूल जाएंगे। मैं नंबर भेज रहा हूं। अपना स्कूल बैग पैक कर लीजिए। जब इन बच्चों की कहानी पूछी गई, तो बड़े भाई ने बताया कि पिता के गुजर जाने के बाद उनकी मां मुंबई में घरेलू काम करती हैं और बड़ी बहन घर संभालती है। परिवार चलाने के लिए उसे खुद स्कूल छोड़कर टोपी बनाने की फैक्ट्री में काम करना पड़ा। लेकिन उसने ठान लिया है कि चाहे जितनी भी मुश्किलें आएं, अपने छोटे भाई की पढ़ाई नहीं रुकने देगा। सोनू सूद की यह रियल लाइफ हीरो वाली छवि उन्हें देश के सबसे प्रिय लोगों में से एक बना चुकी है। महामारी के समय से ही वे ज़रूरतमंदों के साथ खड़े रहे हैं- चाहे वह प्रवासी मज़दूरों की मदद हो या गरीब बच्चों की शिक्षा। उनकी यह नई पहल एक बार फिर साबित करती है कि वे न सिर्फ़ पर्दे पर बल्कि असल ज़िंदगी में भी एक सच्चे हीरो हैं -एक ऐसा इंसान जिसकी करुणा उसके अभिनय से कहीं ज़्यादा प्रभावशाली है।

# मधुर भंडारकर ने शुरू की 'द वाइफ्स' की शूटिंग ओरी संग नजर आई मौनी रॉय





डायरेक्टर मधुर भंडारकार ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'द वाइफ्स' की घोषणा पिछले दिनों की। यह फिल्म बॉलीवुड स्टार वाइफ्स के ऊपर बन रही है। एक चर्चित एक्ट्रेस फिल्म में लीड रोल निभा रही हैं। वहीं इंफ्लुएंसर ओरी भी एक अहम किरदार इस फिल्म में कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें ओरी ने इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। साथ में वह चर्चित एक्ट्रेस भी नजर आ रही हैं।

**मधुर भंडारकर संग बातचीत करता दिखा ओरी**

सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल है, उसमें डायरेक्टर मधुर ओरी और लीड एक्ट्रेस के साथ नजर आए। इंफ्लुएंसर ओरी भी अपने किरदार में नजर आ रहा है। वह ट्रेडिशनल ड्रेस पहने सेट पर मौजूद दिखा। डायरेक्टर और इन एक्टर्स के बीच किसी बात को लेकर डिस्कशन हो रहा था।

**मौनी रॉय बॉलीवुड स्टार वाइफ के रोल में नजर आएंगी**

सेट पर मौनी रॉय भी दिखीं। वह लाल साड़ी पहने नजर आई। फिल्म में वह एक बॉलीवुड स्टार वाइफ के रोल में नजर आएंगी। मौनी इस फिल्म में लीड रोल में होंगी। पिछले दिनों मौनी के साथ फोटो साझा करते हुए मधुर भंडारकर ने यह जानकारी साझा की थी। मधुर भंडारकर 'फैशन', 'चांदनी बार', 'हीरोइन' और 'पेज 3' जैसी फिल्मों में अलग-अलग इंडस्ट्री की चमक के पीछे की दुनिया को दिखा चुके हैं। अब वो बॉलीवुड स्टार वाइफ्स की चमकदार दुनिया को बड़े पर्दे पर दर्शकों को दिखाएंगे। बॉलीवुड के कई राज भी वह इस फिल्म के जरिए खोल सकते हैं।

# प्रतीक गांधी ने बताया फिल्म इंडस्ट्री का असली सच



**अभिनेता** प्रतीक गांधी अपनी नई वेब सीरीज सारे जहां से अच्छा में एक एजेंट का किरदार निभाते नजर आएंगे। हाल ही में अमर उजाला डिजिटल से खास बातचीत में उन्होंने इस सीरीज की तैयारी? अपने किरदार की गहराई और स्कैम 1992 की सफलता के बाद अपनी फिल्मों को मिले मिक्स रिस्पॉन्स के बारे में अनुभव साझा किए। साथ ही, थिएटर की मौजूदा चुनौतियों और अपने अगले प्रोजेक्ट का जिक्र भी किया। वह महात्मा गांधी का रोल निभाने वाले हैं। सीरीज की शूटिंग शुरू करने से पहले मैंने नेटफ्लिक्स पर एक फिल्म देखी थी, जो जासूसों की जिंदगी को बहुत ही नए और दिलचस्प तरीके से दिखाती है। यह अनुभव मेरे लिए बहुत नया था और इससे मुझे विष्णु के किरदार को समझने में मदद मिली। मैंने स्क्रिप्ट को बहुत ध्यान से पढ़ा क्योंकि इसमें बहुत कुछ था जो जानना और महसूस करना जरूरी था। रीडिंग मटीरियल स्क्रिप्ट से कहीं ज्यादा था। चूंकि यह एक लंबी सीरीज थी, इसलिए किरदार की पूरी कहानी को समझना था। आधा पढ़कर मैं फैसला नहीं कर पाया क्योंकि पढ़ने में इतना मजा आ रहा था कि रुकना मुश्किल था। इसे पढ़ते-पढ़ते मुझे यकीन हो गया कि यह शो बहुत अच्छा बनेगा।

# तेहरान में काम करने के लिए तुरंत हां कहा था

अभिनेत्री मधुरिमा तुली अपनी फिल्म तेहरान को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में उन्होंने जॉन अब्राहम के विपरीत जासूस काजल सिंघानिया का रोल निभाया है। फिल्म में अपने रोल के बारे में मधुरिमा ने कहा कि पिछली फिल्मों के मुकाबले इस फिल्म में उनका रोल एकदम अलग और नया है। बातचीत में मधुरिमा तुली ने कहा मेरे पिछले किरदारों के मुकाबले तेहरान में मेरा रोल सबसे अलग और नया है। मैंन पहले काल्पनिक रोल जैसे राजकुमारी, पुलिस और योद्धा का किरदार निभाया था लेकिन इस फिल्म में असली रोल निभाया है। यह रोल किसी से प्रेरित नहीं है। इस रोल से मैंने जुड़ाव महसूस किया है।



मधुरिमा ने बताया कि वह इस फिल्म में काम करने के लिए बहुत जल्दी तैयार हो गई थीं। उन्होंने कहा तेहरान का पूरा सेट बहुत अच्छा था, चाहे वह मेरे साथी कलाकार हों, प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स हो या फिर कहानी हो। यह सच्ची घटना पर आधारित है। सब कुछ बहुत अच्छा था। इसलिए इस फिल्म को ना कहने के लिए मेरे पास कोई कारण नहीं था। जब मैंने सुना कि यह रोल जॉन के विपरीत है तो मैंने तुरंत इसके लिए हां कह दिया। मधुरिमा को लगता है कि तेहरान ने उन्हें एक जमीनी और भावनात्मक स्तर पर रोल निभाने का मौका दिया है। फिल्म में उन्होंने महिलाओं की ताकत को दर्शाया जो अपने प्रियजनों का सपोर्ट करती है।

साभार एजेंसी